
किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश, दिल्ली एनसीआर, हरियाणा, पंजाब बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 19 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) बुधवार 29 अक्टूबर 2025 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया


## सराफा बाजार में गिरावट जारी

*सोना 1.18 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम के करीब, चांदी 1,41,896 रुपए प्रति किलो*



सोने में गिरावट का दौर जारी है और कीमत अब 1.18 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम के करीब पहुंच गई है। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत 3,034 रुपए घटकर 1,18,043 रुपए हो गई है। इससे पहले सोने की कीमत 1,21,077 रुपए प्रति 10 ग्राम थी।

22 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत कम होकर 1,08,127 रुपए हो गई है, जो कि इससे पहले 1,10,907 रुपए प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई थी। वहीं, 18 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम कम होकर 88,532 रुपए हो गया है, जो कि पहले 90,809 रुपए प्रति 10 ग्राम था।

सोने के साथ चांदी की कीमतों में भी गिरावट देखी गई है।चांदी की कीमत 3,135 रुपए घटकर 1,41,896 रुपए प्रति किलो हो गई है, जो कि पहले 1,45,031 रुपए प्रति किलो थी। आईबीजेए की ओर से दिन में दो बार- दोपहर 12 बजे और शाम 5 बजे- कीमतें जारी की जाती हैं।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर भी सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट हुई है। सोने का 5 दिसंबर 2025 के कॉन्ट्रैक्ट का दाम 1.87 प्रतिशत कम होकर 1,18,700 रुपए हो गया है। चांदी का 5 दिसंबर 2025 के कॉन्ट्रैक्ट का दाम 0.74 प्रतिशत कम होकर 1,42,301 रुपए थी।

एलकेपी सिक्योरिटीज के जतिन त्रिवेदी ने कहा कि अमेरिका और चीन के बीच ट्रेड डील पर बातचीत फिर से शुरू होने के कारण सोने को लेकर सेंटीमेंट फिर से नकारात्मक हो गया है। निवेशकों का अब फोकस फेड के ब्याज दरों पर निर्णय को लेकर है।

उन्होंने आगे कहा कि सोना पर दबाव बना हुआ है और इसका सपोर्ट 1,16,500 रुपए से लेकर 1,18,000 रुपए के बीच और रुकावट का स्तर 1,21,000 रुपए से लेकर 1,22,000 रुपए के बीच में है। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई है। खबर लिखे जाने तक कॉमेक्स पर सोने का दाम 1.98 प्रतिशत कम होकर 3,939 डॉलर प्रति औंस और चांदी का दाम 0.52 प्रतिशत की गिरावट के साथ 46.53 डॉलर प्रति औंस पर था।

# देशभर में छठ पूजा की धूम, उगते सूर्य को दिया गया अर्घ्य



सूर्योपासना के महापर्व छठ का आज मंगलवार को समापन हो गया। बिहार और झारखंड समेत समूचे देश में छठ पूजा उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस दौरान उपासकों के लिए घाटों पर विशेष इंतजाम किए गए। उगते सूर्य को ह्यउषा अर्घ्यह्ल अर्पित करने के लिए तड़के से ही श्रद्धालु घाटों पर नजर आए।

### आईटीओ यमुना बैराज पर श्रद्धालुओं ने उगते सूर्य को दिया अर्घ्य

आईटीओ यमुना बैराज पर जगमगा रहे हाथी घाट पर श्रद्धालुओं ने उगते सूर्य को अर्घ्य दिया। छठ पूजा के अंतिम दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए श्रद्धालु शास्त्री घाट पर उमड़ पड़े। घाटों पर उषा अर्घ्य देने के साथ चार दिवसीय छठ पूजा का समापन हो गया।

### बिहार की राजधानी पटना में उषा अर्घ्य के लिए लोग कलेक्ट्रेट घाट पर उमड़ पड़े

बिहार की राजधानी पटना में उषा अर्घ्य के लिए लोग कलेक्ट्रेट घाट पर उमड़ पड़े। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में राप्ती नदी पर स्थित गुरु गोरखनाथ घाट पर भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु उगते सूर्य को अर्घ्य देने पहुंचे।

### वाराणसी के घाटों पर भी रही भीड़

वहीं वाराणसी के घाटों पर भी जबरदस्त भीड़ रही। ज्ञात हो, सूर्य देव की उपासना को समर्पित चार दिवसीय छठ महापर्व शनिवार को नहाय-खाय के पवित्र अनुष्ठान के साथ शुरू हुआ था।

## नबीनगर में पुनपुन छठ घाट पर महाआरती का भव्य आयोजन

समाज जागरण संवाददाता - अनील कुमार, नबीनगर (औरंगाबाद) नबीनगर। छठ महापर्व के पावन अवसर पर नगर पंचायत क्षेत्र स्थित पंचदेव धाम पुनपुन छठ घाट पर मंगलवार को महाआरती का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धा और भक्ति का अभूतपूर्व संगम देखने को मिला। घाट परिसर में दीपों की लौ और भजन-संगीत की मधुर ध्वनि से पूरा वातावरण धार्मिक आस्था से ओत-प्रोत हो उठा।



महाआरती का शुभारंभ शिवहर सांसद लवली आनंद, पूर्व सांसद आनंद मोहन सिंह, विधायक विजय कुमार सिंह, एवं नगर अध्यक्षा प्रियंका सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान सभी जनप्रतिनिधियों ने छठ व्रतियों और उपस्थित श्रद्धालुओं को पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

## फाइटर जेट राफेल' में उड़ान भरेंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमान में उड़ान भरेंगी। राष्ट्रपति 29 अक्टूबर यानी बुधवार को हरियाणा में स्थित अंबाला वायुसेना स्टेशन का दौरा करेंगी, जहां वह वायुसेना के अत्याधुनिक लड़ाकू विमान 'राफेल' में एक सॉर्टी (उड़ान) भरेंगी। यह अवसर भारतीय वायुसेना के लिए गौरव का क्षण होगा।

बता दें कि देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर आसीन राष्ट्रपति भारत की तीनों सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर भी हैं। राष्ट्रपति सचिवालय ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि इससे पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू




ने 8 अप्रैल 2023 को असम के तेजपुर वायुसेना स्टेशन पर सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान में उड़ान भरी थी। उस समय उन्होंने भारतीय वायुसेना के पायलटों के साथ अनुभव साझा करते हुए वायुसेना की दक्षता, अनुशासन और समर्पण की सराहना की थी।

भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमान में राष्ट्रपति की उड़ान का यह अनुभव भारतीय वायुसेना की आधुनिकता, क्षमता और आत्मनिर्भर भारत के रक्षा प्रयासों का प्रतीक माना जा रहा है। अंबाला वायुसेना स्टेशन, राफेल स्क्वाड्रन की तैनाती का प्रमुख केंद्र है और इसे भारत की हवाई सुरक्षा का महत्वपूर्ण आधार माना जाता है।

## देव दीपावली: काशी के घाटों पर दिखेगी अद्भुत छटा, नृत्य और लोक कलाओं की सुनाई देगी गूंज

देव दीपावली से पहले काशी के घाटों पर संगीत, नृत्य व लोक कलाओं की संगीतमय सरिता बहेगी। मां जान्हवी के पावन तट पर इस वर्ष गंगा महोत्सव का आयोजन 1 से 4 नवंबर तक किया जाएगा। उत्तर प्रदेश सरकार के प्रयास से राजघाट पर देशभर के नामचीन कलाकार अपनी प्रस्तुति देकर काशी की इस सांस्कृतिक परंपरा को और भव्य बनाएंगे, जिनमें शास्त्रीय, भक्ति तथा लोक संगीत का अद्भुत संगम दिखाई देगा।



# सप्ताह के दूसरे कारोबारी दिन शेयर बाजार में मामूली गिरावट, बैंकिंग और मेटल शेयरों में दिखी मजबूती

**समाज जागरण**

भारतीय शेयर बाजार मंगलवार के कारोबारी सत्र में हल्की गिरावट के साथ बंद हुआ। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 150.68 अंक या 0.18 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 84,628.16 और निफ्टी 29.85 अंक या 0.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,936.20 पर था।

बाजार में हल्की गिरावट रही, लेकिन बैंकिंग और मेटल शेयरों में मजबूती खरीदारी देखने को मिली। निफ्टी पीएसयू बैंक 1.21 प्रतिशत और निफ्टी बैंक 0.17 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। इसके साथ निफ्टी मेटल 1.23 प्रतिशत, निफ्टी इन्फ्रा 0.15 प्रतिशत और निफ्टी कमोडिटीज 0.14 प्रतिशत की तेजी के साथ हरे निशान में बंद हुआ।

हालांकि, निफ्टी ऑटो 0.42 प्रतिशत, निफ्टी आईटी 0.74 प्रतिशत, निफ्टी फार्मा 0.27 प्रतिशत, निफ्टी एफएमसीजी 0.57 प्रतिशत, निफ्टी रियल्टी 1.05 प्रतिशत और निफ्टी



एनर्जी 0.34 प्रतिशत की गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुआ।

निफ्टी मिडकैप और निफ्टी स्मॉलकैप में भी मिलाजुला कारोबार हुआ। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 14 अंक की मामूली गिरावट के साथ 59,765.35 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 4 अंक की मामूली तेजी के साथ 18,407.60 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स पैक में टाटा स्टील, एलएंडटी, एसबीआई, कोटक महिंद्रा बैंक, भारती एयरटेल, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल, इटरनल (जोमैटो) और एचडीएफसी बैंक टॉप गेनर्स थे। ट्रेंट, आईसीआईसीआई बैंक, टेक महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, एमएंडएम, पावर ग्रिड, टीसीएस, बजाज फाइनेंस, एनटीपीसी, एचसीएल टेक, एक्सिस बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट टॉप लूजर्स थे।

## देहरादून में बेंगलुरु जा रहे विमान की इमरजेंसी लैंडिंग

*1 घंटे तक अटकी रहीं 170 यात्रियों की सांसें*

देहरादून. उत्तराखंड के देहरादून से बड़ी खबर सामने आ रही है.



यहां देहरादून-बेंगलुरु फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी है. कहा जा रहा है कि विमान में करीब 170 यात्री सवार थे. देहरादून से उड़ान भरने के बाद विमान ने तकनीकी दिक्कतों का सामना किया. 53 मिनट तक हवा में चक्कर काटने के बाद वापस शाम 6.59 पर देहरादून एयरपोर्ट पर ही उसकी लैंडिंग कराई गई. इस दौरान देहरादून आ रही दो फ्लाइट डायवर्ट करनी पड़ी. खबर अपडटे की जा रही है.

## गया पानी में ट्रंप का सीजफायर, नेतन्याहू ने कर दिया 'तगड़े अटैक' का ऐलान

यरूशलेमः ट्रंप का गाजा पीस प्लान आखिर फेल हो ही गया. इजरायल की तरफ से नेतन्याहू ने बड़ा ऐलान कर दिया है. अब गाजा पर फिर से मौत बरसने वाली है. नेतन्याहू ने ऑर्डर दे दिया है कि गाजा पर 'तगड़ा अटैक' किया जाए. उन्होंने ये कदम हमास के बार-बार हमलों



से तंग आकर उठाया है. ट्रंप ने दुनिया भर के सामने ढिंढोरा पीटकर इजरायल और हमास के बीच 10 प्वाइंट्स की डील करवाई थी. जिसके तहत कैदियों की अदला-बदली की गई. कई खूंखार आतंकी छूटे लेकिन ट्रंप का पूरा प्लान भरभरा कर तब गिर गया जब हमास ने सीजफायर के बाद पहली बार इजराली सैनिकों पर अटैक किया.

## बिहार से बंगाल तक सरकारी कर्मचारियों को लुभाने की चाल, सैलरी बढ़ेगी तो वोट समीकरण बदलेगा!

नई दिल्लीः नरेंद्र मोदी सरकार ने 8वें वेतन आयोग की टर्म ऑफ रेफरेंस यानी टीओआर को मंजूरी दे दी है. सेंट्रल गवर्नमेंट के 50 लाख कर्मचारियों और 69 लाख पेंशनर्स को इस फैसले से बड़ा फायदा मिलने वाला है. सैलरी बढ़ेगी, अलाउंसेज बढ़ेंगे और रिटायर लोगों की पेंशन भी मजबूत होगी. यह सब 1 जनवरी 2026 से लागू होने की उम्मीद है. मगर चर्चा इस बात की ज्यादा हो रही है कि यह फैसला लिया कब गया है. बिहार में 6 नवंबर से चुनाव शुरू होंगे. उसके बाद 2025 में वेस्ट बंगाल, तमिलनाडु, असम और केरल में भी वोटिंग होनी है. इन राज्यों में शानदार साइज का गवर्नमेंट वर्कफोर्स है. इनका वोट बैंक ही इस फैसले की



सबसे बड़ी कुंजी है. यही वजह है कि विपक्ष इसे साफ-साफ चुनावी दांव बता रहा है.

8वें वेतन आयोग के नाम पर सरकार ने चुनावी मोर्चे पर बड़ा तीर चलाया है. फायदा कर्मचारियों को मिलेगा, पर असर वोटिंग मशीन पर दिखेगा. बिहार से लेकर बंगाल और तमिलनाडु तक सरकारी बाबुओं की खुशियों में बढ़ोतरी का सीधा जोड़ वोट बटोरने की रणनीति से लगाया जा रहा है.

# देश में डिजिटल जनगणना का 'प्री टेस्ट, यूपी के तीन क्षेत्रों में 10 से 30 नवंबर तक होगा आयोजित

भारत की पहली पूर्णतः डिजिटल जनगणना की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए उत्तर प्रदेश को देश की सबसे बड़ी फील्ड प्रयोगशाला बनाया गया है। राज्य के तीन क्षेत्रों, क्रमशः अनूपशहर (बुलंदशहर), मिहीपुरवा (बहराइच), और प्रयागराज नगर निगम के सात वार्डों में जनगणना 2027 का 'प्री टेस्ट' 10 से 30 नवंबर तक आयोजित होगा। यह ट्रायल भारत की अब तक की सबसे व्यापक डेटा संग्रह प्रक्रिया की तकनीक और प्रायोगिक तैयारी का हिस्सा होगा।

मुख्य सचिव एसपी गोयल की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित राज्य स्तरीय जनगणना समन्वय समिति की पहली बैठक में इस अभियान की रूपरेखा और डिजिटलीकरण की कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा हुई। मुख्य सचिव ने सभी विभागों को जनगणना कार्य में समन्वित सहयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनगणना देश की जनसांख्यिकी एवं विकास योजनाओं की रीढ़ है, इसलिए इसकी



सटीकता, पारदर्शिता और समयबद्धता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

बैठक में जनगणना निदेशक शीतल वर्मा ने जनगणना 2027 की प्रक्रिया, समय-सीमा और डिजिटल संचालन प्रणाली पर प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया कि इस बार की जनगणना पूर्णतः डिजिटल होगी, जिसमें सभी डेटा संग्रह, प्रविष्टि, सत्यापन और मॉनिटरिंग ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से किए जाएंगे। राज्य में लगभग छह लाख कार्मिकों को इस कार्य में लगाया जाएगा।

प्रावधानों के अनुसार, 1 जनवरी 2026 से 31 मार्च 2027 तक राज्य में नए जनपद, तहसील, नगर निकाय या ग्राम पंचायतों के गठन पर रोक रहेगी। इसके अलावा, पहली बार आम नागरिकों के लिए 'स्व-गणना' की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे लोग स्वयं अपने डेटा को ऑनलाइन माध्यम से दर्ज कर सकेंगे। राज्य में स्टेट नोडल ऑफिस की स्थापना की जाएगी, जो डेटा समन्वय, मॉनिटरिंग और प्रगति रिपोर्टिंग का कार्य करेगा।

बैठक में अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित कुमार घोष, सचिव नगर विकास अनुज कुमार झा, विशेष सचिव सामान्य प्रशासन जुहैर बिन सगीर समेत विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

डिजिटल जनगणना के तहत हर नागरिक का डेटा सुरक्षित, केंद्रीकृत और तुरंत उपलब्ध रहेगा। नीतियों और योजनाओं के निर्माण में वास्तविक समय के आंकड़ों का उपयोग संभव होगा। भारत को वैश्विक डेटा-गवर्नेंस मॉडल की दिशा में अग्रसर करेगा।

# आसमान में नई ऊंचाइयां छू रहा उत्तर प्रदेश, हवाई यात्री और कार्गो ट्रैफिक में रिकॉर्ड वृद्धि

लखनऊ, 28 अक्टूबर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश अब न केवल सड़क पर, बल्कि आसमान में भी विकास की उड़ान भर रहा है। राज्य की हवाई कनेक्टिविटी और यात्री संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है, जिससे प्रदेश अब भारत की हवाई ग्रोथ स्टोरी में एक अहम किरदार बन गया है। अप्रैल से अगस्त 2025 की अवधि में उत्तर प्रदेश के हवाई अड्डों पर यात्रियों की संख्या पिछले वर्ष की तुलना में 14.6% बढ़कर 60.02 लाख हो गई है। वहीं इस अवधि में भारत के कुल हवाई यातायात में राज्य की हिस्सेदारी 3.52% तक पहुंच गई, जो 2024 की तुलना में 34 बेसिस पॉइंट्स अधिक है। इससे साफ है कि अब देश के हर 30 में से एक हवाई यात्री उत्तर प्रदेश से यात्रा कर रहा है। राज्य में हवाई यात्रियों की बढ़ती संख्या केवल आंकड़ों की बात नहीं, बल्कि उस दूरदर्शी सोच का परिणाम है जो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने 'कनेक्टेड यूपी, समृद्ध यूपी' विजन के तहत पेश की थी। उनका लक्ष्य रहा है कि हर क्षेत्र, हर जिला आधुनिक परिवहन से जुड़े ताकि पर्यटन, व्यापार और रोजगार में नई गति आए। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के शुभारंभ के साथ इस रफ्तार में और भी वृद्धि होगी और सिर्फ यूपी ही नहीं बल्कि पड़ोसी राज्यों को भी कनेक्टिविटी के नए अवसर प्राप्त होंगे।

### 2017 से 2025 तक यूपी की हवाई यात्रा का सफर

साल 2016-17 में जहां उत्तर प्रदेश के हवाई अड्डों से 59.97 लाख यात्री यात्रा करते थे, वहीं FY2024-25 में यह संख्या बढ़कर 142.28 लाख तक पहुंच गई। इनमें 129.29 लाख घरेलू और 12.99 लाख अंतरराष्ट्रीय यात्री शामिल रहे। इस दौरान राज्य का कंपाउंड एनुअल ग्रोथ रेट 10.1% रहा, जो एविएशन सेक्टर में तेजी से बढ़ती मांग को दशार्ता है। कोविड-19 महामारी के दौरान FY2020-21 में यात्री संख्या 48.35 लाख तक गिर गई थी, लेकिन यूपी ने सबसे तेज रिकवरी दिखाई। महज दो वर्षों में यात्रियों की संख्या दोगुनी हो गई, जो राज्य की मजबूत हवाई नीति और बेहतर प्रबंधन का प्रमाण है। 2023-24 की तुलना में 2024-25 में हवाई यात्रियों की संख्या में 25.9 प्रतिशत का ग्रोथ दर्ज किया गया है, जबकि 2023-24 और 2024-25 में अप्रैल-अगस्त माह के बीच कंपैरिजन करें तो यह ग्रोथ 14.6% रही। इस दौरान डॉमेस्टिक एयर पैसेंजर्स में 15.7% और इंटरनेशनल पैसेंजर्स की संख्या में 4.3% ग्रोथ दर्ज की गई।

### अयोध्या, प्रयागराज और वाराणसी बने स्टार परफॉर्मर

राज्य के कई शहरों ने इस ग्रोथ में अहम योगदान दिया है। 2023-24 से 2024-25 के बीच वाराणसी में 34.4%, प्रयागराज में 76.4%, गोरखपुर में 27.6% और कानपुर में 13.3% की वृद्धि दर्ज की गई। यह दशार्ता है कि धार्मिक पर्यटन और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी ने यात्री संख्या को तेजी से बढ़ाया है। खासतौर पर अयोध्या एयरपोर्ट, जिसे मुख्यमंत्री ने महर्षि वाल्मीकि के नाम पर समर्पित किया था, अब उत्तर भारत के सबसे तेजी से बढ़ते टर्मिनल्स में शामिल है।

# हाईकोर्ट ने पलटा कर्नाटक सरकार का संघ के कार्यक्रमों पर प्रतिबंध वाला फैसला।

**अजय कुमार, वरिष्ठ पत्रकार**

कर्नाटक सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के कार्यक्रमों पर रोक लगाने का फैसला उलटा पड़ गया है। कर्नाटक हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को फटकार लगाते हुए उसका आदेश पलट दिया है। यह फैसला कर्नाटक की राजनीति और शासन की दिशा पर बड़ा संकेत देता है। बता दें, आरएसएस के कार्यक्रमों पर रोक लगाने के कर्नाटक सरकार के आदेश को हाईकोर्ट ने आज न सिर्फ खारिज किया बल्कि यह भी स्पष्ट किया कि राज्य सरकार के पास ऐसा करने का कोई संवैधानिक अधिकार नहीं है। जस्टिस एम. नागाप्रसन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने




कहा कि सरकार और पुलिस प्रशासन यह बताने में विफल रहे कि उन्हें यह अधिकार किस प्रावधान से मिला कि वे किसी संगठन को सार्वजनिक रूप से कार्यक्रम आयोजित करने से रोक दें। अदालत ने फिलहाल एक अंतरिम आदेश जारी कर इस रोक पर स्टे लगाया है और राज्य सरकार को नोटिस भेजकर जवाब मांगा है।

मामला तब शुरू हुआ जब 18 अक्टूबर को कांग्रेस शासित कर्नाटक सरकार ने एक अधिसूचना जारी कर कहा था कि बिना इजाजत 10 से ज्यादा लोगों का किसी भी सार्वजनिक स्थल पर एकत्र होना अपराध माना जाएगा। साथ ही निर्देश दिया गया था कि सड़कों, पार्कों और खेल के मैदानों में यदि लोगों का समूह बिना अनुमति के इकट्ठा होता है तो पुलिस को कार्रवाई करनी चाहिए। इस आदेश के बाद राज्य के कई जिलों में आरएसएस की शाखा और सामाजिक गतिविधियों पर रोक लगाने की कोशिशें की गई थीं। प्रशासन ने तर्क दिया था कि इन कार्यक्रमों से कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ सकती है और संभावित विवादों को रोकने के लिए यह कदम जरूरी था। आरएसएस और उससे जुड़े कार्यकताओं ने इस आदेश को पूर्णतः भेदभावपूर्ण बताते हुए इसे अदालत में चुनौती दी। उनका कहना था कि यह कदम केवल एक विचारधारा को दबाने की मंशा से उठाया गया है। आरएसएस की दलील थी कि वे पिछले सात दशक से सामाजिक, शैक्षणिक और राष्ट्रीय एकता के कार्यक्रम आयोजित करते आए हैं और इनमें किसी तरह की हिंसा या अव्यवस्था का कोई उदाहरण नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि यह आदेश संविधान प्रदत्त सभा और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के विरुद्ध है।

हाईकोर्ट ने अपनी सुनवाई के दौरान सरकार से यह स्पष्ट करने को कहा कि किस आधार पर किसी संगठन की गतिविधियों पर इस प्रकार की पूर्ण रोक लगाई जा सकती है। अदालत ने टिप्पणी की कि ऐसा आदेश मनमाने तरीके से नागरिक अधिकारों पर आघात करता है और प्रशासन को यह नहीं भूलना चाहिए कि लोकतंत्र में सरकार भी संविधान के अधीन है। अदालत ने कहा कि यदि किसी सभा से शांति व्यवस्था का विशिष्ट खतरा हो तो पुलिस कानून के अनुसार उसे प्रतिबंधित कर सकती है, लेकिन किसी समूह को स्थायी रूप से गतिविधियां रोकने का निर्देश देना असंवैधानिक है। सरकार की ओर से महाधिवक्ता ने तर्क दिया कि यह निर्णय कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए था, क्योंकि कुछ इलाकों में सांप्रदायिक तनाव की घटनाएँ हुई थीं। मगर अदालत ने माना कि सामान्य स्थिति में सभी संगठनों को समान अधिकार प्राप्त हैं और केवल आशंका के आधार पर इस तरह की नीति लागू नहीं की जा सकती। जस्टिस नागाप्रसन्ना ने आदेश देते हुए कहा कि ऐसी रोक निरंकुश शासन की दिशा में पहला कदम बन सकती है। इसलिए जब तक सरकार कोई ठोस संवैधानिक या कानूनी औचित्य नहीं बताती, आदेश अमान्य माना जाएगा।

राज्य की कांग्रेस सरकार पर विपक्ष ने भी निशाना साधा है। भारतीय जनता पार्टी और अन्य संगठन इसे ह्यविचारधारा पर प्रतिबंध लगाने की कोशिशह्न बता रहे हैं। भाजपा नेताओं ने कहा है कि कांग्रेस सरकार अपने राजनीतिक एजेंडे के तहत संघ जैसी राष्ट्रवादी संस्थाओं को निशाना बना रही है, जिन्हें देश के सांस्कृतिक और सामाजिक ढांचे की नींव कहा जाता है। वहीं सामाजिक संगठनों ने भी सरकार से पूछा है कि क्या वह भविष्य में अन्य समुदाय आधारित कार्यक्रमों या धार्मिक सभाओं पर भी इसी तरह की पाबंदी लगाएगी। इस पूरे घटनाक्रम से यह संदेश गया है कि राज्य में विधि के शासन और राजनीतिक मंशा के बीच टकराव की स्थिति बनती जा रही है। आरएसएस के कार्यक्रमों पर रोक लगाने का फैसला केवल प्रशासनिक नहीं बल्कि वैचारिक प्रकृति लिए हुए था, जिसे अदालत ने तुरंत पहचान लिया। अदालत की अंतरिम राहत ने शासन को यह याद दिलाया कि लोकतंत्र में कोई भी सरकार नागरिकों की मूल स्वतंत्रताओं को सीमित नहीं कर सकती।

बहरहाल, यह मामला अब व्यापक राजनीतिक विमर्श का विषय बन गया है। जहां एक तरफ सरकार अपनी सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक अधिकारों की बात करती है, वहीं दूसरी तरफ नागरिक संस्थाएं और विपक्ष इसे लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों के खिलाफ बताते हैं। हाईकोर्ट की सख्त टिप्पणी ने इस बहस को और तेज कर दिया है। अब देखना यह होगा कि राज्य सरकार इस मामले में क्या जवाब दाखिल करती है और क्या उसका आदेश अदालत की अगली सुनवाई में ठहर पाता है या नहीं। लेकिन आज के आदेश ने साफ कर दिया है कि बिना संवैधानिक अधिकार के इस तरह की रोक लगाना सत्ता के दुरुपयोग की श्रेणी में आता है और न्यायपालिका ऐसा कदम कभी स्वीकार नहीं करेगी।

**@ राकेश अचल**

# बिहार के बजट से चार गुना बड़े तेजस्वी के वायदे

**संजय सक्सेना,लखनऊ**
**वरिष्ठ पत्रकार**




बिहार विधानसभा चुनाव में मतदान की तारीख नजदीक आ रही है। 6 और 11 नवंबर को मतदान होगा और 14 को नतीजे आ जाएंगे। इस बीच तमाम दलों के नेता वोटरों को लुभाने का कोई भी मौका नहीं छोड़ना चाहते हैं। हर दल की तरफ से दावों और वायदों की खैरात बांटने की बड़ी-बड़ी बातें की जा रही हैं, लेकिन इसमें महागठबंधन में शामिल सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने सभी हदें पार कर दी हैं। राजद की बैसाखी के सहारे बिहार में अपनी जड़ें तलाश रही कांग्रेस भी राजद के साथ सुर में सुर मिला रही है। राजद नेता और महागठबंधन के सीएम फेस तेजस्वी यादव के चुनावी वादों की झड़ी ने बिहार में सियासी हलचल मचा दी है। उन्होंने हाल ही में जिन योजनाओं और रियायतों का वादा किया है, उनकी कुल अनुमानित लागत बिहार के मौजूदा वार्षिक बजट से लगभग चार गुना अधिक बताई जा रही है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या यह वादे आर्थिक व्यवहार्यता के दायरे में आते हैं या फिर यह केवल जनता को लुभाने की एक रणनीति है। विपक्षी दल और कई अर्थशास्त्री अब खुलकर कह रहे हैं कि यह खैरात बांटने की राजनीति बिहार को आर्थिक संकट की ओर ले जा सकती है।

तेजस्वी यादव ने अपने हालिया जनसभाओं और घोषणाओं में युवाओं को लाखों नौकरियों, छात्रों को मुफ्त लैपटॉप, किसानों की कर्जमाफी, हर गरीब को भत्ते जैसी कई मनलुभावन योजनाओं की घोषणा की है। उनकी पार्टी की तरफ से यह दावा किया जा रहा है कि यह सब न्याय का रोजगार और विकास का अधिकार के तहत आने वाली योजनाएं हैं, जो सत्ता में आने पर प्राथमिकता पर लागू की जाएंगी। परंतु यही दावे अब राजनीतिक विमर्श का केंद्र बन गए हैं। अर्थशास्त्रियों का कहना है कि बिहार पहले से ही राजस्व संग्रहण में पिछड़ा हुआ राज्य है। राज्य की कुल आय मुख्यतः केंद्र सरकार से मिलने वाले अनुदानों और टैक्स शेयरिंग पर निर्भर करती है। पटना विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त अर्थशास्त्री प्रो. अजय नारायण सिंह का कहना है, तेजस्वी यादव के वादों की कुल लागत करीब चार लाख करोड़ रुपये से ऊपर बैठती है, जबकि बिहार का वार्षिक बजट मुश्किल से 2.60 लाख करोड़ रुपये का है। ऐसे में यदि उन्होंने जो कुछ कहा है, उसे लागू करना हो तो राज्य को या तो भारी-भरकम कर्ज लेना पड़ेगा या फिर विकास कार्यों पर खर्च कटौती करनी होगी।

विपक्षी नेताओं का रुख और भी आक्रामक है। भाजपा के वरिष्ठ नेता व केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह का कहना है कि तेजस्वी यादव यह मानकर चल रहे हैं कि बिहार की जनता केवल झूठे वादों पर वोट देगी। जिन योजनाओं की वह बात कर रहे हैं, वे राज्य की आर्थिक क्षमता से बाहर हैं। यह वादे नहीं, दिवास्वप्न हैं। वहीं जदयू प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा, जिस व्यक्ति ने 18 महीनों में एक भी वादा पूरा नहीं किया और अब फिर वही पुराने जुमले दोहरा रहे हैं, उससे जनता अब भ्रमित नहीं होगी। वादे तभी पूरे होते हैं जब नीयत और नीति दोनों साफ हो। तेजस्वी यादव और महागठबंधन की तरफ से भी सफाई दी जा रही है। राजद प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी का कहना है कि तेजस्वी यादव ने युवाओं को रोजगार देने का जो संकल्प लिया है, वह बिहार की वास्तविक जरूरत है। नीतीश कुमार की सरकार ने जो कुछ नहीं किया, उसे अब पूरा करना तेजस्वी की जिम्मेदारी है। बजट का सवाल बाद में देखा जाएगा, लेकिन राजनीति जनभावना से चलती है, कागजी गणित से नहीं।

हालांकि, जानकारों का मानना है कि राजनीतिक घोषणाओं का यह तरीका बिहार में कोई नया नहीं है। हर चुनाव से पहले पार्टियां मुफ्त योजनाओं, नौकरियों और नकद सहायता का वादा करती हैं। लेकिन नए आंकड़ों और राज्य के आर्थिक ढांचे को देखते हुए, बिहार वर्तमान में ऐसी किसी आर्थिक अति का बोझ उठाने में सक्षम नहीं दिखता। बिहार की प्रति व्यक्ति आय अब भी राष्ट्रीय औसत से आधी है, और बेरोजगारी दर देश में शीर्ष पर बनी हुई है। दिलचस्प यह है कि तेजस्वी यादव का यह अभियान युवा वर्ग और गरीब तबके के बीच तेजी से लोकप्रिय होता दिख रहा है। सोशल मीडिया पर उनके वादे वायरल हैं और बड़ी संख्या में युवाओं ने इसे बदलाव का ब्लूप्रिंट कहा है। इस जनसमर्थन को देखकर भाजपा और जदयू दोनों ही सतर्क दिखाई दे रहे हैं। जबकि कांग्रेस और वाम दलों के सहयोग से महागठबंधन ने इस बार जनता को सीधा आर्थिक लाभ देने वाला एजेंडा अपनाया है। बिहार की अर्थव्यवस्था पर नजदीकी नजर रखने वाले पूर्व वित्त अधिकारी राजीव रंजन का कहना है कि राजनीतिक दृष्टि से ऐसे वादे शॉर्ट टर्म में प्रभावी हो सकते हैं, लेकिन आर्थिक दृष्टि से यह फिस्कल डिसिप्लिन को खत्म करने वाला कदम होगा। राज्य यदि मुफ्तखोरी के चक्कर में फंस गया, तो अगले पांच वर्षों में वित्तीय घाटा दोगुना हो सकता है। उन्होंने आगे कहा कि बिहार को दीर्घकालीन रणनीति चाहिए जैसे उद्योगों में निवेश, शिक्षा और कौशल विकास केवल खैरात पर आधारित चुनावी घोषणाएं नहीं।

दूसरी ओर, जनता के एक हिस्से में यह सोच तेजी से पनप रही है कि भाजपा और जदयू के लंबे शासन में अपेक्षित परिवर्तन नहीं आया, इसलिए तेजस्वी को मौका दिया जाना चाहिए। अररिया के एक किसान नेता रामसागर यादव कहते हैं, सरकारें तो पहले भी आईं, पर गरीब को कुछ नहीं मिला। अगर तेजस्वी कुछ वादा कर रहे हैं, तो उसे मौका देना चाहिए। अगर वह झूठे साबित हुए, तो अगली बार जनता जवाब दे देगी। यह प्रतिक्रिया बताती है कि बड़ी जनसंख्या अब भी वादों के गणित से ज्यादा भावनात्मक आशाओं में विश्वास रखती है। कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि तेजस्वी यादव के वादों ने बिहार में न केवल आर्थिक विमर्श को जन्म दिया है, बल्कि यह चुनावी परिदृश्य को भी नई दिशा दे रहे हैं। जहां विरोधी इसे आर्थिक आत्मघात बता रहे हैं, वहीं समर्थक इसे जनता की आवाज कह रहे हैं। अब सवाल यह है कि क्या बिहार की जनता इस बार वादों से परे जाकर यथार्थवादी विकल्प चुनेगी या एक बार फिर वही भावनात्मक राजनीति हावी रहेगी? और यदि तेजस्वी यादव सचमुच सत्ता में आते हैं, तो क्या वह अपने वादों को वास्तविक धरातल पर उतार पाएंगे या यह केवल बिहार की चुनावी सियासत का एक और सपनों का पुल साबित होगा। इसका जवाब 14 नवंबर को मिल जाएगा,

# विज्ञान का ज्ञान : राष्ट्र विकास के आधार स्तंभ।




मनुष्य का विकास केवल भौतिक उन्नति से नहीं, बल्कि उसकी चेतना, संवेदना और ज्ञान से मापा जाता है। जिस राष्ट्र के नागरिक विचारशील, शिक्षित, संवेदनशील और जिज्ञासु होते हैं, वही राष्ट्र स्थायी प्रगति की ओर अग्रसर होता है। ज्ञान केवल सूचना का संचय नहीं, बल्कि उसका विवेकपूर्ण उपयोग है, और जब ज्ञान में प्रेम, करुणा और मानवीयता का समावेश होता है, तभी वह राष्ट्र के विकास का आधार स्तंभ बनता है। प्रेम और ज्ञान – दोनों मनुष्य के जीवन के दो ऐसे अमूल्य तत्व हैं जो एक-दूसरे के पूरक हैं। ज्ञान मनुष्य को विवेक देता है, जबकि प्रेम उसे मानवीय बनाता है। बिना ज्ञान के प्रेम अंधा होता है और बिना प्रेम के ज्ञान निष्ठुर। इन दोनों के संतुलन से ही जीवन, समाज और राष्ट्र में सौंदर्य, स्थिरता और समरसता का निर्माण होता है।

गांधीजी ने कहा था – "जहाँ प्रेम है, वहाँ जीवन है।" उनका जीवन ज्ञान और प्रेम का अद्भुत संगम था। उन्होंने सत्य और अहिंसा को जीवन का मूलमंत्र बनाया और इन सिद्धांतों के माध्यम से समूची मानवता को यह संदेश दिया कि हिंसा और घृणा से नहीं, बल्कि प्रेम और समझदारी से परिवर्तन लाया जा सकता है। उनके शब्द – ह्लपाप से घृणा करो, पापी से नहीं" – यह बताते हैं कि प्रेम और ज्ञान का संयोजन ही आत्मा की सच्ची जागृति है। उन्होंने अपने प्रेम से जनता के हृदय जीत लिए और अपने ज्ञान से ब्रिटिश साम्राज्य को झुकने पर मजबूर कर दिया। इसी तरह भगवान बुद्ध का जीवन ज्ञान और करुणा का प्रतीक है। उन्होंने कहा – "घृणा कभी घृणा से नहीं मिटती, घृणा केवल प्रेम से मिटती है।" यह कथन न केवल आध्यात्मिक सत्य है, बल्कि सामाजिक नीति का भी मूल सिद्धांत है। बुद्ध ने अपने गहन ज्ञान और अथाह प्रेम से अंगुलिमाल जैसे हिंसक डाकू का भी हृदय परिवर्तन कर उसे मानवता का दूत बना दिया था। ईसा मसीह ने जब सूली पर चढ़ते हुए कहा – "हे प्रभु, इन्हें क्षमा कर देना, ये नहीं जानते कि ये क्या कर रहे हैं", तब उन्होंने मानवता के सामने यह प्रदर्शित किया कि सच्चा ज्ञान वही है जो प्रेम से ओतप्रोत हो। इस प्रेममय ज्ञान ने ही ईसा को इतिहास का अमर प्रतीक बना दिया। भारतीय संस्कृति में भी ज्ञान और प्रेम का यह समन्वय हर युग में देखा गया है। भगवान श्रीराम ने जब शबरी के जूठे बेर प्रेमपूर्वक खाए, तो वह केवल एक भक्ति-भावना नहीं थी, बल्कि यह दशार्ता था कि ज्ञान और प्रेम में कोई भेद नहीं है। प्रेम ही ज्ञान का सर्वोच्च रूप है। दूसरी ओर रावण जैसे महान ज्ञानी ने प्रेम और करुणा से रहित ज्ञान का उपयोग अहंकार और विध्वंस में किया और परिणामस्वरूप अपने कुल का नाश कर दिया। यह उदाहरण स्पष्ट करता है कि ज्ञान यदि प्रेमविहीन हो, तो वह विनाशकारी शक्ति बन जाता है। आधुनिक युग में तकनीकी क्रांति ने ज्ञान के असीम द्वार खोल दिए हैं। आज मानव के पास सूचना का महासागर है, परंतु यदि उसमें मानवीयता और करुणा का भाव न हो, तो वही सूचना विनाश का कारण बन सकती है। परमाणु ऊर्जा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता या जैव प्रौद्योगिकी – ये सभी ज्ञान की उपलब्धियाँ हैं, लेकिन यदि इनका उपयोग प्रेम, नैतिकता और मानव कल्याण के दृष्टिकोण से न किया जाए, तो ये मानवता के लिए संकट बन सकती हैं। इसलिए आज के समय में यह और भी आवश्यक है कि हम ज्ञान को केवल उपयोगिता के स्तर पर न देखें, बल्कि उसे संवेदना और जिम्मेदारी के साथ जोड़ें।

भारतीय दर्शन में कहा गया है – "विद्या ददाति विनयं, विनयाद् याति पात्रताम्ह्न अर्थात ज्ञान ही विनम्रता देता है, और विनम्रता ही पात्रता। यह विनम्रता तभी आती है जब ज्ञान के साथ प्रेम जुड़ा हो। ज्ञान हमें सिखाता है कि कैसे सोचना है, पर प्रेम हमें यह सिखाता है कि क्यों सोचना है। ज्ञान दिशा देता है, प्रेम उद्देश्य। दोनों का संगम ही जीवन का सार्थक मार्ग बनाता है। आज का भारत जब "विकसित भारत" की दिशा में बढ़ रहा है, तब हमें यह समझना होगा कि सूचना तभी "ज्ञानह्न बनती है जब उसमें मानवता का तत्व जुड़ा हो। केवल सूचना का प्रसार राष्ट्र को विकसित नहीं करता, बल्कि उस सूचना का मानवीय उपयोग राष्ट्र निर्माण की सच्ची पहचान है। ज्ञान का उद्देश्य केवल आत्म-विकास नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की सेवा भी होना चाहिए। जब ज्ञान प्रेम के साथ जुड़ता है, तो वह "विज्ञान" से "विवेक" की ओर बढ़ता है। प्रेम के बिना ज्ञान मशीन बन जाता है, और ज्ञान के बिना प्रेम अंध भक्ति। दोनों का संतुलन ही सभ्यता की आत्मा है। आज जब विश्व जलवायु परिवर्तन, युद्ध, गरीबी और असमानता जैसी चुनौतियों से जूझ रहा है, तब हमें तकनीकी ज्ञान के साथ प्रेम और सह-अस्तित्व की भावना को जोड़ना होगा। हमें यह समझना होगा कि विकास का अर्थ केवल आर्थिक प्रगति नहीं, बल्कि मानसिक, सामाजिक और आध्यात्मिक उन्नति भी है। राष्ट्र तभी सशक्त बनता है जब उस्का नागरिक शिक्षित, संवेदनशील और मानवीय होता है।

गांधी, बुद्ध, राम, ईसा, टैगोर, विवेकानंद सभी ने यही सिखाया कि प्रेम और ज्ञान का संगम ही सच्ची प्रगति है। स्वामी विवेकानंद ने कहा था – "शिक्षा वह है जो मनुष्य को अपने पैरों पर खड़ा कर दे और आत्मविश्वास से भर दे।" पर यह शिक्षा तब सार्थक होती है जब उसमें करुणा का भाव भी शामिल हो। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम अपनी शिक्षा प्रणाली, वैज्ञानिक अनुसंधान और सामाजिक व्यवहार में इस द्वैत की समरसता को स्थापित करें। राष्ट्र तभी उज्जवल होगा जब उसके नागरिक केवल जानकार नहीं, बल्कि संवेदनशील ज्ञानी बनेंगे। सूचना का प्रवाह तभी सार्थक है जब वह ज्ञान में बदले और ज्ञान तभी प्रकाश बनता है जब उसमें प्रेम की ऊष्मा हो। इसलिए आइए हम यह संकल्प लें कि हम प्रेम को जीवन का आधार और ज्ञान को उसका मार्गदर्शक बनाएँ। जब प्रेम दिशा देगा और ज्ञान उसका साधन बनेगा, तब न केवल व्यक्ति बल्कि समूचा राष्ट्र मानवता की उच्चतम शिखर पर पहुँचेगा। यही वह सूत्र है जो भारत को "वसुधैव कुटुंबकम्" की भावना से जोड़ता है जहाँ सबका कल्याण, सबकी प्रगति और सबकी मुस्कुराहट ही सच्चा विकास कहलाएगी।

व्यंग्य

# "बिहार चुनाव–विकास का सपना और जुमलों की दाल!"

बिहार में चुनाव आते ही वातावरण में अचानक लोकतंत्र की हलचल शुरू हो जाती है। सड़कों पर गड्ढे नहीं दिखते क्योंकि पोस्टरों से ढक जाते हैं, और जनता को उम्मीद नहीं दिखती क्योंकि वादों का धुआं चारों ओर फैल जाता है। नेता जी हेलीकॉप्टर से उतरते हैं, जैसे खुद भगवान विकास के अवतार लेकर आ गए हों। उनके भाषण में "बदलाव" होता है, "नया बिहार" होता है, "रोजगार" होता है, बस जो नहीं होता वह है – जमीन पर कोई असर।

हर नुक्कड़ पर मंच सजते हैं, लाउडस्पीकर दहाड़ता है, और जनता ताली बजाने का अभिनय करती है – क्योंकि सब जानते हैं कि अगली बार यही लोग फिर आएंगे, वही वादे दोहराएंगे, बस तारीख और नारों का रंग बदल जाएगा। नेता जी कहते हैं, "हमने सड़कों को चमका दिया है!" और पीछे से कोई फुसफुसाता है – "हाँ, धूप में पिघलने लायक बना दिया है।"

इस चुनावी मौसम में हर दल जनता के दिल में उतरने की कोशिश करता है – कुछ "सपनों" के साथ, कुछ "आरक्षण" के साथ, और कुछ "पिछले पचास सालों की गलती सुधारने" के संकल्प के साथ। जो नेता कल तक एक-दूसरे को भ्रष्टाचार का प्रतीक कहते थे, आज मंच साझा कर रहे हैं और मुस्कुरा कर कहते हैं, "हम साथ-साथ हैं।" जनता सोचती है – "कब तक? वोट गिनने तक?"

गांवों में माहौल और भी मनोरंजक होता है। बीएलओ और कार्यकर्ता इतनी बार दरवाजा खटखटाते हैं कि घरवाले सोचते हैं कोई शादी का रिश्ता लेकर आया होगा। पान की दुकानों पर राजनीतिक बहसें उतनी ही गरम होती हैं जितनी चाय की केतली। एक कहता है – "इस बार परिवर्तन होगा!ह्न दूसरा जवाब देता है – "हाँ, पोस्टर बदल जाएंगे।"

हर बार की तरह इस बार भी रोजगार का नारा गूंज रहा है। कहा जा रहा है – "हर हाथ को काम देंगे!" लेकिन जनता जानती है कि ये "काम" चुनावी पोस्टर चिपकाने तक सीमित रहेगा। किसान अब भी मौसम और बाजार दोनों से परेशान हैं, छात्र अब भी परीक्षा और परिणाम दोनों से निराश हैं, और सरकारी दफ्तर अब भी फाइलों के बोझ तले कराह रहे हैं।

चुनाव आयोग की सख्ती के बावजूद शराबबंदी वाले इलाकों में भी "छिपे संसाधन" बह रहे हैं। कहा जाता है, "नेता का भाषण और कार्यकर्ता की बोतल – दोनों जनता तक जरूर पहुँचते हैं।"

फिर भी, बिहार का मतदाता सबसे समझदार है। वह जानता है कि यह चुनाव केवल राजनीति नहीं, मनोरंजन का मौसम भी है। यह वह समय है जब सबको याद आता है कि लोकतंत्र अब भी ज़िंदा है – कम से कम वोट मांगने के वक्त तक।

और जब चुनाव परिणाम आते हैं, तो नेता जी कहते हैं – "जनता ने हमें सेवा का अवसर दिया है।" जनता मुस्कुराती है और मन ही मन सोचती है – "हाँ, सेवा का नहीं, से-वा का – यानी सेवा शुल्क का।"

बिहार में चुनाव हर पाँच साल में नहीं, हर दिन होता है – बस बैलेट बॉक्स की जगह अब जनता के दिल में "निराशाह्न जमा हो रही है। और जब भी कोई नया वादा आता है, जनता बस इतना कहती है – "अबकी बार जो बोलेगा, वही फिर भूलेगा!"

(– व्यंग्य स्तंभ "कटाक्ष" के लिए विशेष)

# गोपाष्टमी

गोपाष्टमी ब्रज में संस्कृति का एक प्रमुख पर्व है। गायों की रक्षा करने के कारण भगवान श्री कृष्ण जी का अतिप्रिय नाम 'गोविन्द' पड़ा। कार्तिक, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा से सप्तमी तक गो-गोप-गोपियों की रक्षा के लिए गोवर्धन पर्वत को धारण किया था। 8वें दिन इन्द्र अहंकार रहित होकर भगवान की शरण में आये। कामधेनु ने श्रीकृष्ण का अभिषेक किया और उसी दिन से इनका नाम गोविन्द पड़ा। इसी समय से अष्टमी को गोपोष्टमी का पर्व मनाया जाने लगा, जो कि अब तक चला आ रहा है। इस दिन प्रातः काल गौओं को स्नान कराएँ तथा गंध-धूप-पुष्प आदि से पूजा करें और अनेक प्रकार के वस्त्रालंकारों से अलंकृत करके ग्वालों का पूजन करें, गायों को गो-ग्रास देकर उनकी प्रदक्षिणा करें और थोड़ी दूर तक उनके साथ में जाएँ तो सभी प्रकार की अभीष्ट सिद्धि होती हैं। गोपाष्टमी को सांयकाल गायें चरकर जब वापस आयें तो उस समय भी उनका अभिवादन और पंचोपचार पूजन करके कुछ भोजन कराएँ और उनकी चरण रज को माथे पर धारण करें। उससे सौभाग्य की वृद्धि होती है। भारतवर्ष के प्रायः सभी भागों में गोपाष्टमी का उत्सव बड़े ही उल्लास से मनाया जाता है। विशेषकर गोशालाओं तथा पिंजरा पोलो के लिए यह बड़े ही महत्त्व का उत्सव है। इस दिन गोशालाओं की संस्था को कुछ दान देना चाहिए। इस प्रकार से सारा दिन गो-चर्चा में ही लगना चाहिए। ऐसा करने से ही गो वंश की सच्ची उन्नति हो सकेगी, जिस पर हमारी उन्नति सोलह आने निर्भर है। गाय की रक्षा को हमारी रक्षा समझना चाहिए। इस दिन गायों को नहलाकर नाना प्रकार से सजाया जाता है और मेंहदी के थापे तथा हल्दी रोली से पूजन कर उन्हें विभिन्न भोजन कराये जाते हैं।

**गाय के अंगों में देवी-देवताओं का निवास**

पद्म पुराण के अनुसार गाय के मुख में चारों वेदों का निवास हैं। उसके सींगों में भगवान शंकर और विष्णु सदा विराजमान रहते हैं। गाय के उदर में कार्तिकेय, मस्तक में ब्रह्मा, ललाट में रुद्र, सीगों के अग्र भाग में इन्द्र, दोनों कानों में अश्विनीकुमार, नेत्रों में सूर्य और चंद्र, दांतों में गरुड़, जिह्वा में सरस्वती, अपान (गुदा) में सारे तीर्थ, मूत्र-स्थान में गंगा जी, रोमकूपों में ऋषि गण, पृष्ठभाग में यमराज, दक्षिण पार्श्व में वरुण एवं कुबेर..................

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का कार्यक्रम घोषित

## 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक बीएलओ करेंगे घर-घर सत्यापन कार्य, 7 फरवरी 2026 को प्रकाशित होगी अंतिम सूची

**समाज जागरण संवाददाता**

गौतमबुद्धनगर 28 अक्टूबर 2025: भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश लखनऊ के निदेशों के क्रम में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम की घोषणा की गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी गौतमबुद्धनगर मेधा रूपम ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य प्रत्येक पात्र नागरिक को निर्वाचक नामावली में शामिल करना और मतदाता सूची को पूरी तरह त्रुटिरहित बनाना है।

उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 28 अक्टूबर से 3 नवम्बर 2025 तक तैयारी, प्रशिक्षण एवं प्रिंटिंग कार्य किया जाएगा। इसके बाद 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2025 तक जिले के सभी बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क करेंगे, गणना प्रपत्र वितरित करेंगे तथा उन्हें भरने में आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे।

नागरिकों से अपील की गई है कि वे गणना प्रपत्रों को सही-सही भरकर अपने बीएलओ को समय से उपलब्ध कराएं, जिससे नाम, पता, आयु आदि विवरणों का सत्यापन सुचारू रूप से किया जा सके।

**निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार –**

5 से 8 दिसम्बर 2025: नियंत्रण तालिका का अद्यतन व प्रारूप निर्वाचक नामावली की तैयारी

9 दिसम्बर 2025: प्रारूप निर्वाचक नामावली का प्रकाशन

9 दिसम्बर 2025 से 8 जनवरी 2026: दावा एवं आपत्ति दर्ज करने की अवधि

31 जनवरी 2026 तक: दावों एवं आपत्तियों का निस्तारण

7 फरवरी 2026: अंतिम निर्वाचक नामावली का प्रकाशन (आयोग की अनुमति के उपरांत)

जिला निर्वाचन अधिकारी मेधा रूपम ने बताया कि इस प्रक्रिया में अनर्ह मतदाताओं के नाम हटाने और नई प्रविष्टियों को शामिल करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि मतदाता सूची को अद्यतन एवं सटीक बनाया जा सके।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मतदाता प्रपत्रों को ऑनलाइन भरने और आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने की सुविधा भारत निर्वाचन आयोग के पोर्टल https://voters.eci.gov.in पर उपलब्ध है।

डीएम ने सभी पात्र नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित अवधि में अपने विवरणों की जांच कर निर्वाचक नामावली को पूर्ण, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाने में सहयोग करें।

### यमुना, हिंडन और सेक्टरों के घाटों पर गूंजे "जय छठी मइया" के स्वर, भक्तिभाव से सराबोर रहा पूरा शहर

# नोएडा में लाखों श्रद्धालुओं ने उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर किया छठ महापर्व का समापन

**समाज जागरण**

नोएडा 28 अक्टूबर 2025: कार्तिक शुक्ल सप्तमी के पावन अवसर पर नोएडा में आज लाखों छठव्रतियों ने उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित कर चार दिवसीय छठ महापर्व का समापन किया। यमुना और हिंडन नदी के तटों के साथ-साथ सेक्टर-75, 71, 62, 82, 93, 110, 12, 19, 22, 31, 55 सहित लगभग 200 छठघाटों पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी।

सुबह-सुबह सिर पर प्रसाद से भरे सूप और दौरे लेकर छठव्रती घरों से घाटों तक पहुंचे। पारंपरिक गीतों और पूजा-अर्चना के बीच सूर्य देवता और छठी मइया की आराधना की गई। पारण के उपरांत व्रतियों ने प्रसाद ग्रहण कर पूजा संपन्न की।



गोल्फसिटी, सेक्टर-75 के छठघाट पर आयोजित कार्यक्रम में अखिल भारत हिन्दू महासभा एवं अखिल भारतीय प्रवासी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मुन्ना कुमार शर्मा ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि छठ पर्व सूर्योपासना, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि यह पर्व भारत ही नहीं बल्कि नेपाल, मॉरिशस, फिजी, अमेरिका, कनाडा सहित कई देशों में भी धूमधाम से मनाया जाता है।

कार्यक्रम के बाद श्री सूर्यदेव पूजा समिति, नोएडा द्वारा विशाल भंडारा आयोजित किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। इस अवसर पर मनोज राय, अमित कुमार, डॉ. शशांक शेखर, बसंत उपाध्याय, राजीव त्यागी, प्रभात कुमार, हरि प्रसाद, मधुरेंद्र सिंह, सुनील अग्रवाल, अनुराग श्रीवास्तव सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।





छठघाटों पर दीपों की रोशनी, भक्ति गीतों की गूंज और भक्तों की आस्था ने पूरे नोएडा को छठमय बना दिया।

## चार दिवसीय छठ महापर्व का भक्तिभाव से हुआ समापन

# नोएडा स्टेडियम सेक्टर-21ए में हजारों छठव्रतियों ने उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया

**समाज जागरण/संवाददाता**

नोएडा 28 अक्टूबर 2025 : नोएडा स्टेडियम सेक्टर-21ए स्थित छठ घाट पर मंगलवार की सुबह हजारों छठव्रतियों और श्रद्धालुओं ने उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित कर चार दिवसीय छठ महापर्व का समापन किया।

सूर्योदय से पहले से ही श्रद्धालुओं की भीड़ स्टेडियम परिसर में उमड़ पड़ी थी। व्रतियों ने सिर पर प्रसाद से भरे सूप, दौरे और डाले लेकर जल में खड़े होकर भगवान सूर्य और छठ मइया की पूजा-अर्चना की। पूरे परिसर में ‟जय छठी मइया‟ और ‟सूर्य देव की जय‟ के जयघोष गूंजते रहे।



छठव्रतियों ने दूध, गंगा जल और फल से सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित किया। पूजा के उपरांत पारण कर व्रतियों ने प्रसाद ग्रहण किया और परिवार के सदस्यों के साथ पर्व का समापन किया।

नोएडा प्राधिकरण और जिला प्रशासन की ओर से छठव्रतियों की सुविधा के लिए प्रकाश, सुरक्षा, स्वच्छता और पेयजल की विशेष व्यवस्था की गई थी। दीपों से सजे घाट और रंग-बिरंगी सजावट ने माहौल को अत्यंत भव्य बना दिया।

छठ पूजा समिति के सदस्यों व सेक्टरवासियों की सक्रिय भागीदारी से नोएडा स्टेडियम का छठ घाट आस्था और भक्ति का केंद्र बना रहा।

# सुरक्षा व्यवस्था के मध्य नजर हुई बैठक में पुलिस ने दिया आवश्यक निर्देश

**समाज जागरण**

लोनी, 28 अक्टूबरः मंगलवार दोपहर 2 बजे तिराहा चौकी प्रांगण में क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले समस्त व्यापारिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई. इस दौरान क्षेत्रीय सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किए जाने एवं आगामी ठंड व कोहरे के मौसम में आवश्यक सावधानियों पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में पुलिस प्रशासन द्वारा व्यापारियों को शीतकालीन मौसम में अतिरिक्त सतर्कता बरतने तथा रात्रि के समय सुरक्षा गार्ड नियुक्त करने के निर्देश दिए गए. साथ ही, प्रतिष्ठानों के बाहर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने, सीसीटीवी कैमरे नियमित रूप से संचालित रखने एवं देर रात तक खुले रहने वाले व्यापारिक प्रतिष्ठानों में पुलिस गश्त के साथ समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया गया।



अधिकारियों ने कहा कि ठंड और कोहरे के कारण दृश्यता कम हो जाती है, जिससे आपराधिक गतिविधियों की संभावना बढ़ जाती है. ऐसे में व्यापारियों का सतर्क रहना और अपने प्रतिष्ठानों की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखना अत्यंत आवश्यक है। बैठक में व्यापार मंडल के समस्त सम्मानित पदाधिकारियों सहित क्षेत्र के अनेक सम्मानित व्यापारी उपस्थित रहे. सभी ने सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाने हेतु पुलिस प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

# सांसद अतुल गर्ग ने लोनी के दिल्ली-सहारनपुर मार्ग निर्माण की करी मांग

लोनी, 28 अक्टूबरः गाजियाबाद सांसद अतुल गर्ग ने उत्तर प्रदेश के



प्रमुख सचिव (लोक निर्माण विभाग) को पत्र लिखकर लोनी के दिल्ली-सहारनपुर राजमार्ग निर्माण के लिए मांग की है. उनका कहना है कि इस मार्ग निर्माण के संबंध में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक के दौरान सैद्धांतिक निर्णय पहले ही लिया जा चुका है।

सांसद ने पत्र में उल्लेख किया कि जिला समन्वय समिति दिशा की बैठक में स्थानीय लोक निर्माण अधिकारियों द्वारा सांसद को अवगत कराया गया कि इस मार्ग निर्माण के लिए 32.73 करोड़ रुपये की राशि परियोजना के रूप में स्वीकृत की जा चुकी है, यह मार्ग वर्तमान में अत्यंत जर्जर स्थिति में है और बार-बार मरम्मत पर धनराशि खर्च करने के बजाय सड़क और नालों का एकमुश्त और ठोस निर्माण कराना अधिक लाभकारी और व्यावहारिक होगा. उन्होंने अधिकारियों से आग्रह किया कि मार्ग के निर्माण की प्रक्रिया को तत्काल प्रारंभ किया जाए, ताकि आम जनता को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके. इस मामले को विधायक नंदकिशोर गूर्जर पहले भी पूर्व दिशा की बैठक में उठा चुके हैं. अधिकारियों ने शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ करने का आश्वासन भी दिया था लेकिन आज तक स्थिति जस की तस बनी हुई है. सांसद की उक्त पहल से स्थानीय जनता के बीच उक्त परियोजना के शीघ्र कार्यान्वयन की उम्मीद जगी है।

# विधायक पुत्र ने घाटों पर की पूजा अर्चना तो विधायक ने बिहार से क्षेत्रवासी के लिए भेजी शुभकामना

**समाज जागरण/संवाददाता**

लोनी, 28 अक्टूबरः लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर के पुत्र नागेश गुर्जर ने दर्जनों घाटों पर सूर्य नारायण और छठी मईया की पूजा करते हुए उनके चरणों में प्रणाम किया.

बिहार विधानसभा चुनाव के चलते विधायक की अनुपस्थिति में, उनके पुत्र नागेश गुर्जर ने डीएलएफ, लक्ष्मी सिटी, भगवती गार्डन, स्वर्ग आश्रम ठोकर-7 यमुना जी, राजधानी एन्क्लेव, पूजा कॉलोनी, गुरुद्वारा इंदिरापुरी, नवीन कुंज, राम विहार, बन्थला, श्री राम कॉलोनी चमन विहार, पावी, कृष्णा विहार, करावल नगर, खेकड़ा, साहिबाबाद सहित लोनी क्षेत्र के दर्जनों छठ घाटों पर सांध्यकालीन एवं उदयीमान सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित किया. और मां छठी मैया को प्रणाम कर लोनी वासियों के सुख, शांति एवं समृद्धि के लिए मंगल कामना की।



इस दौरान उन्होंने कहा कि छठ महापर्व लोक आस्था, अनुशासन और शुद्ध आचरण का प्रतीक है. लोनी में श्रद्धालु जनों, सामाजिक संस्थाओं और प्रशासन के सामूहिक प्रयासों से भव्य और दिव्य आयोजन देखने को मिला. उन्होंने कहा माननीय विधायक जी निरंतर बिहार प्रवास से लोनी की तैयारियों की निगरानी कर रहे हैं और सभी आयोजनकताओं, कार्यकताओं एवं श्रद्धालुओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हैं।

वहीं विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने अपने सोशल मीडिया के माध्यम से प्रेषित संदेश में कहा "छठ महापर्व हमारे जीवन में प्रकाश, अनुशासन और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है. भगवान भास्कर और मां छठी मैया की कृपा लोनी समेत सभी श्रद्धालुओं पर बनी रहे, यही मंगलकामना है. इसके अतिरिक्त विधायक ने घाटों की व्यवस्था में लगे भाजपा कार्यकताओं को भी बधाई दी है।

# लोक आस्था के माह पर्व छठ अनुष्ठान का हुआ समापन

## (सूर्य को अर्द्ध देकर श्रद्धालुओं ने 36 घंटे के निर्जला व्रत का किया पारण)

लोनी, 28 अक्टूबरः चार दिवसीय लोक आस्था के महापर्व छठ का मंगलवार को भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही समापन हो गया. छठ व्रतियों ने प्रातः पहली किरणों में यमुना नदी व क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर बने घाटों पर खड़े होकर दूध, जल और फल आदि के साथ सूर्य देव को नमन किया, तत्पश्चात आस्थावानो ने अपने निर्जला उपवास का पारण किया।

सबसे पहले व्रतियों ने घी मिश्रित चाय या दूध का सेवन किया, और इस तरह छठ वर्ती अपने 36 घंटे के निर्जला उपवास का समापन करते हुए अनु ग्रहण करते है. जिसे शुद्धता, संयम और भक्ति के साथ किए गए इस कठिन तप के समापन की परंपरा का प्रतीक माना जाता है. इस दौरान घाटों पर पारंपरिक गीतों की धुनें भी गूंजती रही।

### नहाय-खाय से ब्रह्म मुहूर्त तक...

उल्लेखनीय है कि चार दिवसीय अनुष्ठान की



शुरूआत पहले दिन नहाय-खाय से होती है, जब व्रतधारी दाल-चावल और कद्दू की सब्जी ग्रहण करते हैं. दूसरे दिन खरना का आयोजन होता है, जिसमें साठी चावल की खीर, रोटी और केले का प्रसाद बनाया जाता है, जिसे व्रतियों द्वारा ग्रहण करने के बाद वितरित किया जाता है. खरना के बाद 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू होता है, जो तीसरे दिन संध्या अर्घ्य और चौथे दिन ब्रह्म मुहूर्त तक चलता है. और इस तरह बीती शाम के बाद अगले दिन सुबह भगवान सूर्य को दूसरा अर्घ्य अर्पित कर पर्व का भावपूर्ण समापन किया गया।

### सुरक्षा व्यवस्था के रहे विशेष इंतजामात

सुरक्षा व्यवस्था के मध्य नजर पुलिस प्रशासन द्वारा सभी घाटों पर पुलिस टीम तैनात की गई थी.

साथ ही विद्युत आपूर्ति की निर्वाध व्यवस्था सुनिश्चित की गई, ताकि रात्रि अर्घ्य के समय किसी को कोई असुविधा न हो सके. यही नहीं पुलिस प्रशासन के शीर्ष अधिकारी समय-समय पर घाटों का दौरा कर वहां की साफ-सफाई के साथ-साथ अन्य स्थिति का ज्यादा लेते रहे. ताकि सभी श्रद्धालु बिना किसी परेशानी के पर्व मना सके।

# लोनी में धूमधाम से मनाया गया छठ महापर्व

**नगरपालिका अध्यक्ष रंजीता धामा और पूर्व अध्यक्ष मनोज धामा ने अनेक घाटों पर दी उपस्थिती, जनता ने किया गर्मजोशी से स्वागत**

**समाज जागरण/संवाददाता**

लोनी 28 अक्टूबर 2025: छठ महापर्व के शुभ अवसर पर मंगलवार देर शाम लोनी नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रंजीता धामा और पूर्व अध्यक्ष मनोज धामा ने नगर क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों पर पहुंचकर श्रद्धालुओं के साथ भगवान सूर्य और छठ मइया की पूजा-अर्चना की।

दोनों जनप्रतिनिधि सोनिया विहार, निश्तोली, रामविहार, राहुल गार्डन, अमित विहार, उत्तरांचल कॉलोनी, गीतांजलि विहार, रामपार्क एक्सटेंशन, यमुना घाट, एसएलएफ, डीएलएफ, विकास कुंज, पूजा कॉलोनी, राजनगर व पाभी सहित कई स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में शामिल हुए।

लोगों ने फूल-मालाओं और ढोल-नगाड़ों के साथ उनका जोरदार स्वागत किया।

इस अवसर पर अध्यक्ष रंजीता धामा ने सभी को छठ पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि "छठ महापर्व लोकआस्था, अनुशासन और पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक है।" उन्होंने पूर्वांचल समाज की महिलाओं के साथ भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर समस्त नगरवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की।



पूर्व अध्यक्ष मनोज धामा ने श्रद्धालुओं के साथ पूजा-अर्चना में भाग लेते हुए कहा कि "लोनी नगरपालिका द्वारा इस वर्ष कई नई कॉलोनियों में छठ घाटों का निर्माण कराया गया है, जिससे व्रतियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।" उन्होंने क्षेत्रवासियों को पर्व की बधाई देते हुए कहा कि यह त्योहार अब लोनी की सांस्कृतिक पहचान बन चुका है, जहाँ बिहार और पूर्वांचल की परंपराओं की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई देती है।

### जनता के बीच धामा दंपति के प्रति दिखा विशेष स्नेह

कार्यक्रम के दौरान जनता ने दोनों जनप्रतिनिधियों के प्रति अपार प्रेम प्रदर्शित किया। नव पूर्वांचल एकता मंच के एक पदाधिकारी ने स्वच्छता और सफाई व्यवस्था से प्रसन्न होकर पूर्व अध्यक्ष मनोज धामा को उत्साहपूर्वक गोद में उठा लिया, जिससे उपस्थित जनसमूह भावुक हो उठा। लोगों ने तालियाँ बजाकर "मनोज धामा - रंजीता धामा जिंदाबाद" के नारे लगाए और छठी मइया से उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर सभासद जगत सभासद, लज्जा देवी, राम निवास त्रिपाठी, सुमित पार्चा, धर्मेन्द्र भाई, बहादुर कसाना, संतोष श्रीवास्तव, तारकेश्वर कुशवाहा, कृष्णा प्रसाद, विशाल प्रसाद, धर्मराज प्रसाद, करण यादव, अश्वनी कुमार, घनश्याम श्रीवास्तव, उमेश श्रीवास्तव, संजय तिवारी, मिथलेश पोद्दार, राम आधार चतुर्वेदी, रूबी, प्रियंका, नेहा व लक्ष्मी देवी सहित सैकड़ों व्रतधारी और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय लोकदल सदस्यता अभियान का भव्य आयोजन

लोनी, 28 अक्टूबरः राष्ट्रीय लोकदल के सदस्यता अभियान के तहत आज लोनी बॉर्डर पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस दौरान हजारों लोग शामिल रहे. सभी ने राष्ट्रीय लोकदल की विचारधारा को मजबूती देने तथा संगठन को मजबूत करने की बात पर जोर दिया। कार्यक्रम में सभी वक्ताओं ने भारत रत्न चौधरी चरण सिंह जी की विचारधारा का स्मरण करते हुए, जनता को राष्ट्रीय लोकदल से जोड़ने और सदस्यता अभियान को व्यापक बनाने का आह्वान किया. मुख्य अतिथि वीरपाल मलिक ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन को मजबूती प्रदान करने और जनसमस्याओं के समाधान के लिए कार्यकताओं को आम जनमानस के बीच सक्रिय रहना होगा. उन्होंने कहा, जब तक कार्यकर्ता की पहुंच आम जनता तक नहीं होगी, तब तक हमें क्षेत्रीय जनसमस्याओं की वास्तविक जानकारी कैसे होगी! खतोली विधायक मदन भैया ने



अपने विचार रखे और सदस्यता अभियान के महत्व को रेखांकित किया. उन्होंने सभी कार्यकताओं को आमजन के बीच पहुंच बढ़ाने और पार्टी हित में जनता के मुद्दों को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया. सभी लोगों ने सदस्यता अभियान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने का संकल्प लिया. कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. रामपाल तथा आयोजन व संचालनऔर विपिन तोमर जिला महासचिव राष्ट्रीय लोकदल ने किया।

### कार्यक्रम में शामिल प्रमुख नेता और अतिथिः

केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी के निजी सलाहकार वीरपाल मलिक, खतौली विधायक मदन भैया लोनी चेयरमैन मनोज धामा प्रदेश अध्यक्ष एवं सहकारिता प्रकोष्ठ चेयरमैन अमरजीत सिंह बीड़ी , जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी, बागपत जिला पंचायत अध्यक्ष जय किशोर , क्षेत्रीय महासचिव अरुण चौधरी भुल्लन, विक्रांत जवाला, जोगेंद्र चेयरमैन पतला, जिला महासचिव दीपू शर्मा। साथ ही उदयपाल प्रधान, अनिल कुमार, सभासद सतपाल शर्मा, राजीव शर्मा, छोटे अल्वी, जयबीर बालियान, ओमपाल राणा सभासद भीम चौधरी, सुभाष पंडित जी, बृजपाल सिंह, सुमित पारचा, सुधीर तोमर, संजीव चौधरी, दीपक पहलवान, पंकज बाल्मीकि आदि भी उपस्थित रहे।

दैनिक समाज जागरण नेशनल अखबार मे विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की अयोध्या महायोजना 2031 की समीक्षा, कहा, अयोध्या का विकास भव्यता, आस्था और आधुनिकता का संतुलित मॉडल बने

**समाज जागरण/संवाददाता**

लखनऊ, 28 अक्टूबरः- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को अयोध्या महायोजना 2031 से संबंधित प्रस्तावों की समीक्षा करते हुए कहा कि अयोध्या का विकास भव्यता, आस्था और आधुनिकता तीनों का समन्वित रूप होना चाहिए। उन्होंने कहा कि महायोजना का लक्ष्य अयोध्या को सुनियोजित, सुव्यवस्थित और सतत (सस्टेनेबल) विकास के साथ विश्व की आध्यात्मिक राजधानी के रूप में स्थापित करना है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि विकास कार्यों में अयोध्या की सांस्कृतिक पहचान, धार्मिक गरिमा और पर्यावरणीय संतुलन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

महायोजना के बिंदुओं पर विभागीय अधिकारियों से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या विजन 2047 के अंतर्गत अयोध्या को ग्लोबल आध्यात्मिक नगरी, ज्ञान नगरी, उत्सव नगरी, तीर्थ अनुकूल अवसंरचना, विविधीकृत पर्यटन, ऐतिहासिक सर्किट व हेरिटेज वॉक, हरित एवं सौर ऊर्जा आधारित नगरी के रूप में आधुनिक सुविधाओं के साथ प्रस्तुत किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह महायोजना अयोध्या के सुनियोजित, सुव्यवस्थित और सस्टेनेबल विकास की आधारशिला बनेगी।

बैठक में बताया गया कि अयोध्या महायोजना 2031 का उद्देश्य शहर को ग्लोबल स्पिरिचुअल एवं टूरिज्म डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करना है। योजना के तहत अयोध्या विकास क्षेत्र को 18 जोनों में विभाजित कर संतुलित भूमि उपयोग सुनिश्चित किया गया है। प्रस्तावित 23.94 लाख की अनुमानित जनसंख्या को ध्यान में रखते हुए 52.56 प्रतिशत भूमि आवासीय, 5.11 प्रतिशत वाणिज्यिक, 4.65 प्रतिशत औद्योगिक, 10.28 प्रतिशत सार्वजनिक उपयोग, 12.20 प्रतिशत परिवहन एवं 14.31 प्रतिशत हरित एवं खुले क्षेत्र के लिए नियोजित की गई है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि मिश्रित तथा औद्योगिक भूमि को बढ़ाया जाए, इसी प्रकार, पंचकोसी और 14 कोसी परिक्रमा मार्ग पर भी विविध गतिविधियों के लिए भूमि आरक्षित की जाए।

बैठक में बताया गया कि वर्तमान में अयोध्या की जनसंख्या लगभग 11 लाख है, जो 2031 तक लगभग 24 लाख और 2047 तक 35 लाख तक पहुंचने का अनुमान है। इसे ध्यान में रखते हुए नए आवासीय टाउनशिप, भव्य प्रवेश द्वार, बहुस्तरीय पार्किंग, 84 कोसी परिक्रमा मार्ग, ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस मार्ग, रिंग रोड, एयरपोर्ट, टेंपल म्यूज़ियम, सौर ऊर्जा संयंत्र, होटल व आधुनिक नागरिक सुविधाएं महायोजना का हिस्सा हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सभी परियोजनाएं अयोध्या को स्मार्ट, सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाएंगी।

बैठक में बताया गया कि अयोध्या विकास क्षेत्र में 159 निवेश परियोजनाएं स्वीकृत हैं, जिनमें 8 हजार 594 करोड़ रुपये का निवेश होने की संभावना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं से स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार खुलेंगे और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी।

# पुलिस ने एक अभियुक्त पकड़ा, असलहा व सामान बरामद

समाज जागरण फिरोजाबाद। थाना अरांव पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से चोरी का सामान व असलाह बरामद किया है। पुलिस ने उसे जेल भेजा है।



थाना अड़ांव पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे घिरोर बोर्डर से पकड़ा है। पुलिस ने पकड़े अभियुक्त का नाम रजत पुत्र महिपाल बताया है वह ग्राम मण्डी थाना कोतवाली मैनपुरी जिला मैनपुरी का रहने वाला है। पुलिस ने उसके पास से 01 देशी तमंचा 315 बोर, 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 25 घन्टा पीतल के व एक मोटर साइकिल बरामद की है। बाइक पर फर्जी नम्बर प्लेट बताई गई है।

वरामदगी के आधार पर उसके खिलाफ धारा 35(2)106 बीएनएसएस व धारा 317(2), 317(5), 318(4) बीएनएस व धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया। पुलिस ने उसे जेल भेजा है।

## फांसी लगा दो युवकों ने की आत्महत्या

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अर्न्तगत बीते चौबिस घन्टों के अन्तराल में दो लोगो ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार हथगाम थान क्षेत्रा के सिठौरा गांव निवासी रमेश कुमार का 24 वर्षीय पुत्र विकास जो अर्द्धविक्षिप्त था। बताते है कि बीती रात उसने उस वक्त घर के अन्दर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब घर के सभी लोग गहरी नींद सो रहे थे। सुबह जब परिजनों की नींद खुली और कमरे में विकास का फांसी पर लटका शव देख घर में कोहराम मच गया। इसी प्रकार जहानाबाद थाना क्षेत्र के लालूगंज मोहल्ला निवासी स्व0 छोटे लाल का 40 वर्षीय पुत्र प्रेम प्रकाश उर्फ दीपू ने संदिग्ध अवस्था में घर के अन्दर फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पाकर मौके में पहुंची पुलिस ने दोनो शवों को कब्जे में लेकर विच्छेदन ग्रह भेज दिया। हादसे के बाद मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया।

## महिला की अचानक बिगड़ी हालत, मौत

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम मेउली में सोमवार की शाम अचानक 34 वर्षीय महिला की हालत बिगड़ जाने पर उपचार के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार राजेश की पत्नी अनूपा देवी की सोमवार शाम अचानक तबियत बिगड़ गयी। जिस पर परिजन उसे तत्काल सरकारी एम्बुलेंस द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाये। जहां इमरजेन्सी में तैनात चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया। वहीं सूचना पर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन ग्रह भेज दिया। पोस्ट मार्टम हाउस में मृतका का भाई विजय पाल निवासी सरकी थाना गाजीपुर ने ससुराली जनों पर कोई आरोप न लगाते हुये बताया कि उसकी बहन की अचानक तबियत खराब हो गयी और लगातार तीन बार खून की उल्टी हुयी जिस पर उसे अस्पताल ले गये। जहां मृत घोषित कर दिया गया।

## लकड़ी काटते समय युवक घायल

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के आबूनगर पठान मोहल्ला में मंगलवार की सुबह घर पर ही गरेन्डर से लकडी काटते समय 47 वर्षीय युवक घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार आबूनगर पठान मोहल्ला निवासी मो0 नजीर का पुत्र. मो0 समद मंगलवार की सुबह घर पर ही लकड़ी काट रहा था। तभी अचानक हाथ फिसल जाने से वह घायल हो गया। जिसे तत्काल सरकारी एम्बुलेंस द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

## गाय के हमले से युवक घायल

समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर। जाफरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बिझौली मंगलवार की सुबह पैदल जा रहे युवक को गाय ने हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार बिझौली गांव निवासी सत्यनारायन गुप्ता का पुत्र विनोद कुमार गुप्ता मंगलवार की सुबह पैदल टहल रहा था। इसी दौरान रोड़ किनारे खडी गयी ने हमला का कर दिया। जिससे वह घायल हो गया वहीं परिजनों ने उसे तत्काल उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया

## छज्जा से गिरकर युवक घायल

समाज जागरणः फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर। ललौली थाना क्षेत्र के ग्राम मुत्तौर में मंगलवार की सुबह दीवार तोड़ते समय छज्जा गिरने से 30 वर्षीय युवक घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार चुनका का पुत्र विवेक कुमार मंगलवार की सुबह छज्जा में चढकर दीवार तोड़ रहा था। तभी अचानक छज्जा गिर जाने से वह बुरी तरह घायल हो गया। उधर परिजनों ने उसे तत्काल सरकारी एम्बुलेंस द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

## बाइकों की भिडन्त में चार घायल

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अर्न्तगत हुये सड़क हादसों के दौरान चार लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गयां।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के संनगांव निवासी दशरथ का 18 वर्षीय पुत्र लकी अपने साथी आकेश पुत्र भजन 19 वर्ष के साथ बाइक से शहर कपडा खरीदने आ रहे थे। जैसे ही बाइक शहर के टाटा मोटर्स के समीप पहुची तभी सामने से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दिया। जिससे दोनो घायल हो गये। इसी प्रकार ललौली थाना क्षेत्र के कौड़र गांव निवासी मोती लाल का 25 वर्षीय पुत्र रवि करन बाइक में सवार होकर बहुआ कस्बा आया था। जैसे ही वह गैस एजेन्सी में पास पहुंचा तभी सामने से आ रही दूसरी बाइक से भिडन्त हो गयी। जिसमें दोनो बाइक सवार घायल हो गये। घटना की सूचना पर मौके में पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इमरजेन्सी में तैनात चिकित्सक ने एक बाइक सवार की हालत गंभीर देखते हुये कानपुर मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया।

## युवक को सर्प ने डसा

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। किशनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम नरतल का डेरा में मंगलवार की सुबह खेतों में काम करते समय 22 वर्षीय युवक को जहरीले सर्प ने डस लिया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार नरतल का डेरा गांव निवासी कल्लू का पुत्र जयसिंह मंगलवार की सुबह खेतों में काम कर रहा था। इसी दौरान जहरीले सर्प ने उसे डस लिया। इसकी जानकारी जब परिजनों को हुयी तो उसे तत्काल सरकारी एम्बुलेंस द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इलाज कर रहे चिकित्सक ने उसकी हालत में सुधार बताया।

# आत्म निर्भर भारत की असली ताकत युवा है-- हर्षवर्धन

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद भारतीय जनता पार्टी के आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत मंगलवार को जिला कार्यालय मोड़ा कनेटा में युवा सम्मेलन का आयोजन युवा मोर्चा महानगर अध्यक्ष अंकित तिवारी की अध्यक्षता में हुआ। सम्मेलन में मुख्य अथिति भाजयुमो उत्तर प्रदेश महामंत्री हर्षवर्धन ने युवाओं में जोश भरते हुए कहा कि "आत्मनिर्भर भारत की असली ताकत युवा हैं, जो न केवल राजनीति की रीढ़ हैं बल्कि दिशा बदलने की क्षमता भी रखते हैं।"




मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री युवा मोर्चा हर्षवर्धन ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार ने युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। "अब युवा नौकरी की तलाश में नहीं, बल्कि दूसरों को नौकरी देने का हौसला रखता है। भाजपा सरकार ने युवाओं के आत्मविश्वास को नई ऊंचाई दी है," पिछली सरकारों में युवाओं को नौकरी पाने के लिए धांधली और भ्रष्टाचार का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब भर्ती प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष है उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे 'मेक इन इंडिया' और स्वदेशी अभियान को आगे बढ़ाएं, देश में बनी वस्तुओं को प्राथमिकता दें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

युवा मोर्चा महानगर अध्यक्ष अंकित तिवारी ने कहा कि आज का युवा मोदी सरकार की नीतियों से प्रेरित होकर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभा रहा है भारत को आत्मनिर्भर बनाने में युवाओं की अहम भूमिका है युवाओं को इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए युवा ही देश का भविष्य तय करेंगे

कार्यक्रम में मंचासीन पदाधिकारी केशव फौजी, रामनरेश कटरा ,उदय प्रताप सिंह, सतीश यादव, राजकुमार छिब्बर, कैलाश ओझा, चेयरमैन प्रतिनिधि दिलीप लोधी, हिमांशु शर्मा मौजूद रहे।

कार्यक्रम का संचालन युवा मोर्चा महानगर महामंत्री राजेश झा ने किया! इस कार्यक्रम में दीपक गुप्ता कालू, आकाश गुप्ता मंडल अध्यक्ष क्रमशः अनार सिंह, देश दीपक, सत्यवीर, भारत सिंह, गौतम कुशवाहा, युवा मोर्चा पदाधिकारी विकास, मयंक, अभिषेक, दीपक, सुमित, उत्कर्ष, हिमांशु बिस्ट, संकेत, राजुल, अतुल,अमन, सौरभ, दीपक, अमित, अंकुश, अजय, जयराम, अनुज, प्रियांशु, राज बाल्मीकि, विष्णु, शिवम्, आशीष, अनिकेत, अशोक, ओमबीर और सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे!

दैनिक समाज जागरण नेशनल अखबार मे विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।

## महात्मा गांधी पीजी कॉलेज में कौशल विकास का दिया गया प्रशिक्षण!

समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह

फिरोजाबाद महात्मा गांधी बालिका विद्यालय (पीजी) कालेज में प्राचार्या प्रो प्रियदर्शिनी उपाध्याय के कुशल निर्देशन में राष्ट्रीय सवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रिया सिंह और डॉ निशा के संयोजन में "कौशल विकास" विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत छात्राओं को कौशल विकास पर प्रशिक्षण दिया गया । मुख्य वक्ता जुपिटर पाठशाला के इ. राहुल शर्मा ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुये बताया कि आज के उत्तर आधुनिक युग में मात्र डिग्री आवश्यक नहीं है बल्कि कौशल विकास के साथ प्राप्त की गयी शिक्षा ही सफलता का द्योतक है। आज के युग में रोजगार प्राप्ति का कोई भी क्षेत्र हो सरकारी, प्राइवेट या स्वरोजगार, कौशल प्राप्त व्यक्ति ही प्राथमिक वरीयता पर रखा जाता है। जैसे भूतपूर्व राष्ट्रपति ए पी जे अब्दुल कलाम तकनीकी कौशल में , लीडरशिप कौशल में, empathy skill आदि में कुशल रूप से पारंगत थे। किसी भी skill में पारंगत व्यक्ति के आत्मविश्वास में वृद्धि होती है जिससे व्यक्ति के व्यक्तित्व में भी निखार आता है। एक विद्यार्थी किसी भी skill में जिसमें वह कम्फर्टेबल है, अपने आप को प्रशिक्षित करके एडवांस तरीके से अपने लिये व अन्य लोगों के लिए



रोजगार की व्यवस्था कर सकता है। अतः शिक्षा के साथ कौशल प्रशिक्षण वर्तमान समय की आवश्यकता है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रिया सिंह ने कहा कि छात्रायें चूड़ी निर्माण प्रक्रिया, सिलाई, ब्यूटीशियन, गायन, मेहन्दी, पेन्टिंग आदि अनेक विधायें जिसमें वह कुशल हैं, अपने आप को प्रशिक्षित करके रोजगार के साधन जुटा सकती है। इससे स्वावलम्बन की धारणा को भी बल मिलेगा। कार्यक्रम अधिकारी डॉ निशा द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। व्याख्यान में लगभग 50 छात्रायें उपस्थित रहीं। छात्रा सानिया, वंशिका, लायबा, इरम आदि ने कार्यक्रम के आयोजन में अपना पूर्ण योगदान दिया।

### महर्षि दयानन्द समग्र क्रांति के अग्रदूत थे- राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य

# 142 वाँ महर्षि दयानन्द बलिदान दिवस सम्पन्न

समाज जागरण

दिल्ली,मंगलवार 28 अक्टूबर 2025, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में आर्य समाज पंजाबी बाग विस्तार नई दिल्ली में आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानन्द सरस्वती का 142वाँ बलिदान दिवस समारोह के रूप में आयोजित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ दर्शनाचार्या विमलेश बंसल ने यज्ञ करवा कर किया।

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि महर्षि दयानन्द समग्र क्रांति के अग्रदूत थे उन्होंने समाज के हर क्षेत्र में अपनी छाप छोड़ी।स्वामी जी स्वदेशी के समर्थक थे उन्होंने कहा कि कोई कितना ही करे परंतु स्वदेशी राज्य सर्वोत्तम है,उन्होंने पाखंड




अन्धविश्वास पर सीधा प्रहार और लोगों के सोचने समझने की दिशा बदल डाली।उल्लेखनीय है कि स्वामी दयानन्द जी का अजमेर में 30 अक्टूबर 1883 बलिदान हुआ था।

निगम पार्षद सुमन त्यागी ने कहा कि महर्षि दयानन्द जी के आदर्श आज भी प्रासांगिक हैं उनको जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता है।

**समारोह अध्यक्ष सत्यानंद आर्य** ने कहा कि धर्मान्तरण से राष्ट्रान्तरण हो जाता है व्यक्ति की सोच व निष्ठा बदल जाती हैं।आर्य युवक परिषद् युवा पीढ़ी में संस्कार व देश भक्ति की भावना भरने का काम करता है जो सराहनीय है।आचार्य महेन्द्र भाई ने कहा कि यदि वैदिक विचारधारा हमारे जीवन में आ जाये तो हम एक आदर्श जीवन जी सकते हैं। स्वामी दयानंद की शिक्षा आने वाली पीढियां के लिए मार्गदर्शक का कार्य करेगी।

इस अवसर पर प्रवीन आर्य पिंकी नरेंद्र आर्य सुमन, देव आर्य गौरव आर्य प्रवीण आर्य गाजियाबाद, किरण सहगल आदि के गीतों ने धूम मचा दी। प्रमुख रूप से आर्य नेता एस के छतवाल,पी एस दहिया, दुर्गेश आर्य, सुरेश आर्य, वेद प्रकाश आर्य, अरुण आर्य, ओम सपरा, अजय चौधरी, राधा भारद्वाज, अतुल सहगल, अमरनाथ बत्रा, अमर सिंह आर्य, सोहन लाल आर्य,डा प्रमोद सक्सेना, सुभाष शर्मा, डालेश त्यागी आदि उपस्थित थे। 15 कर्मठ महिलाओं को आर्य रत्न से सम्मानित किया गया।

# आईएमसी बिजनेस ने अर्त्तराष्ट्रीय में जगत किया अपना वैश्विक विस्तार

**संवाददाता /समाज जागरण**

नई दिल्ली, 28 अक्टूबर 2025 - अपने वैश्विक लक्ष्यों की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए, आईएमसी बिजनेस, जो 2007 से आयुर्वेद और स्वदेशी मूल्यों पर आधारित भारतीय कंपनी ने कित माह में मलेशिया के कुआलालंपुर में तीन रात, चार दिनों का भव्य सम्मेलन आयोजित किया। इस आयोजन में भारत और मलेशिया से 400 नेताओं का प्रतिनिधिमंडल शामिल हुआ, जिन्होंने मिलकर प्राकृतिक और भारत-निर्मित उत्पादों के माध्यम से स्वास्थ्य और कल्याण को नई ऊँचाइयों पर ले जाने की साझा दृष्टि को आगे बढ़ाया।

आईएमसी बिजनेस के प्रबंध निदेशक श्री सत्यन भाटिया के नेतृत्व में आयोजित इस सम्मेलन में कंपनी के नवीनीकृत मिशन पर चर्चा हुई–दुनिया की सबसे विश्वसनीय डायरेक्ट-सेलिंग कंपनी



बनने की दिशा में, जो नवाचार, स्थायी और प्राकृतिक वेलनेस समाधानों के माध्यम से विभिन्न देशों के लोगों को सशक्त बनाएगी। सम्मेलन में कंपनी के प्रमुख उत्पाद आईएमसी तुलसी ड्रॉप्स, जो आयुर्वेदिक जड़ों का प्रतीक है, को विशेष रूप से प्रदर्शित किया गया और उत्पाद विकास व बाजार विस्तार की रणनीतियों पर विचार-विमर्श हुआ। इस अवसर पर सत्यन भाटिया, प्रबंध निदेशक,आईएमसी बिजनेस ने कहाः ह्लआईएमसी का हमेशा से विजन रहा है कि भारत के मेक-इन-इंडिया वेलनेस प्रोडक्ट्स को वैश्विक मंच तक पहुँचाया जाए। मलेशिया से मिला उत्साहजनक प्रतिसाद हमारे स्वास्थ्य-केंद्रित पोर्टफोलियो की मजबूती को दशार्ता है।फिलीपींस और दुबई जैसे नए बाजारों में विस्तार की योजना के साथ, हम नवाचारपूर्ण, प्राकृतिक और टिकाऊ समाधानों के माध्यम से विभिन्न देशों के लोगों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।"

इस सम्मेलन का प्रमुख आकर्षण था उत्कृष्ट सहयोगियों का सम्मान। आईएमसी बिजनेस ने मलेशिया में अपने शीर्ष प्रदर्शन करने वाले डिस्ट्रीब्यूटर्स को सम्मानित किया,

# 31 अक्टूबर को मनाई जाएगी लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती

समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह

फिरोजाबादः लौह पुरुष सरदार




वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती 31 अक्टूबर को पूरे देश प्रदेश के साथ-साथ जनपद में भी भव्य रूप से मनाई जाएगी, इसी के उपलक्ष्य में मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन विकास भवन सभागार कक्ष में किया गया, जिसमें संपूर्ण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी के रूप में सिटी मजिस्ट्रेट विनोद कुमार पांडे, सहायक नोडल उपनिदेशक कृषि और इस कार्यक्रम में अपने सहभागियों के साथ प्रतिभाग करने वाले अधिकारियों मे जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, समस्त उप जिलाधिकारी और समस्त खंड विकास अधिकारियों के साथ-साथ, समस्त अधिशासी अभियंताओं ने भी प्रतिभाग किया, इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि लौह पुरुष की 150 वी जयंती को जनपद में भव्य रूप से मनाया जाएगा, इस अवसर पर एक विषयक रैली निकाली जाएगी, जो जैन मंदिर से होकर रसूलपुर माता प्रसाद कलावती देवी शिक्षण संस्थान के प्रांगण में समाप्त होगी, जिसमें लगभग समाज के विभिन्न वर्गों के 5000 लोगों प्रतिभाग करेंगे, जिसका नेतृत्व माननीय पर्यटन मंत्री श्री जयवीर सिंह और जिलाधिकारी रमेश रंजन करेंगे, मुख्य विकास अधिकारी ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करें, यह रैली प्रातः 7:00 से प्रारंभ होगी

## यमुना घाट पर उगते सूर्य को अर्ध्य देकर व्रत पूरा किया!

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद! पसीना वाले हनुमान मंदिर के समीप यमुना घाट पर बजे तक यमुना नदी घाट पर खड़े होकर उगते सूर्य को अर्ध्य देने के साथ व्रत को पूरा किया गया। और



व्रतियों द्वारा छठ मैय्या की पूजा पाठ कर चौथे दिन मंगलबार की सुबह उगते सूर्य को अर्ध्य देकर व्रत सम्पन्न किया

समिति द्वारा 27 अक्टूबर को शाम 03 बजे से साँय 07 बजे तक यमुना नदी के किनारे घाट पर सूर्यास्त के समय नदी में खड़े होकर अर्ध्य दिया। मंगलवार दिनाँक 28 अक्टूबर को सुबह 04 बजे से 08 प्रसाद वितरण किया गया।

समिति द्वारा इस अवसर पर जिला प्रशासन , पुलिस प्रशासन सहित नगर निगम और मीडिया का सहयोग करने के लिये धन्यबाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इन सभी के अथक प्रयासों के कारण बिना किसी परेशानी के साथ यह महापर्व के अवसर पर पूजा सम्पन्न हो सकी है।

## अज्ञात ट्रक चालक व मारुती वैन में हुई भीषण टक्कर से मारुति चालक गंभीर रूप से घायल।

कानपुर विशेष संवाददाता। एक तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक चालक ने थाना महाराज पुर में मारुती वैन में जोरदार टक्कर मार कर ट्रक चालक ट्रक लेकर फरार हो गया टक्कर इतनी जोरदार थी कि मारुती वैन कार पूरी तेज रफ्तार बेकाबू ट्रक चालक की टक्कर से मारुती वैन कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई वहीं वैन कार चालक पत्रकार का बेटा आकिल हुसैन गंभीर रूप से घायल हो गया घटना की सूचना मिलने पर परिवार



तरह क्षतिग्रस्त हो गई चालक गंभीर रूप से घायल हो गया वैन चालक के परिजनों ने एक निजी अस्पताल में उपचार करा रहे हैं। जानकारी के अनुसार बाबू पुरवा थाना क्षेत्र के रहने वाले तेज रफ्तार इंडिया न्यूज चैनल के संपादक हामिद हुसैन पत्रकार का बेटा आकिल हुसैन उम्र लगभग 24 वर्ष आज दिनांक 28/10/2025 को समय लगभग रात लगभग 3:00 बजे मारुती वैन कार से फतेहपुर से कानपुर अपने घर वापस लौट रहा था। थाना महाराजपुर के पास एक वाले घटनास्थल पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल पत्रकार हामिद हुसैन के बेटे को लेकर एक निजी अस्पताल में भर्ती कराकर इलाज कराया मौके पर पत्रकार के बड़े बेटे आमिर हुसैन जो कि खुद पत्रकार है मौके पर पहुंच गए और सभी परिजन मौजूद हैं पत्रकार हामिद हुसैन एक अपने निजी काम से हाई कोर्ट इलाहाबाद गए हुए थे घटना की सूचना मिलने पर वापस लौट रहे है मारुती वैन कार में टक्कर मारने वाला अज्ञात ट्रक चालक ट्रक लेकर भाग गया।

# टीएमयू कैंपस में प्रज्ञानंद मुनि महाराज, समेत पांच जैन संतों का मंगल प्रवेश

**संवाददाता /समाज जागरण**

श्री मज्जिनेन्द्र कल्पद्रुम महामण्डल विधान 30 अक्टूबर से होगा प्रारम्भ, प्रज्ञाश्रवण उपाध्याय श्री 108 प्रज्ञानंद मुनि महाराज जी, मुनि श्री सभ्यानंद जी मुनिराज, कर्मयोगी क्षुल्लकरत्न गिरनार पीठाधीश श्री 105 समर्पण सागर जी महाराज, क्षुल्लक श्री 105 दिव्यानंद जी महाराज, क्षुल्लक श्री 105 प्रबुद्धानंद जी महाराज सरीखे जैन संतों के सानिध्य में 07 नवंबर तक चलेगा महामण्डल विधान

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद में प्रज्ञाश्रवण उपाध्याय श्री 108 प्रज्ञानंद मुनि महाराज जी, मुनि श्री सभ्यानंद जी मुनिराज, कर्मयोगी क्षुल्लकरत्न गिरनार पीठाधीश श्री 105 समर्पण सागर जी महाराज, क्षुल्लक श्री 105 दिव्यानंद जी महाराज, क्षुल्लक श्री 105 प्रबुद्धानंद जी महाराज सरीखे जैन संतों का मंगलवार को टीएमयू कैंपस में भव्य



मंगल प्रवेश हुआ। इन संतों का यूनिवर्सिटी के मुख्य द्वार पर कुलाधिपति श्री सुरेश जैन, फर्स्ट लेडी श्रीमती वीना जैन, जीवीसी श्री मनीष जैन, श्रीमती ऋचा जैन, एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन, श्रीमती जहान्वी जैन समेत जिनालय परिवार ने आस्थामय स्वागत किया। यहां से ये संत जयकारों के बीच जिनालय पहुंचे, जहां कुलाधिपति परिवार ने प्रज्ञाश्रवण उपाध्याय श्री 108 प्रज्ञानंद मुनि महाराज जी का पाद प्राक्षालन करके आरती की। तुरंत बाद प्रज्ञाश्रवण श्री के सानिध्य में विधि-विधान से जिनालय में हस्तिनापुर से आए 1008 श्री आदिनाथ भगवान की चार प्रतिमाओं का अभिषेक करके शांतिधारा की। इससे पूर्व जयकारों के बीच हस्तिनापुर के जम्बूद्वीप से आईं प्रतिमाओं को जिनालय में वेदी पर विराजमान कर दिया गया। उल्लेखनीय है, ये प्रतिमाएं श्री मज्जिनेन्द्र कल्पद्रुम महामण्डल विधान एवम् विश्व शांति महायज्ञ में समोशरण की साक्षी बनेंगी।

खास बात यह है, ये प्रतिमाएं गणिनी प्रमुख ज्ञानमती माताजी के आशीर्वाद से मंगलवार की सुबह ही जिनालय पहुंची हैं। जिनालय से ये संत भवन को रवाना हो गए। तय कार्यक्रम के अनुसार कल्पद्रुम महामण्डल विधान 30 अक्टूबर को प्रारम्भ होगा, जिसमें इन संतों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। श्री मज्जिनेन्द्र कल्पद्रुम महामण्डल विधान एवम् विश्व शांति महायज्ञ 07 नवंबर तक चलेगा। विधान में प्रातः 06 बजे अभिषेक और शांतिधारा, साढे आठ बजे प्रवचन/विधान प्रारम्भ, जबकि सांय 07 बजे आरती, 07:30 बजे शास्त्र प्रवचन, रात्रि 08: 00 बजे सांस्कृतिक/ धार्मिक कार्यक्रम होंगे। साथ ही 30 अक्टूबर को प्रातः 06 बजे देव आज्ञा, घट यात्रा, ध्वजारोहण, 03 नवंबर को रात्रि 08:30 बजे सौधर्मसभा, 04 नवंबर को रात्रि 08:30 बजे चक्रवर्ती दरबार, 05 नवंबर को प्रातः 08:30 बजे दिग्विजय यात्रा, रात्रि 08:30 बजे बाहुबली दरबार, 06 नवंबर को रात्रि 08:30 बजे अहिंसक युद्ध, 07 नवंबर को विश्वशांति महायज्ञ का विशेष आयोजन होगा। इस मौके पर मुरादाबाद जैन समाज के अध्यक्ष श्री अनिल जैन, वीसी प्रो. वीके जैन, डॉ. कल्पना जैन, प्रो. रवि जैन, प्रो. विपिन जैन, डॉ. विनीता जैन, डॉ. नीलिमा जैन, डॉ. अर्चना जैन के अलावा श्री प्रयास जैन, श्री धार्मिक जैन, श्री सर्वज्ञ जैन, श्री श्रीष जैन, श्री अभिषेक जैन, श्रीमती अहिंसा जैन, श्रीमती स्वाति जैन, श्री सौम्य जैन, श्रीमती विनीता जैन, श्री पारस जैन, श्री चिराग जैन, श्री अंकित जैन आदि मौजूद रहे।

# नगरपालिका में भ्रष्टाचार की शासन ने बैठाई जांच

— विकास कार्यों में भेदभाव, भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितताओं के लगे हैं आरोप
— तहसीलदार के नेतृत्व में पांच सदस्यीय टीम गठित

**समाज जागरण**

कैराना। नगरपालिका कैराना द्वारा विकास कार्यों में भेदभाव, भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितताओं के आरोप लगने के बाद शासन ने जांच का आदेश दिया है। तहसीलदार के नेतृत्व में पांच सदस्यीय जांच टीम गठित की गई है। यह टीम वर्तमान चेयरमैन के कार्यकाल में कराए गए सभी विकास कार्यों की गहन जांच करेगी। इसके बाद रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। नगरपालिका कैराना के चेयरमैन शमशाद अहमद अंसारी पर आरोप लगते रहे हैं। पिछले दिनों भाजपा कैराना मंडल अध्यक्ष अतुल मित्तल ने शासन को शिकायत भेजी थी, जिसमें विकास कार्यों में पक्षपात, भ्रष्टाचार और वित्तीय गड़बड़ियों के आरोप लगाए गए थे। शिकायत में मांग की गई थी कि पालिका द्वारा कराए गए प्रत्येक कार्य की जांच होनी चाहिए। इस मामले पर शासन ने संज्ञान लिया और नगरपालिका की जांच के आदेश दिए। इसके बाद जिलाधिकारी ने तहसीलदार अर्जुन सिंह चौहान को जांच टीम का प्रमुख नियुक्त किया। टीम में 5 सदस्य शामिल हैं, जो चेयरमैन के पूरे कार्यकाल की फाइलों, खर्चों और विकास परियोजनाओं की पड़ताल करेंगे तथा रिपोर्ट बनाएंगे। रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी। उच्चाधिकारियों के माध्यम से जांच रिपोर्ट शासन में जाएगी। वहीं, शिकायतकर्ता अतुल मित्तल का आरोप है कि नगरपालिका में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हो रहा है। हमने शासन से हर कार्य की जांच कराने की मांग की थी।

अब टीम गठित हो गई है, उम्मीद है सच्चाई सामने आएगी। इस संबंध में नगरपालिका के चेयरमैन शमशाद अहमद अंसारी ने आरोप बेबुनियाद बताए हैं। तहसीलदार अर्जुन सिंह चौहान ने बताया कि शासन के आदेश पर पांच सदस्यीय टीम उनके नेतृत्व में गठित की गई है। हम चेयरमैन के कार्यकाल में कराए गए सभी कार्यों की जांच करेंगे। जांच पूरी होने के बाद विस्तृत रिपोर्ट भेजी जाएगी।

# कैराना कोर्ट सख्त – एसडीएम व थाना प्रभारी की गैरहाजिरी पर फटकार,

**समाज जागरण कांधला।**

प्राचीन श्री रामलीला पंचवटी मंडप ट्रस्ट बनाम उप-जिलाधिकारी कैराना एवं अन्य वाद की सुनवाई के दौरान एसडीएम कैराना और कांधला थाना प्रभारी की अनुपस्थिति पर न्यायालय ने कड़ा रुख अपनाया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने इसे न्यायालय के आदेशों की खुली अवमानना करार देते हुए दोनों अधिकारियों को अंतिम अवसर प्रदान किया और चेतावनी दी कि यदि अगली तिथि तक संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया, तो कठोर दंडात्मक आदेश पारित किए जाएंगे।सुनवाई के दौरान वादी पक्ष के अध्यक्ष आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज ने न्यायालय को अवगत कराया कि 12 सितंबर 2025 को पारित आदेश का जानबूझकर पालन नहीं किया गया। प्रतिवादी अधिकारियों ने न तो कोई जवाब दाखिल किया और न ही अदालत में उपस्थित हुए। वादी ने आरोप लगाया कि एसडीएम के मौखिक आदेशों के चलते धार्मिक आयोजन बाधित हुआ, जो न्यायालय के आदेशों का सीधा उल्लंघन है। इस संबंध में उन्होंने ऑडियो रिकॉर्डिंग और सीसीटीवी फुटेज को साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किया तथा ऑर्डर 39 रूल 2(ए) सीपीसी के तहत अवमानना दंड की मांग की।वादी पक्ष ने यह भी बताया कि सभी प्रतिवादियों को रजिस्ट्री और व्हाट्सएप के माध्यम से नोटिस भेजी जा चुकी हैं, जिससे यह साबित होता है कि उन्हें मामले की पूरी जानकारी है। इस पर न्यायालय ने टिप्पणी की कि यह आचरण आदेशों की खुली अवमानना के समान प्रतीत होता है। अदालत ने प्रतिवादियों को अंतिम अवसर देते हुए अगली तिथि पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया, अन्यथा स्वतः संज्ञान लेकर अवमानना की कार्यवाही शुरू की जाएगी।

# स्कूटी सवार गड्ढे में गिरने से हुआ गंभीर रूप से चोटिल

**समाज जागरण कांधला।**

थाना क्षेत्र के एलम बाईपास मार्ग पर हाईवे में बने गड्ढे में स्कूटी सवार गिर जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। नगर एवं क्षेत्र के लोगों ने सड़क को गड्ढा मुक्त कराए जाने की मांग की है। नगर के मोहल्ला माजरा निवासी पारस स्कूटी पर सवार होकर किसी कार्य से कस्बा एलम गया हुआ था। जैसे स्कूटी सवार अपना कार्य समाप्त कर वापस आ रहा था तो उसकी स्कूटी का पहिया बाईपास मार्ग पर बने गड्ढे में गिर गया जिस कारण स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की चीख पुकार सुनकर आसपास के लोगों ने उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकोघायल को प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मामले में क्षेत्रवासी संजय, विनोद,अजयपाल, राजेश,नदीम, अनीस, विजयपाल, अमित मलिक, अंकित मलिक, राजेंद्र सहित आदि लोगों ने बताया कि आए दिन गढ़ों में गिरकर वाहन स्वामी चोटिल हो रहे हैं जिला प्रशासन इस और कोई ध्यान नहीं दे रहा है, इस दौरान सभी लोगों ने जिलाधिकारी से सड़कों का गड्ढा मुक्त कराए जाने की मांग की है।

# हिंसक डॉग ने किया महिला पर हमला दिल्ली अस्पताल,रेफर

**समाज जागरण कांधला।**



थाना क्षेत्र के गांव हाजीपुर दुगड्डा में एक हिंसक डॉग ने एक महिला पर जानलेवा हमला करते हुए गंभीर रूप से घायल कर दिया. परिजनों ने आनन-फानन में उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार कर महिला को दिल्ली अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। थाना क्षेत्र के गांव हाजीपुर दुगड्डा निवासी महिला जास्मीन पत्नी सादिक अपने घर के बाहर गली में घरेलू कार्य कर रही थी। परिजनों के अनुसार तभी एक पागल हिंसक डॉग ने कार्य कर रही महिला पर जानलेवा हमला कर दिया। पागल डॉग के द्वारा किए गए हमले से महिला ने शोर मचा दिया। महिला के चेक पुकार सुनकर आसपास के लोग डंडे लेकर दौड़ाया और हिंसक डॉग को मौके से दौड़ाया। परिजनों ने आनंन-फानन में घायल महिला को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल महिला को एंटी रेबीज की वैक्सीन लगाने के बाद प्राथमिक उपचार कर गंभीर हालत में दिल्ली अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। सरकारी अस्पताल के डॉक्टर वीरेंद्र सिंह के द्वारा बताया गया कि एक महिला पर डॉग ने हमला कर दिया था परिजनों ने उपचार के लिए भर्ती कराया था। प्राथमिक उपचार के बाद दिल्ली अस्पताल भेजा गया है।

# डांगरौल-सुन्ना-मखमुलपुर-किवाना मार्ग का शिलान्यास, क्षेत्र में खुशी की लहर

**समाज जागरण कांधला।**



रालोद नेता की चार साल की मेहनत आखिरकार रंग लाई। उनके निरंतर प्रयासों से डांगरौल, सुन्ना, मखमुलपुर, किवाना, मतनावली, रजवहे पटरी मार्ग का शिलान्यास किया गया, जिससे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। बताया गया कि रालोद नेता राजन जावला पिछले चार वर्षों से इस सड़क को बनवाने के लिए लगातार संघर्ष कर रहे थे और किसान दिवस सहित कई अवसरों पर इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाते रहे। जिला अधिकारी अरविंद चौहान, मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी तथा सिंचाई विभाग के एक्सईएन विवेक के सहयोग से यह कार्य साकार हो सका।शिलान्यास कार्यक्रम में रालोद नेता राजन जावला ने नारियल फोड़कर और फीता काटकर सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि यह सड़क क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग थी, जिसके बनने से भनेड़ा, कनियान,डांगरौल, भभीसा, हुर मंजपुर, सुन्ना, मखमुलपुर, किवाना, रामपुर खेड़ी, मतनावली सहित कई गांवों के लोगों को आवागमन में राहत और विकास की दिशा में नई ऊर्जा मिलेगी। कार्यक्रम के शुभ अवसर पर लड्डू बांटकर और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर ग्रामीणों ने अपनी खुशी का इजहार किया।इस मौके पर गांव मखमुलपुर से राहुल मलिक, पंकज शर्मा, अभय, अर्पित मलिक,राहुल मलिक, विनोद मलिक, गौरव मलिक, विनोद ठेकेदार, सुधीर जावला, विक्की जावला, सतीश मास्टर, कंवरपाल, सोहनलाल मास्टर, नितिन, चंद्रपाल, प्रवीण गिरिगढ़ समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# दो भाइयों पर मारपीट करने का आरोप

**समाज जागरण कांधला।**

थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी दो भाइयों ने गांव के युवक के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी है पीड़ित ने थाने पहुंचकर कार्रवाई की मांग करते हुए सुरक्षा की गुहार लगाई है। थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी साकिब ने बताया कि पीड़ित विगत एक सप्ताह पूर्व गांव के ही समीम ठेकेदार के साथ मुरादनगर मजदूरी करने के लिए गया था उसके साथ गांव का ही एक युवक राजा भी गया हुआ था। पीड़ित का आरोप है कि राजा ने उसके साथ काम पर गाली गलौज करते हुए मारपीट की पीड़ित जान बचाकर अपने गांव में आ गया। पीड़ित ने आरोपी के भाई बादल से शिकायत की तो आरोप है कि उसने भी उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी है. मंगलवार को पीड़ित ने थाने पहुंचकर आरोपी दोनों भाइयों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# किशोरी लापता अज्ञात में हुआ अभियोग दर्ज

**समाज जागरण कांधला।**

कस्बा निवासी एक किशोरी घर से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई, पुलिस ने पीडित पिता की तहरीर पर अज्ञात में अभियोग दर्ज कराते हुए किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। कस्बा निवासी एक व्यक्ति ने दो दिन पूर्व थाने पर तहरीर देकर बताया था कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री घर से कहीं चली गई। काफी खोजबीन करने के बाद भी उसकी नाबालिग पुत्री का कहीं भी सुराग नहीं लगा। पीड़ित ने गैर समुदाय के एक युवक पर उसकी पुत्री को ले जाने का शक जाहिर कर व एक मोबाइल नंबर तहरीर सहित पुलिस को देते हुए बताया था कि उसकी पुत्री इस नंबर पर बात करती थी। पीड़ित पिता ने अनहोनी की आशंका व्यक्त करते हुए थाने पहुंचकर अपनी लापता पुत्री की गुमशुदगी की सूचना दर्ज कराते हुए बरामद करने की गुहार लगाई थी। मंगलवार को पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर पर अज्ञात में अभियोग दर्ज करते हुए मोबाइल नंबर के आधार पर लापता किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि अभियोग दर्ज कर लिया गया। जल्दी किशोरी को भी बरामद कर लिया जाएगा।

# युवती की आत्महत्या की चेतावनी के बाद आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा गया

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**




झिंझाना क्षेत्र की एक युवती द्वारा क क्षेत्र के युवक पर अनैतिक संबंध बनाने का दबाव डालने के आरोप में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला उस समय सुर्खियों में आया, जब पीड़िता ने न्याय न मिलने पर आत्महत्या की चेतावनी देते हुए सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर दिया था। बताया गया कि झिंझाना थाना क्षेत्र की एक युवती ने विगत सोमवार को थाने में तहरीर दी थी कि असदपुर जिड़ाना निवासी एक युवक रिहान ने कुछ समय पहले उससे निकाह किया था, जिसके बाद दोनों साथ रहने लगे थे। युवती का आरोप है कि निकाह के बाद आरोपी युवक उस पर अनैतिक कार्य करने का दबाव बनाने लगा और जब उसने विरोध किया तो युवक उसे छोड़कर चला गया। शिकायत मिलने पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए युवक को हिरासत में लिया और दोनों पक्षों के परिजनों को थाने बुलाया, लेकिन कोई हल नहीं निकल पाया। युवक ने युवती को साथ रखने से साफ इंकार कर दिया, जबकि युवती युवक के साथ रहने की जिद पर अड़ी रही। इस बीच युवती ने सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर आत्महत्या की चेतावनी दे डाली, जिससे मामला और गंभीर हो गया। पुलिस ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए युवती की तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना प्रभारी रक्षक सतीश कुमार का कहना है की युति का वीडियो वायरल हुआ था वायरल वीडियो के आधार पर आरोपी युवकों गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# कृषि बीज गोदाम में बीज बदलने पर, ब्लॉक में हंगामा मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण कांधला।**

विकास खण्ड परिसर में स्थित राजकीय कृषि गोदाम में अवकाश के दिन विभाग के कर्मचारियों के द्वारा बीज के बोरों को बदलकर उनकी कालाबाजारी करने का प्रयास किया जा रहा था। सूचना पर हंगामा हो गया, मौके पर जिला कृषि अधिकारी ने पहुंचकर तीन लोगों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कराते हुए पूरे प्रकरण की जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया है। मंगलवार को सरकारी अवकाश होने के कारण विकास खण्ड बंद था, ऐसे में ब्लॉक प्रमुख डा विनोद मलिक अपने किसी आवश्यक कार्य से विकास खण्ड परिसर में स्थित अपने कार्यालय में गए थे। विकास खण्ड परिसर में पहुंचने के बाद डा विनोद मलिक ने देखा कि परिसर में मौजूद राजकीय कृषि गोदाम का ताला खुला था, तथा मौके पर विभागीय कर्मचारियों के साथ अन्य कर्मचारी गोदाम के अंदर कार्य कर रहे थे। ब्लॉक प्रमुख ने गोदाम के अंदर जाकर देखा तो मौके पर विभागीय कर्मचारियों के सहित लगभग आठ कर्मचारी सरकारी बीजों को सरकारी बोरे से निकाल कर प्राइवेट बोरों में भर रहे थे। जब ब्लॉक प्रमुख ने उनसे ऐसा करने का कारण पूछा तो वह कोई स्पष्ट जबाब नही दे पाएं। जिसके बाद ब्लॉक प्रमुख डा विनोद मलिक ने सभी कर्मचारियों को बीज गोदाम से बाहर निकालते हुए वहां का ताला लगाकर मामले की जानकारी जिला कृषि अधिकारी के साथ - साथ अन्य उच्चाधिकारियों को दी। सूचना पर जिला कृषि अधिकारी प्रदीप कुमार यादव विकास खण्ड परिसर में स्थित बीज गोदाम पर पहुंचे तथा ताला खुलवाकर जांच के दौरान पाया कि किसानों को मिलने वाले बीज को भारी संख्या में बाजार में बेचने की तैयारी की जा रही थी। जिसके बाद उन्होंने तीन प्राइवेट कर्मचारियों के विरुद्ध थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। जिला कृषि अधिकारी की सूचना पर पुलिस ने कर्मचारियों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर लिया है।

# अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के युवा मंडल अध्यक्ष बने अश्वनी कौशिक

**समाज जागरण**

शामली। अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष चिन्मय भारद्वाज ने संगठन के राष्ट्रीय सचिव अशवनी शर्मा सींगरा की संस्तुति पर हथछोया निवासी एवं मेडिकल व्यवसायी अशवनी कौशिक को सहारनपुर मण्डल अध्यक्ष घोषित किया है।

दिल्ली के मंडोली स्थित अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के सम्मेलन



में दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष के रूप में पंडित राहुल शर्मा की ताजपोशी की गई। सम्मेलन के दौरान संगठन के विस्तार पर विस्तृत चर्चा हुई थी। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश में संगठन सृजन के लिए अशवनी कौशिक को सहारनपुर मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राष्ट्रीय सचिव अशवनी शर्मा सींगरा ने प्रेस नोट जारी करते हुए इसकी पुष्टि की। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही मण्डल के सभी जिलों में अध्यक्षों की घोषणा की जाएगी। उन्होंने कहा कि देश में आरक्षण का आधार जातिगत न होकर आर्थिक स्तर पर होना चाहिए, ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पुरोहित कल्याण बोर्ड का गठन सरकार ने अधर में लटका रखा है, जिसे शीघ्र लागू किया जाना आवश्यक है।

# विश्व प्रसिद्ध बॉडी बिल्डर फ्लेक्स व्हीलर का भव्य स्वागत

**समाज जागरण**



शामली। मंगलवार को विश्व प्रसिद्ध बॉडी बिल्डर फ्लेक्स व्हीलर का शामली पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। उन्होने शहर के कैराना रोड स्थित विराज होटल में अपने फूड सप्लीमेंट्स ब्रांड एसएमपी न्यूट्रेशन का प्रमोशन किया।

विश्वविख्यात बॉडी बिल्डर फ्लेक्स व्हीलर विश्व स्तर पर अपनी अद्भुत बॉडी संरचना और संतुलन के लिए जाने जाते हैं। वे चार बार के आर्नोल्ड क्लासिक विजेता रह चुके हैं। स्वयं महान बॉडी बिल्डर आर्नोल्ड श्वार्जनेगर ने भी उनके शारीरिक सौष्ठव की कई बार सराहना करते हुए कहा था कि मैंने फ्लेक्स व्हीलर जैसा बॉडी बिल्डर आज तक नहीं देखा। फ्लेक्स व्हीलर का यह दौरा उनके अपने फूड सप्लीमेंट्स ब्रांड एसएमपी न्यूट्रेशन के प्रमोशन के लिए रहा। उन्होने कहा कि यह ब्रांड अब शामली में जिम टाइम्स लिमिटेड स्टोर पर उपलब्ध है। उन्होने बताया कि शहर के उत्सव कुमार ने उच्च शिक्षित और फिटनेस के प्रति समर्पित उत्सव कुमार ने बॉडी बिल्डिंग को अपना पेशा बनाकर जिम टाइम्स लिमिटेड की स्थापना की, ताकि फिटनेस के क्षेत्र में रुचि रखने वाले युवाओं को सही मार्गदर्शन और विश्वस्तरीय सप्ली मेंट्स उपलब्ध हो सकें। उत्सव कुमार ने बताया कि बॉडी बिल्डिंग केवल शरीर को मजबूत बनाने का व्यायाम नहीं, बल्कि अनुशासन, पोषण और मानसिक दृढ़ता का संगम है। सुडौल शरीर के लिए नियमित व्यायाम, नियंत्रित आहार, उचित प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, फाइबर और फैट का संतुलन जरूरी है। इसके साथ एक योग्य सलाहकार का मार्गदर्शन आवश्यक है जो शरीर की संरचना और मेटाबॉलिज्म के अनुसार श्रेष्ठ डाइट प्लान तैयार कर सके। इस दौरान विश्वप्रसिद्ध बॉडी बिल्डर फ्लेक्स व्हीलर का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर सुधीर कुमार, दिनेश कुमार, सुधाकर आर्य, वेदप्रकाश आर्य, मुकेश जांगिड, महेश धीमान, अमित विश्वकर्मा, प्रतीक बत्रा, दीपक कुमार आदि मौजूद रहे।

# धान से भरे ट्रक को पकड़ने पर किसानों का मंडी में हंगामा

**समाज जागरण कांधला।**



नगर के कैराना मार्ग स्थित मंडी सचिव के द्वारा धान से भरे ट्रक को पकड़ने के बाद कार्यालय पर पहुंचे दर्जनों किसानों ने हंगामा करते हुए मंडी सचिव पर कई गंभीर आरोप लगाए इस दौरान कई लोग मौजूद रहे। विगत कई दिनों से किसानों का धान से भरे वाहन हरियाणा यूपी बॉर्डर स्थित बिडोली चेक पोस्ट पर खड़े हुए था। ट्रक हरियाणा में नहीं दाखिल होने पर एक ट्रक चालक ट्रक को लेकर पानीपत के रास्ते से हरियाणा में दाखिल होने के लिए आ रहा था। मगर ट्रक चालक रास्ता भटक कर कांधला क्षेत्र में आ पहुंचा। मंडी सचिव अनुराग चतुर्वेदी कैराना मार्ग पर चेकिंग कर रहे थे तो उन्होंने चेकिंग के दौरान धान से भरे ट्रक को रोक लिया। और पकड़कर मंडी ले गए, जिसकी सूचना मिलते ही किसानों में रोष फैल गया। मौके पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत के प्रदेश उपाध्यक्ष कपिल खाटियान दर्जनों किसानों के साथ नवीन सब्जी मंडी स्थित मंडी सचिव के कार्यालय पर पहुंचे और जमकर हंगामा किया। किसानों ने हंगामा करते हुए मुदार्बाद के नारे लगाए और कहा कि किसानों का लगातार अधिकारियों के द्वारा शोषण किया जा रहा है। किसान अब अपनी फसल भी नहीं बेच सकता मंडी सचिव ने जबरन ट्रक को पकड़ लिया किसानों ने मंडी सचिव पर कई तरह के गंभीर आरोप लगाते हुए उच्च अधिकारियों से शिकायत की है। जब इस बारे में मंडी सचिव अनुराग चतुर्वेदी से बात करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

# श्याम प्रतिष्ठा महोत्सव में भजनों के माध्यम से गूंजे बाबा श्याम के जयकारे

**समाज जागरण**

शामली। श्री खाटू श्याम परिवार शामली द्वारा आयोजित श्री श्याम बाबा प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत सतीवाला मंदिर पर भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें बाबा श्याम के भजनों का गुणगान किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ हरीश नामदेव द्वारा गणेश वंदना से हुआ। तत्पश्चात जयपुर से पधारी बाबा की लाडली बिटिया तृप्ति लड़डा ने खाटू वाले श्याम तेरी शरण में आ गए, हमारा बालाजी सालासर वाला खाटू वाला श्याम जोड़ी का जवाब नहीं, कब आएगा मेरा सांवरिया, गली गली में ऐलान होना चाहिए, हर मंदिर में श्याम होना चाहिए जैसे भावपूर्ण भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया और सभी को झूमने पर विवश कर दिया। कार्यक्रम में बाबा श्याम का भव्य श्रृंगार हरिओम पांचाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर ओम श्री बाबा श्याम परिवार शामली एवं श्री मुक्तेश्वर महादेव शिव मंदिर की ओर से समिति के पदाधिकारियों विकास गर्ग, सचिन जिंदल व अखिल तायल ने तृप्ति लड़डा को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। महाआरती एवं विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया।

इस अवसर पर सुनील गोयल, अश्वनी मित्तल, आयुष गुप्ता, प्रवीण रूहेला, साधु संगल, अर्चित मित्तल, हर्षित गुप्ता, केतन गुप्ता, आर्यन गुप्ता, अर्पित गोयल, विकास वर्मा उपस्थित रहे।

# श्री श्याम बाबा प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के दूसरे दिन गणेश शादी पंचांग, वास्तु पूजन व प्रधान देवताओं का पूजन संपन्न

**समाज जागरण**



शामली। ओम श्री बाबा श्याम परिवार शामली एवं श्री मुक्तेश्वर महादेव शिव मंदिर सतीवाला के संयुक्त तत्वावधान में सती मंदिर पर चल रहे श्री श्याम बाबा प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के दूसरे दिन धार्मिक अनुष्ठानों की श्रृंखला में गणेश शादी पंचांग, वास्तु पूजन और प्रधान देवताओं का पूजन संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम गणेश पूजन, पंचांग पूजन, वास्तु पीठ की स्थापना, 64 योगिनी पूजा, 64 प्रकार की देवियों की स्थापना पूजा, दस दिगपालों की स्थापना एवं प्रधान पीठ की स्थापना सहित विभिन्न वैदिक अनुष्ठान संपन्न किए गए। यह सभी पूजन आचार्य मुकेश भारद्वाज के सानिध्य में काशी और देवभूमि से पधारे विद्वान पंडितों के निर्देशन में संपन्न हुए। आचार्य विनोद दत्त नागर, देवानंद शास्त्री, आचार्य विक्रम मिश्रा काशी, पवन मालवीय, दिनेश पांडे, मनोज व्यास, चंदन पांडे, अनुपम दीक्षित सहित अनेक विद्वान उपस्थित रहे। प्रतिष्ठा महोत्सव में कथा व्यास अरविंद दृष्टा महाराज तथा हनुमान धाम के अध्यक्ष सलिल द्विवेदी विशेष रूप से पहुंचे। इस दौरान सती मंदिर कमेटी अध्यक्ष सचिन जिंदल, विकास गोयल, अखिल तायल, विकास गर्ग, मनीष तायल, नितिन जिंदल, सुनील गोयल, सुखमाल चंद्र गुप्ता, गौरी शंकर जिंदल, प्रदीप गुप्ता, मोहित बंसल, अमन गोयल, पुरुषोत्तम जिंदल, महेंद्र कुमार गर्ग, राजेंद्र गोयल, शिवकुमार गर्ग, राजेश बंसल, सतीश चंद्र गर्ग, महेश चंद्र बंसल आदि मौजूद रहे।

# इस्लामपुर घसौली में रालोद ने चलाया सदस्यता अभियान

**समाज जागरण**

शामली। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम इस्लामपुर घसौली में मंगलवार को राष्ट्रीय लोक दल सदस्यता अभियान कार्यक्रम का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में ग्राम इस्लामपुर घसौली के सभी वर्गों के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामप्रसाद स्वामी ने की, जबकि संचालन इरफान तुर्की द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि रालोद किसानों, मजदूरों, युवाओं और आम जनता की आवाज बनकर कार्य कर रही है, और जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठा रही है। कार्यक्रम के अंत में वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्रीय लोक दल की नीतियों से प्रेरित होकर बड़ी संख्या में लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं, जो आने वाले समय में संगठन को और अधिक सशक्त बनाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सदर विधायक प्रसन्न चौधरी, देशराज भनेड़ा, विजय कौशिक, अरविंद झाल, योगेश भभीसा, सुधीर प्रधान डांगरौद, मुकेश, नीरज, जुम्मा प्रधान, सत्तार पठान, पुष्पेंद्र मान, चौधरी करण सिंह, ओमपाल मुखिया, सुधीर प्रधान, सोनू प्रधान, प्रवीण कुमार, बिजेंद्र सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# मारपीट व गाली गलौच के मामले में युवक ने थाने पर की शिकायत

**समाज जागरण**



शामली। शहर के मोहल्ला पंसारियान एक व्यक्ति ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर मोहल्ले के ही कुछ लोगों पर मारपीट, गाली गलौच और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीडितों ने पुलिस पर कार्यवाही न करने का आरोप लगाया है। शहर के मोहल्ला पंसारियान निवासी अनिल कुमार पुत्र ज्योतिप्रसाद ने कोतवाली शामली में तहरीर देकर मोहल्ले के ही कुछ लोगों पर मारपीट, गाली गलौच और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। बताया कि वह मंगलवार को अपनी पत्नी और बेटी गुनगुन के साथ बाजार में सामान लेने जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में राहुल पुत्र राकेश, विनित पुत्र अर्जुन और अर्जुन पुत्र नरेश निवासी पंसारियान ने प्रार्थी व उसके परिवार को देखकर गाली गलौच शुरू कर दी। जब प्रार्थी ने विरोध किया तो उक्त लोगों ने मिलकर पंच व लाठी-डंडों से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आई प्रार्थी की पत्नी और बेटी के साथ भी मारपीट की गई, जिससे तीनों को गंभीर चोटें आईं। परिजन महिलाओं ने बताया कि वह किसी तरह थाने पहुंचे, जहां थोड़ी देर बाद उक्त आरोपियों के साथ सुशील और विनोद भी थाने पहुंच गए और वहां भी गाली गलौच व मारपीट करने लगे। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने बीच-बचाव कर उसकी जान बचाई। पीड़ित का आरोप है कि हमलावरों ने उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गए। पीड़ित परिवार भयभीत है और सुरक्षा की मांग की है। उन्होने मामले में जांच कर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

# सरूरपुर में हुआ स्वर्ण पदक विजेता काजल नैन का सम्मान

**समाज जागरण बागपत।**

स्वर्गीय राजकली देवी मैमोरियल ट्रस्ट के सौजन्य से श्री नेमीनाथ जैन बाल शिक्षा सदन सरूरपुर कलां (बागपत) के प्रांगण में सीनियर नेशनल आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता बेटी काजल नैन का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस सम्मान समारोह में एस्रो के निदेशक श्री संजय राणा के साथ समस्त विद्यालय परिवार एवं गांव के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष देशवीर नैन ने कहा कि यह सम्मान केवल काजल की व्यक्तिगत उपलब्धि का नहीं, बल्कि हर उस बेटी के हौसले का प्रतीक है जो अपने परिश्रम और संकल्प से घर, समाज और देश का मान बढ़ा रही है। बेटियां वास्तव में घर की आन, बान और शान हैं। हम सब मिलकर उनका सम्मान और प्रोत्साहन करें। इस अवसर पर बेटी काजल नैन ने कहा कि हर सफल शख्शियत के पीछे उसकी दिन रात की महंत और समर्पण छुपी होती है, सफलता का केवल एक ही रास्ता है और वह है ईमानदारी के साथ मेहनत। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक अमित जैन, प्रधानाचार्य पिंकी भटनागर, सुरेश देवी, कमलेश देवी, रीना श्रीवास्तव,ज्योति, दीपांशी, कविता आदि लोग उपस्थित थे।

## रालोद बनेगा जनता की आवाज - डॉ अनिल आर्य

--तितरोदा गांव में राष्ट्रीय लोक दल का सदस्यता अभियान आयोजित

**समाज जागरण बागपत।**

तितरोदा गांव में राष्ट्रीय लोक दल का सदस्यता अभियान उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव सुखबीर सिंह गठिना, छपरौली विधानसभा सदस्यता अभियान प्रभारी डॉ. अनिल आर्य, जिला महासचिव मास्टर बृजमोहन शास्त्री, जिला सचिव डॉ. सुशील वत्स,



रामपाल सिंह तोमर, डॉ. राजपाल सिंह, मनोज प्रधान, मास्टर विकास, यशपाल चौधरी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन मास्टर सतेंद्र शास्त्री ने किया। राष्ट्रीय महासचिव सुखबीर सिंह गठिना ने कहा कि रालोद ही वह राजनीतिक शक्ति है जो किसानों,

युवाओं और छोटे व्यापारियों की उम्मीदों पर खरी उतर सकती है, जिसे रालोद पूरी निष्ठा से आगे बढ़ा रहा है। डॉ. अनिल आर्य ने कहा कि सदस्यता अभियान से रालोद का जनाधार लगातार बढ़ रहा है। गांव-गांव में लोगों का जो उत्साह देखने को मिल रहा है, वह बताता है कि आने वाले चुनावों में रालोद मजबूती से जनता की आवाज बनेगा।

# दो बाइक आपस में टकराई चार बच्चों सहित एक व्यक्ति घायल

**समाज जागरण**

शामली। तेज रफ्तार एक अनियंत्रित बाइक सवार युवक ने दूसरी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में चार बच्चों सहित पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि हादसे के बाद आरोपी बाइक सवार मौके से फरार हो गया। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जनपद सहारनपुर क्षेत्र के गांव सत्ताखेडी निवासी आरिफ पुत्र आदिल अपनी



पत्नी सामिया व चार छोटे बच्चों आदिब, अरमान, महक और हुनैरा के साथ बाइक पर सवार होकर सहारनपुर से हरियाणा क्षेत्र के गांव सनोली जा रहा था। बताया जाता है कि जब वह शामली के बनत बाईपास पर पहुंचा तो इसी दौरान शामली की ओर से आ रहे तेज रफ्तार बाइक सवार ने आरिफ की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे आरिफ व उसका परिवार नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पाकर बाईपास पर तैनात पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और घायलों को शामली के जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों द्वारा उनको उपचार दिया गया।

# सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कालेज की बालिकाओं ने किया शानदार प्रदर्शन

**समाज जागरण**

शामली। सरस्वती विद्या मंदिर हायर सेकेंडरी रेजिडेंशियल स्कूल, शारदा विहार भोपाल में गत सप्ताह 23 से 26 अक्टूबर तक आयोजित 36वीं जूडो एवं कुराश प्रतियोगिता में शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की बालिकाओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-17 और अंडर-19 वर्ग में चौंपियनशिप हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया।



विद्यालय की कुल 12 बालिकाओं ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। कुराश प्रतियोगिता में गौरी अंडर-14, सृष्टि अंडर-19, सलोनी अंडर-19 ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। जबकि अवनी अंडर-19 ने जूडो में स्वर्ण पदक जीता। इसके अलावा वैष्णवी अंडर-19, जेसिका अंडर-17, रिया नयन अंडर-17 ने रजत पदक, तथा जया अंडर-17, रितिका अंडर-17 व पायल अंडर-17 ने कांस्य पदक अर्जित किया। बालिकाओं की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विद्यालय में भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय आगमन पर छात्राओं व उनकी प्रशिक्षक तेजस्विनी, रेनू रानी का पुष्प वर्षा कर सम्मान किया गया। प्रबंधक रवि बंसल एवं प्रधानाचार्य रविन्द्र कुमार ने विजेता छात्राओं को पुष्पमालाएं और ट्रॉफी भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर संजीव कुमार, संदीप कुमार, अमित कुमार, रवि कुमार, गीता रानी, अनीता रानी, राहुल कुमार, धर्मेंद्र कुमार, सुरभि रानी, आकांक्षा रानी, वंदना रानी, मोनिका रानी, विकास कुमार, मोहित कुमार, कपिल कुमार, अश्विनी कुमार आदि उपस्थित रहे।

# जिलेभर में धूमधाम के साथ मनाया गया छठ का पर्व

**समाज जागरण बागपत।**

जिलभर में छठ का पर्व पारम्परिक श्रद्धा व उल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान महिलाओं ने निर्जल व्रत रखकर सूर्य को अर्घ्य दिया और पुत्रों की लम्बी आयु होने की कामना की। पूर्वी लोगों ने एक-दूसरे को छठ की बधाईयां दी। बागपत शुगर मिल कॉलोनी के मॉ दुर्गा मंदिर में लोगों ने छठ का पर्व बड़े ही उत्साह, उमंग व श्रद्धा के साथ मनाया। इस दौरान सभी महिलाएं एक स्थान पर एकत्रित हुई और उसके बाद ढोल-नगाड़ों के साथ मंगल गीत गाते हुए उन्होंने छठ मैया की विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की और सूर्य को अर्घ्य



चढ़ाये। इस मौके पर सुप्रसिद्ध समाज सेविका एवं हर्बल न्यूट्रिशन ट्रेनर मनोरमा श्रोती ने बताया कि महिलाओं ने छठ पर्व पर अपने बच्चों की लम्बी आयु व घर-परिवार की खुशहाली तथा मनोकामना पूर्ति की कामना की। फल, मिठाई व ठेकुए से छठ मैया को भोग लगाया गया। महिलाओं ने निर्जल व्रत रखे। उसके बाद उन्होंने सूर्य देवता को अर्घ्य चढ़ाकर व्रत खोले। तत्पश्चात सभी को प्रसाद का वितरण किया। इसके अलावा कल-कारखानों व फैक्ट्री में रहने वाले लोगों ने भी छठ का पर्व मनाया और एक-दूसरे को छठ की बधाईयां दी। घर में तरह-तरह के पकवान बनाये गये और छठ की खुशियां मनाई गई। इसके अलावा काफी लोग बागपत यमुना नदी तथा गौरीपुर पुल पर भी पहुंचे और उन्होंने छठ मैया की पूजा की।

# बागपत में खुदाई में मिली प्राचीन दीवार,

--ग्रामीणों ने मंदिर होने का दावा किया, जांच की मांग

**समाज जागरण बागपत।**

बागपत के सिसाना गांव के जंगल में खंडवारी से मिट्टी की खुदाई के दौरान एक प्राचीन मंदिर जैसी दीवार दिखाई दी। इस खोज के बाद ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने इसे एक बहुत पुराना मंदिर बताते हुए पूरी खुदाई और जांच की मांग की है। सिसाना गांव निवासी राजू चौहान ने बताया कि सोमवार को मिट्टी खुदाई के दौरान यह दीवारें सामने आईं।



गांव के बुजुर्गों के अनुसार, सैकड़ों साल पहले इस स्थान पर एक गांव बसा हुआ था, जिसके बाद वर्तमान सिसाना गांव की स्थापना हुई। ग्रामीणों ने अधिकारियों से इस स्थल की पूरी तरह से खुदाई कराने, जांच करने और मंदिर का निर्माण कराने की मांग की है। अवैध मिट्टी खुदाई के दौरान दीवार जैसी आकृति मिलने के बाद लोगों में विशेष आस्था देखी जा रही है। फिलहाल, मिट्टी के इस खदान में खुदाई का काम रोक दिया गया है। ग्रामीणों ने अवैध मिट्टी खनन को स्थायी रूप से बंद करने और इस स्थान पर मंदिर निर्माण की मांग दोहराई है।

# ग्रामीणों ने की मलकपुर चीनी मिल पर ताला बंदी करने की मांग

--भाकियू प्रधान संगठन ने किया संगठन में विस्तार, सौंपी नहीं जिम्मेदारी

**समाज जागरण बागपत।**

भारतीय किसान यूनियन (प्रधान) के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश प्रधान मंगलवार को बागपत के मलकपुर गांव पहुंचे जहां उन्होंने किसानों के साथ एक बैठक को संबोधित किया उसके पश्चात भारतीय किसान यूनियन (प्रधान) में नई नियुक्तियां भी की गईं। इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन प्रधान ने मलकपुर गांव में नई नियुक्तियाँ करते हुए रविंद्र पंवार जिला कों जिला अध्यक्ष बागपत और कमलदीप तोमर कों युवा जिला अध्यक्ष व विपिन दांगी युवा जिला अध्यक्ष बागपत राकेश त्यागी ब्लॉक अध्यक्ष बड़ौत ओमकार तोमर जिला महासचिव बागपत बनाते हुए भाकियू प्रधान ने अपना कुनबा बढ़ाया। इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन प्रधान के राष्ट्रीय महासचिव संजीव दांगी ने मंच से बोलते हुए मलकपुर चीनी मिल को बंद करने की चेतावनी दे डाली उन्होंने कहा कि लंबे समय से किसानों का अरबो रुपए मलकपुर मिल पर बकाया है मलकपुर मिल को ना किसी पीएम न किसी सीएम



और ना किसी नेता का कोई डर है,जब तक इस मिल को बंद नहीं करेंगे तब तक यह गन्ना भुगतान नहीं करेगा। उन्होंने आगे बोलते हुए कहा कि आज हम उसी गांव में हैं जिस गांव का मीडिया मैं नाम छाया रहता है वह भी सिर्फ मलकपुर मिल की करनी और कथनी के चलते, मलकपुर मिल किसानों का लंबे समय से शोषण कर रहा है। उन्होंने मलकपुर मिल पर तालाबंदी करने की भी चेतनी देते हुए कहा इसे पूर्ण रूप से बंद कर दिया जाए। जिन किसानों का गन्ना बकाया भुगतान है उन्हें मिल की संपत्ति बेच कर दिया जाए। उन्होंने आगे बोलते हुए कहा कि जल्द ही हमारा संगठन इस पर बड़ा निर्णय लेगा और मलकपुर मिल पर तालाबंदी कर धरना भी दिया जाएगा।जिसकी जल्दी घोषणा होगी। इस मौके पर नवीनुक जिला अध्यक्ष रविंद्र पवार ने कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी दी है उसे पूर्ण रूप से निभाऊंगा और बागपत में सबसे बड़ा मुद्दा गन्ना भुगतान है जिसे जल्द ही किसानों से संपर्क कर मलकपुर मिल के खिलाफ अधिकारियों के कार्यालय तक चक्का जाम किया जाएगा। वही मलकपुर गांव के ही नवनियुक्त युवा जिला अध्यक्ष कमलदीप तोमर गांव ने कहां की बागपत में संगठन का विस्तार किया जाएगा। विस्तार के चलते हमें मलकपुर मिल की हर खामियों का पता है क्योंकि यह हमारे गांव में स्थित है जल्द ही किसानों के बकाया गन्ना भुगतान को लेकर एक बड़ा आंदोलन खड़ा किया जाएगा जिससे कि किसानों को बकाया गन्ना भुगतान मिल सके। उन्होंने प्रदेश सरकार से भी मलकपुर चीनी मिल पर कार्रवाई की मांग की है।

# गुरु गद्दी ऊन पर भव्य संत समागम का आयोजन

**समाज जागरण**

शामली। गढ़ीपुख्ता में अखिल भारतीय संत शिरोमणि सतगुरु रविदास मिशन के तत्वाधान में स्वामी ज्ञान भिक्षुक दास महाराज की 173वीं जयंती के उपलक्ष्य में गुरु गद्दी ऊन पर भव्य संत समागम धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संत शिरोमणि सतगुरु रविदास महाराज, सिद्धपीठ स्वामी ज्ञान भिक्षुक मंदिर एवं सतगुरु स्वामी समनदास महाराज के चरणों में गुरुपूजा अर्पित कर आरती वंदना से हुआ। संत समागम में उमड़ी भारी भीड़ को संबोधित करते हुए गुरु गद्दी ऊन के महंत आचार्य संत कंवरपाल ब्रह्मचारी जी महाराज ने कहा कि सत्संग जीवन में नया आयाम लाता है, क्योंकि संगत की रंगत से मन का मैल धुलता है। जहां प्रेम है, वहीं परमात्मा का वास है। उन्होंने कहा कि अहम और वहम दोनों जीवन के लिए घातक हैं, इसलिए मन की चंचलता पर नियंत्रण रखते हुए सेवा, सुमिरन और सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद इकरा हसन ने कहा कि संत समागम धार्मिक व सामाजिक समरसता का प्रतीक है, इसका राजनीति से कोई संबंध नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ लोग



जातिवादी मानसिकता से समाज में भेदभाव फैलाने का प्रयास करते हैं, परंतु यह भारत भूमि संत रविदास जैसे महान संतो की पावन भूमि है। जिनकी शिक्षाएं आज भी मानवता का मार्ग प्रशस्त करती हैं। उन्होंने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर सहित अन्य महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज को शिक्षित और संस्कारित बनाने का आह्वान किया। समारोह में डॉ. बृजपाल सिंह जगरौली, सुनील जाटव, थानाभवन चेयरमैन राव जमशेद, ब्लॉक प्रमुख पुरकाजी मालती देवी, धनप्रकाश, महात्मा गुरुमुख दास ब्रह्मचारी, संत खुशीदास, महात्मा बेगराज दास और महात्मा गुलाब दास ने भी विचार व्यक्त किए।

# निरपुड़ा में रालोद का सदस्यता अभियान – युवाओं ने थामा रालोद का साथ

**समाज जागरण बागपत।**

निरपुड़ा गांव में राष्ट्रीय लोक दल का सदस्यता अभियान कार्यक्रम अत्यंत उत्साहपूर्ण माहौल में आयोजित हुआ। हजारों की संख्या में ग्रामीणों, युवाओं और किसानों ने रालोद की नीतियों एवं विचारधारा से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। जय जय चौधरी जयंत सिंह के नारों से पूरा गांव रालोदमय हो गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सचिव डॉ. कुलदीप उज्ज्वल, छपरौली विधान सभा सदस्यता अभियान प्रभारी डॉ. अनिल आर्य, विधानसभा अध्यक्ष मास्टर आनंद छिल्लर, पूर्व चेयरमैन जयदेव सिंह, गुल्लू प्रधान दाहा, सोमपाल फौजी, जवाहर सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता चौगामा चौधरी कृषिपाल सिंह ने की



तथा संचालन बिल्लू शर्मा ने किया। राष्ट्रीय सचिव डॉ. कुलदीप उज्ज्वल ने कहा कि रालोद लगातार जनता से जुड़कर संगठन को मजबूत कर रहा है। गांव-गांव में चल रहे सदस्यता अभियान से युवाओं और किसानों में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। डॉ. अनिल आर्य ने कहा कि रालोद का उद्देश्य हर वर्ग को सम्मान और अवसर देना है। छपरौली विधानसभा क्षेत्र में संगठन लगातार सशक्त हो रहा है और जनता का उत्साह यह दशार्ता है कि रालोद का जनाधार तेजी से बढ़ रहा है। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने चौधरी जयंत सिंह के नेतृत्व पर पूर्ण विश्वास व्यक्त करते हुए रालोद को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

# डंपिंग ग्राउंड में लगी भीषण आग, आसमान में धुएं का गुबार छाया, दो घंटे में दमकल ने पाया काबू

**समाज जागरण बागपत।**

शहर के नगर पालिका क्षेत्र स्थित डंपिंग ग्राउंड में सोमवार और मंगलवार की मध्य रात्रि भीषण आग लग गई। आग पर काबू पाने के लिए दमकल विभाग को करीब दो घंटे तक मशक्कत करनी पड़ी। देखते ही देखते आग ने कचरे के ढेर को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे आसमान में धुएं का गुबार छा गया। तेज हवाओं के कारण आग तेजी से फैली, जिससे आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर दमकल विभाग की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। नगर पालिका के कर्मचारी और अधिकारी भी घटना स्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी भड़ाना ने



बताया कि आग बुझाने के लिए तीन दमकल गाड़ियां भेजी गई थीं। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा कचरा जलाना या गैस रिसाव हो सकता है। आग के कारण आसपास के इलाकों में धुआं फैलने से लोगों को सांस लेने में परेशानी हुई। प्रशासन ने भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए डंपिंग ग्राउंड की सुरक्षा बढ़ाने और नियमित निगरानी के निर्देश दिए हैं।

# -माध्यमिक शिक्षक संघ (ठकुराई गुट) की बैठक में नई कार्यकारिणी घोषित,

-नवनियुक्त पदाधिकारियों का किया गया स्वागत

**समाज जागरण**

शामली। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (ठकुराई गुट) की एक बैठक मंगलवार को वीवी इंटर कॉलेज में जिलाध्यक्ष कैप्टन रजनीश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जनपद शामली की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई तथा नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूलमालाओं से स्वागत किया गया। मंगलवार को घोषित कार्यकारिणी में संरक्षक के रूप में प्रधानाचार्य एसके आर्य, डॉ. रुचिता ढाका और डॉ. नीरा सिंह को मनोनीत किया गया। जिलामंत्री के रूप में जिया-उल-हक अंसारी, कार्यकारी जिलाध्यक्ष सुनील शर्मा, कार्यकारी मंत्री देवेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष आशीष कुमार, संयुक्त मंत्री अजय मिश्रा, महिला जिलाध्यक्ष प्रधानाचार्या डॉ. पूजा मलिक, महिला



उपाध्यक्ष डॉ. गीता सिंह और मुन्नी सिंह, महिला मंत्री मधुबाला को जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अतिरिक्त केपी मलिक, रमेश चंद्रा, नीरज कुमार, मुकेश कुमार, दीपक कुमार और शशांक अग्रवाल को जिला उपाध्यक्ष तथा 12 सदस्यों को कार्यकारिणी में शामिल किया गया। जिलाध्यक्ष कैप्टन रजनीश कुमार ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि सभी सदस्य संगठन की नीतियों और उद्देश्यों के प्रति पूर्ण निष्ठा और मनोयोग से कार्य करें। उन्होंने आगामी 6 नवंबर तक शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन के लिए अधिक से अधिक मतदाताओं का पंजीकरण कराने पर बल दिया। मौके पर सुनील शर्मा, देवेंद्र कुमार, नकुल कुमार, रमेश चंद्रा, मुकेश कुमार, रामबीर गौड़, डॉ. विजय कुमार, संजीव कुमार, केपी मलिक, राजीव कुमार मौजूद रहे।

# -महिलाओं ने छठ मइया की पूजा कर मांगी सुख स्मृद्धि

-शामली के हनुमान धाम स्थित शिव सरोवर में उगते सूर्य को दिया अर्घ्य

**समाज जागरण**

शामली। मंगलवार को छठ पूजा पर्व श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया। कैराना में यूपी-हरियाणा बॉर्डर पर स्थित यमुना नदी व शहर के हनुमान धाम पर सवेरे श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। इस दौरान श्रद्धालुओं ने उगते सूर्य की विशेष पूजा-अर्चना की तथा अर्घ्य दिया। महिलाओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और परिवार कर सुख स्मृद्धि की कामना की।

मंगलवार को छठ पर्व पर महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर उगते सूर्य को अर्घ्य देकर पूजा की। हनुमान धाम के शिव सरोवर के पास सामूहिक पूजा-अर्चना की गई। इस बार शिव सरोवर में कार्य के चलते पानी नही भरा गया था, जिस कारण मंदिर समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए वैकल्पिक व्यावस्था की गई थी। श्रद्धालुओं में किसी ने टब में तो किसी ने फ्लावर पोट में जलभर सूर्य को अर्द्ध दिया। महिलाओं ने छठ के गीत गाए और सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। श्रद्धालुओं का सवेरे 4 बजे से आना शुरू हो गया था।



महिलाऐं, पुरूष व बच्चे ने सूर्य निकलने तक पानी में खडे रहकर पूजा अर्चना की। सामूहिक रूप से सूर्य देव की विधि विधान से पूजा की। पूजा में फल, सब्जी रखकर मंगल गीत गाए और शिव सरोवर के जल में खड़े होकर सूर्य को अर्घ्य दिया। श्रद्धालुओं ने छठ मइया से घर परिवार की सुख-समृद्धि और स्वास्थ्य की कामना की। वही कैराना के यूपी हरियाणा बोर्डर स्थित यमुना नदी पर भी श्रद्धालुओं की भीड रही। यमुना तट पर पहुंचकर सूर्य को अर्घ्य दिया। सूर्य उदय से पूर्व हरियाणा बोर्डर पर कंडील भी छोडे गए। छठ पूजा के मददेनजर सुरक्षा की दृष्टि से शहर के हनुमान धाम पर पुलिस फोर्स भी तैनात रहा। इसके अलावा कैराना बोर्डर पुलिसकर्मी व गोताखोर भी तैनात किए गए थे।

# सत्संग का वास्तविक अर्थ है आत्मा को शुद्ध करने का मार्ग, जैन मुनि

**समाज जागरण**

शामली। शहर के जैन धर्मशाला में मुनि श्री 108 विव्रत सागर ने सत्संग के वास्तविक स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सत्संग का अर्थ केवल भजन गाना, ताली बजाना या नृत्य करना नहीं है, बल्कि सत्य का संग है। जिसमें मन और आत्मा पूर्ण रूप से शुद्ध, पवित्र और निर्मल हो। उन्होंने कहा कि जैसे दूध चीनी की चाशनी को स्वच्छ करता है, वैसे ही सत्संग आत्मा की मलिनता को दूर करता है। सत्संग का आनंद अवर्णनीय है। इसे शब्दों में नहीं बांधा जा सकता, केवल अनुभव किया जा सकता है। यह क्षणिक सुख नहीं, बल्कि जन्म-जन्मांतर के दुखों को मिटाने का साधन है। मुनिराज ने कहा कि आंखें बंद करके बैठने से मिलने वाली शांति केवल शरीर की थकान मिटा सकती है, आत्मा का आनंद इससे नहीं मिलता। गृहस्थ जीवन में व्यक्ति असत्य और बंधनों से घिरा रहता है। अदालतों में भी जहाँ सत्य बोलने की शपथ ली जाती है, वहीं सबसे अधिक असत्य बोला जाता है। यह दशार्ता है कि असत्य से बचना कितना कठिन है। हिंसा, चोरी, असत्य और परिग्रह जैसे पाप आत्मा को दूषित करते हैं, उनसे मुक्ति पाना ही साधक का मार्ग है। उन्होंने कहा कि भरना है तो पहले खाली होना पड़ेगा। यदि आत्मा को धर्म से भरना है तो पहले पापों और अशुद्धियों को त्यागना होगा। जब तक मन इच्छाओं और नकारात्मक भावों से भरा रहेगा, आत्मिक प्रगति संभव नहीं है। नाम और प्रसिद्धि की चाह पर मुनिराज ने कहा कि नाम क्षणिक है। समय के साथ लोग अपने पूर्वजों के नाम तक भूल जाते हैं। यदि सेवा नाम या प्रशंसा के लिए की जाए तो उसका आध्यात्मिक मूल्य समाप्त हो जाता है। सेवा केवल आत्मकल्याण की भावना से करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि साधु साधु को याद रखेगा तो पतन होगा, पर यदि श्रावक साधु को याद रखेगा तो उसका कल्याण होगा। मौके पर बालचंद्र जैन, अजीत जैन, अरुण जैन, सुरभि जैन, सक्षम जैन, लतिका जैन, रिया जैन, शगुन जैन, रेहा जैन आदि मौजूद रहे।

# उगी हो सूरज देव.....

**36 घंटे तक चलने वाली महाकठिन व्रत छठ पूजन उगते सूर्य को अर्घ्य देकर संपन्न हुआ।मंगलवार को भोर में ही व्रतियों ने नदी और तालाब के किनारे पहुंच कर सूरज का उगने का इंतजार करती नजर आई जैसे ही भगवान भास्कर का दर्शन हुआ सभी ने अर्घ्य देकर अपना पूजन संपन्न किया।**



रामेश्वर वरुणा घाट पर अर्घ्य देने पहुंची महिलाओं की भीड़।



सूप में पूजन सामग्री लेकर नदी में खड़ी होकर भगवान भास्कर को उगने का इंतजार करती महिला।



वाराणसी जिले के ऐंढे गांव स्थित बड़ा तालाब में छठ पूजन करती महिलाएं।



रामेश्वर वरुणा घाट पर व्रतियों के लिए लगाया गए शिविर में नायब तहसील राजातालाब दीपाली मौर्य,राजस्व निरीक्षक ओम प्रकाश दुबे,ग्राम प्रधान घनश्याम सिंह यादव सहित जंसा एस ओ और रामेश्वर चौकी प्रभारी पूरी टीम के साथ मौजूद रहे।



सूर्य देव की आराधना कर आशीर्वाद मांगता परिवार।



अपने बच्चे के उज्वल भविष्य के लिए छठी मईया से आशीर्वाद लेने आया परिवार।



छठ पूजन में चढ़ाए जाने वाले गन्ने(ईख) से पटा नजर आया नदी और तालाब।



छठ पूजन संपन्न करने के बाद घर वापस जाती महिलाएं।

## चार दिवसीय सूर्य उपासना डाला छठ पर्व मुर्दहा में मौनी बाबा मंदिर अमृत सरोवर पर अर्घ्य के बाद बृहद हवन संग सम्पन्न





**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी।विकास खंड हरहुआ के ग्राम पंचायत मुर्दहा में मौनी बाबा मंदिर स्थित अमृत सरोवर पर मंगलवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देकर कई गांवों की महिलाओं ने मंगल गीत के साथ बड़े ही धूमधाम से छठ पूजा मनाया। भगवान भास्कर का दर्शन कर के लोगों ने अर्घ्य के बाद बृहद हवन किया। पास के गाँव गहनी ,बेनीपुर,ऊन्दी सहित कई गांवों के महिलाएं, पुरुष,युवक,युवतियां व बच्चों ने उपस्थित होकर पर्व का हिस्सा बनें।

महिलाओं के द्वारा हवन के बाद राजेंद्र चौबे,प्रमोद चौबे , कल्लू गुरु,प्रधान रविन्द्र यादव, स्वर्ण सिंह , मुन्नू गुप्ता, पप्पू यादव , आनन्द सिंह, सुनील अग्रहरी, विक्रम प्रजापति , असीम सिंह ,धर्मदेव शर्मा व गांव के सम्मानित लोगों ने भी हवन किया। जयकारे के साथ मौनी बाबा के मन्दिर का वातावरण भक्तिमय हो गया। मंगल गीतों की ध्वनि से नए ऊर्जा का संचार फैल गया।

मुर्दहा ग्राम पंचायत के प्रधान रविन्द्र यादव ने अमृत सरोवर की साफ सफाई ,प्रकाश,पेयजल, विश्राम स्थल की व्यवस्था कर सभी भक्तजनों से आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही सभी सम्मानित समाजसेवी जनों और माताओं को ढेर सारी शुभकामनाएं दी।

## अमृत सरोवर औरा में उगते सूर्य को अर्घ्य देकर किया महिलाओं ने पूजा

**समाज जागरण अनिल कुमार**



हरहुआ वाराणसी।विकास खण्ड हरहुआं के ग्राम पंचायत औरां अमृत सरोवर तालाब पर मंगलवार को प्रातः काल छठी मैया की ब्रती महिलाओं ने मंगल गीत के साथ पूजन सामग्री सहित पहुंचकर सूर्य देवता को अर्ध्य देकर पारण किया।

सुसज्जित प्रकाश साफ सफाई युक्तअमृत सरोवर परऔरां,आयर, बेनीपुर, अजोरपट्टी कुरौली गांवों की महिलाएं व परिवारजनों समेत हजारों की संख्या में छठी मैया की पूजा अर्चना की।

इस मौके ग्राम प्रधान विद्योत्मा देवी, प्रधान प्रतिनिधि संजय कुमार, चौकी इंचार्ज प्रदीप सिंह,हेड कांस्टेबल महेंद्र यादव,हेड कांस्टेबल नमो नारायण पाण्डेय, कांस्टेबल अजय यादव,तथा गांव के जितेंद्र पाण्डेय,प्रमोद पाण्डेय,ओमनारायण यादव,नीरज पाण्डेय, त्रिभुवन चौबे, गुड्डू चौबे ,अशोक चौबे, राजेश पांडेय, गणेश सिंह, भोला सिंह, चतुर्भुज पांडेय, अंजनी यादव, अशोक पटेल, विनोद राजभर, विजय राजभर, गोविंद राजभर,रवि कुमार स्वयंसेवक सहित गांव के सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## बेमौसम बारिश से किसानों की कटी धान फसल को नुकसान

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। सेवापुरी विकासखंड के बहरा, भटौली, हरिहरपुर, गोसाईपुर सहित अन्य गांवो में सोमवार की देर रात लगभग 11 बजे हुए



बेमौसम बारिश से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें दिखाई दे हैं। खेतों में कटी पड़ी धान की फसल भीगने से खराब हो रही है। जिससे अनाज काला पड़ने और अंकुरित होने का खतरा बढ़ गया है। किसानों ने बताया कि मौसम के साफ होने की उम्मीद में उन्होंने फसल को खेतों में ही रखा था लेकिन अचानक हुई बारिश ने मेहनत पर पानी फेर दिया। ग्रामीण क्षेत्रों में किसान अपनी फसल को सुरक्षित करने में जुटे हैं वही किसानों ने अंदेशा जताया है नमी से दाने में अंकुरण और सड़न की संभावना बढ़ जाती है, जिससे उत्पादन में कमी आ सकती है।

## युवक पर फावड़े से हमला करने वाले आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर मंडावर। पुलिस ने जमीनी विवाद मे बिच बिचाला करने




पहुचे युवक पर फावले से हमला करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है।

रविवार की सुबह गाँव शहबाजपुर निवासी सागर सिंह व दिनेश सिंह मे जमीनी विवाद को लेकर मारपीट हो गई थी। जिसमे बिच बिचाला करने पहुचे पड़ोसी योगेश पुत्र रामस्वरुप पर दिनेश पक्ष के लोगो ने फावले से उसके सिर मे जान से मारने के इरादे से हमला कर घायल कर दिया था। सुचना पर पहुंची पुलिस ने योगेश को जिला मेडिकल अस्पताल मे भर्ती कराया था। जहा से चिकित्स्कों ने योगेश की हालत गंभीर देखते हुए मेरठ रेफर कर दिया था। जिस सम्बन्ध मे योगेश के पिता रामस्वरूप की ओर से थाने मे नितिन, आकाश पुत्रगण दिनेश व ब्रह्मपाल, लक्ष्मण, लोकेन्द्र पुत्रगण हिरा सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सोमवार को पुलिस ने ब्रह्मपाल, लक्ष्मण व लोकेन्द्र को गिरफ्तार कर चलान कर दिया। हल्का दरोगा मेन कुमार ने बताया की तीनो आरोपियों का चलान कर कोर्ट मे पेश किया गया था।जंहा से तीनो को जेल भेज दिया गया है। फरार चल रहे दोनों आरोपियों को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## हिमांशु नागपाल बने वाराणसी के नगर आयुक्त

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी। मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल अब वाराणसी के नगर आयुक्त होंगे। अक्षत वर्मा का विशेष सचिव नियोजन विभाग के पद पर स्थानांतरण कर दिया गया है। पूर्ण वोहरा को वाराणसी विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। शासन स्तर से 46 आईएएस अधिकारियों का तबादला किया गया है।



नगर आयुक्त अक्षत वर्मा का विशेष सचिव नियोजन विभाग के पद पर तबादला किया गया है। उनके स्थान पर वाराणसी के सीडीओ रहे आईएएस हिमांशु नागपाल को नगर आयुक्त बनाया गया है। वहीं विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग का चित्रकूट जिलाधिकारी के पद पर स्थानांतरण किया गया है। उनके स्थान पर पूर्ण वोहरा को वीडीए उपाध्यक्ष बनाया गया है।

वाराणसी की एडीएम वित्त व राजस्व रहीं आई ए एस वन्दिता श्रीवास्तव का सीडीओ कुशीनगर के पद पर स्थानांतरण किया गया है। प्रखर सिंह को वाराणसी का सीडीओ बनाया गया है।

## सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर अनेक जगह विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का किया जाएगा आयोजन

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नगीना । सरदार बल्लभ भाई पटेल का इतिहास भारत के स्वतंत्रता संग्राम के एक महत्त्वपूर्ण नेता, एक कुशल अधिवक्ता ओर स्वतंत्र भारत के उपप्रधानमंत्री के रूप में है, जिन्होंने भारत के एकीकरण में महात्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह बात गत दिवस स्थानीय लोकनिर्माण विभाग के गेस्ट हॉउस में भारतीय जनता पार्टी की विधानसभा बैठक में सहकारिता प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक डॉ बीरबल ने मुख्य अतिथि के रूप में अपने विचार रखते हुए कहे। उन्होंने आगे बोलते हुए कहा कि स्वतंत्र भारत को एक माला में पिरोने वाले सरदार पटेल को कांग्रेस ने हासिये पर रखा। सरदार पटेल जिस सम्मान के हकदार थे कांग्रेस ने वह सम्मान उन्हें कभी नहीं दिया। क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि कहा कि दे आजादी के बाद सरदार पटेल ने 562 रियासतों का भारत संघ में सफलतापूर्वक विलय कराया, जिससे उन्हें लोह पुरुष कहा जाता है।उन्होंने आगे कहा कि एक अभियान के अंतर्गत 31 अक्टूबर सरदार पटेल की 150वीं जयंती से देश भर में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। सरदार पटेल जी के विचार ओर उनके जीवन की जानकारी जन -जन तक पहुँचे इसके लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इस अभियान के विधानसभा संयोजक व जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान ने बताया कि सरदार पटेल 150वीं जयंती समारोह अभियान के अंतर्गत विद्यालयों में रंगोली, चित्रकला, निबंध व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से सरदार पटेल के विचार व उनके जीवन की जानकारी लोगो तक पहुंचेगी। जनभागीदारी के लिए विधानसभा में 8 किलोमीटर की एक पदयात्रा का आयोजन किया जायेगा जिसका उद्देश्य लोगो को संगठित करना होगा। बैठक अध्यक्षता विधानसभा संयोजक रजनी कालरा व संचालन इस अभियान के संयोजक व जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान ने किया। बैठक में पूर्व विधायक सतीश गौतम,पूर्व जिला उपाध्यक्ष रामेन्द्र चौधरी, कृष्णबलदेव सिंह,मण्डल अध्यक्ष अंजली मित्तल, सुभाष शर्मा, जितेंद्र मालिक, पूर्व मण्डल अध्यक्ष नीरज विश्नोई, भूरे सिंह, शिवपाल सिंह, कुलदीप त्यागी,मनोज बालियान अल्पसंख्यक मोर्चे के जिला महामंत्री कयूम राइन,पिछड़ा मोर्चे के जिला उपाध्यक्ष यशपाल सैनी, जिला महामंत्री धर्मवीर कश्यप, व्यापार प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक सौरभ मित्तल, विधानसभा सोशल मिडिया प्रभारी अनुज अग्रवाल,मण्डल महामंत्री पंडित सचिन शर्मा, ओमप्रकाश सैनी, मेघराज सिंह, देवेंद्र तोमर व टीकम सिंह, जीतेन्द्र राजपूत, विकास राजपूत,इंदु ठकुराल, अरुण शर्मा, गर्वित चौधरी,अनुज वर्मा, पंकज चौहान,हरिराज सिंह, सरदार हरमीत सिंह, आदि राठौर,नरपाल सैनी, अनित चौधरी, विक्रांत चौधरी, रविन्द्र सिंह, सोनू सैनी, मोईनुद्दीन आदि उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा गंगा कार्तिक मेले का स्थलीय निरीक्षण कर मेले को सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं शांतिपूर्वक संपन्न कराने के दिए निर्देश

### मेले के दौरान आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्थानीय विधाओं एवं कलाकारों को दी जाएगी प्राथमिकता- जिलाधिकारी जसजीत कौर

**समाज जागरण मुस्कान खान**



जनपद बिजनौर जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा विदुर कुटी गंगा घाट पर कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान मेले को सुव्यवस्थित, शांतिपूर्वक और सुविधाजनक रूप से संपन्न करने के लिए विदुर कुटी स्थित पुस्तकालय में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत को निर्देशित किया कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुख सुविधाओं, सुरक्षा व मेले में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने अपर मुख्य अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि मेले में पॉलिथीन का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंधित कराएं तथा मेले में समस्त प्रमुख स्थान पर सीसीटीवी कैमरे तथा वॉच टावर भी स्थापित करें। इस मौके पर मा० जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप चौधरी ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान मेला पौराणिक धार्मिक पर्व है, जो हमें गंगा-जमुनी तहजीब की सीख देता है। उन्होंने कहा कि गंगा किनारे लगने वाले इस मेले की शुरूआत तम्बुओं से होती है, इसलिए इसे तंबुओं का शहर कहा जाता है। विदुर कुटी घाट पर चलने वाले इस मेले में लाखों लोग तम्बू लगाकर अपने परिवार सहित गंगा के तट पर निवास करते हैं और आस्था की डुबकी लगाते हैं।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने बताया कि मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं, जिनमें सुरक्षा के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा तथा मेले के प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे, सर्च लाइट सहित टॉवर्स स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए आपदा प्रबंधन के अंतर्गत एनडीआरएफ टीम मेला स्थल पर ही मौजूद रहेगी इसके अलावा गोताखोर सहित और शक्तियों की भी पर्याप्त संख्या में व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि मेला स्थल पर पांच बिस्तरों का अस्थाई अस्पताल स्थापित किया गया है, जो श्रद्धालुओं की सेवा के लिए 24 घंटे संचालित रहेगा। उन्होंने बताया कि अस्पताल में चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की पूरी टीम उपलब्ध रहेगी और किसी भी आपातकालीन स्थिति के लिए मेला स्थल पर एंबुलेंस की सुविधा भी सुनिश्चित की जाएगी।

उन्होंने मेले के दौरान यातायात को सुचारू रूप से संचालित रखने के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं और बैरीकेटिंग आदि द्वारा वाहनों के आवागमन को सुगम बनाए रखने के लिए ट्रैफिक पुलिस बल को तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं के लिए पेयजल और शौचालय की सुविधाएं के लिए अधिशासी अधिकारी नगर पालिका बिजनौर को आवश्यक निर्देश निर्गत किया जा चुके हैं। उन्होंने मेला अधिकारी को निर्देशित किया कि मेले में स्वच्छता बनायें रखने के लिए स्थान चिन्हित कर वहां नगर पालिका एवं पंचायत राज विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर समुचित संख्या में कूड़ेदान रखवाएं तथा ससमय उनका उठान भी करायें। उन्होंने मेले में शिकायत केन्द्र व खोया पाया केन्द्र स्थापित करने व उसका 24 घंटे संचालन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य जिम्मेदारी के साथ करना सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री साकेंद्र प्रताप सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी सदर श्रीमती रितु चौधरी, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत विकास मिश्रा, सिंचाई, स्वास्थ्य, अग्नि सुरक्षा, पुलिस, पंचायतराज सहित अन्य विभाग के अधिकारी, जिला पंचायत सदस्य, जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य लोग मौजूद थे।

## पूर्व सभासद हाजी इंतजार की बेटी फरहीन की शादी हुई धूमधाम से

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

ठाकुरद्वारा पूर्व सभासद हाजी इंतजार निवासी मोहल्ला सेफियान ठाकुरद्वारा की बेटी फरहीन का निकाह मोहम्मद रईस के बेटे मोहम्मद रविश निवासी रामनगर के साथ पूरे रीती रिवाज के साथ नगर ठाकुरद्वारा मे शरीफ नगर रोड पर स्थित ग्रीन व्यू बैंक्विट हॉल मे मंगलवार की दोपहर को मुकम्मल हुआ बारात में आए बारतीयो व दूल्हे का लड़की के परिवार वालो ने हाथ मिलाकर व गले लगाकर फूल मालाओ से व दूल्हे से रिबन कटवाकर स्वागत किया शादी समारोह में आए सभी मेहमानों की शानदार मेहमान नवाजी की गई बैंक्विट हॉल पूरी तरह से फूलों से सजाया गया बैंक्विट हॉल मे शादी समारोह मे आए बच्चों के खेलने के लिए मिक्की माउस झूले आदि लगवाए सभी बच्चों ने खुलकर मनोरंजन किया शादी समारोह मे आए मेहमानों और बारातियों के लिए बाहर से बुलाए गए कारीगरो से तरह-तरह के भोजन व मिठाइयां बनवाई गई सभी मेहमानों ने स्वादिष्ट भोजन व मिठाइयों का जमकर आनंद लिया भारी संख्या मे शादी में शिरकत करने पहुंचे राजनैतिक मीडियाकर्मी अधिवक्ता व समाजसेवियो ने दूल्हा दुल्हन को अपनी दुआओ से नवाजा तथा हाजी इंतजार को बेटी के निकाह की गले मिलकर मुबारक पेश की शादी समारोह में पहुंचे सभी लोगों का हाजी इंतजार ने दिल से आभार जताया इस अवसर पर विधायक नवाब जान ठाकुरद्वारा चेयरमैन इरफान सैफी ठाकुरद्वारा पूर्व चेयरमैन सलमा आगा ठाकुरद्वारा पूर्व चेयरमैन हजी लियाकत ठाकुरद्वारा हाजी भूरा हुसैन अंसारी व नगर पालिका का समस्त स्टाफ आदि नगर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे



# शिवमंदिर के रास्ते पर खुलेआम अतिक्रमण

### शिकायत के बावजूद अब तक नही हटाया गया अवैध कब्जा

**समाज जागरण**

शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण का नया तरीका अतिक्रमणकारियों ने ईजाद किया है। जनचर्चा है कि वार्ड नंबर 16 कैम्प उमरिया में मुख्यमार्ग स्टेशन रोड से लगी बेशकीमती भूमि पर अतिक्रमणकर्ता अब्दुल सलीम उर्फ गुड्डा ने शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर सार्वजनिक मार्ग को अवरुद्ध कर दिया है। वास्तव में अतिक्रमणकारियों के हौसले इतने बुलंद है कि उन्होंने इसका नया तरीका अपनाते हुए सार्वजनिक रास्ते की बेशकीमती जमीन के ऊपर आरसीसी छत डालकर सार्वजनिक रास्ते को अवरुद्ध कर दिया। दरअसल यह अतिक्रमण का नया तरीका खोज निकाला गया है, कि शासन की नजर में आये बिना शासकीय जमीन का बेजा इस्तेमाल अपने निजी उपभोग में लिए किया गया है। जब स्थानीय लोगों ने इस अवैध कृत्य के विरुद्ध आवाज उठाई तो उन्हें अपनी ऊंची पकड़ की धमकी देकर चुप करा दिया गया है।



उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी इस घटना के सबंध में खबरें प्रकाशित हुई थी किंतु अब तक कोई कार्यवाही नही हो सकी है। शिवमंदिर का मार्ग किया अवरुद्ध स्थानीय निवासियों का कहना है कि पूर्व में यह आमरास्ता बेहद चौड़ा एवं सुगम था, जिससे श्रद्धालु आसानी से पूजा-पाठ हेतु शिवमंदिर पहुँचते थे किंतु स्थानीय ईशान ऑप्टिकल्स के संचालक अब्दुल सलीम उर्फ गुड्डा द्वारा उक्त रास्ते को न सिर्फ बेहद संकरा कर दिया गया है बल्कि ऊपर आरसीसी पक्की छत डालकर रास्ते को लगभग खत्म ही कर दिया जिससे स्थानीय शिव मंदिर तक जाने वाला रास्ता पूर्णरूपेण अवरुद्ध हो गया है। उल्लेखनीय है कि श्रद्धालु जिनमे महिलाएं भी होती है उन्हें मंदिर जाने में अत्यधिक कठिनाई का सामना करना पड़ता है। भक्तगणों ने इसे धार्मिक भावनाओं से खिलवाड़ बताया है। यही नही बचे हुए रास्ते पर दबंगई से अपना चार पहिया वाहन खड़ा कर दिया जाता है जिससे बचा रास्ता भी पूर्ण रूप से अवरुद्ध हो गया है एवं पूजा अर्चना हेतु मंदिर पहुँचना श्रद्धालुओं हेतु बेहद मुश्किल हो गया है। ऊपर छत निर्माण से छाया पाकर जानवर कुत्ते आदि बैठे रहते है एवं लोगों का आवागमन कठिन हो गया है। मुहल्लेवासियों ने जिले के संवेदनशील कलेक्टर महोदय से शीघ्र अतिक्रमण हटवाने की माँग की है। स्थानीय निवासी हुए लामबंद स्थानीय निवासी इस विषय पर लामबंद हुए हैं एवं राजस्व, नगरपालिका एवं राज्यशासन से इस विषय पर शिकायत का निर्णय लिया गया है। स्थानीयजनों ने इसे सज्ञान में लेते हुए कलेक्टर एवम नगरपालिका एवं से शिकायत करने की बात कही है

# थाना चचाई रात्रि कालीन गस्त के मायने नहीं पता।

### बेखौफ शराबी गंजेड़ी और चोरों का धमा चौकड़ी।

**समाज जागरण**

बरगवां। थाना अंतर्गत चचाई पुलिस के द्वारा रात्रि कालीन गश्त न करने की वजह से संपूर्ण थाना क्षेत्र में रात का अंधेरा में ही शराबियों, गंजेडीयों और चोरों का आतंक फैल जाता है विदित हो कि अमलाई क्षेत्र के बसंतपुर मैगजीन दफाई, रंजीत दफाई और शनिचरी बाजार में अवैध रूप से रहने वाले जिनकी ना तो कोई पहचान है और ना ही थाने में मुसाफिर दर्ज है न जाने कहां से आते हैं और कहां जाते हैं या फिर कहीं उनकी संलिप्तता इस प्रकार अपराध को पारित करते है जिस पर पुलिस की निगरानी से परे हैं नगर परिषद का यह वार्ड क्रमांक 8 और 9 कई प्रकार के अवैध गतिविधियों के लिए वर्षों से जाना जाता है जहां पर रात के समय में अच्छे व्यक्तियों का आना-जाना संकट से भरा रहता है जहां पर सरेआम शराब की बिक्री और शराबियों का आतंक गाजे की दुकान खोलकर पुलिस प्रशासन के लिए चुनौती के साथ गांजे के नशे में धुत नशेड़ी विवादों को पैदा करने का काम करते हैं क्या चचाई की पुलिस इन अवैध रूप से रहने वाले अपराधिक गतिविधियों में लिप्त अवैध रूप से कारोबार को बढ़ावा देने वाले लोग मुक्त हैं या फिर पोषित किए गए हैं इन पर कानून का डंडा प्रभावहीन नजर आता है क्यों नहीं हो रही इन अवैध कारोबारी पर शासन प्रशासन का एक्शन मोड।

जहां बात की जा रही रात्रि कालीन पुलिस गश्त की वाहन पर भी थाना चचाई पुलिस नाकाम साबित हो रहा है जबकि शासन के द्वारा रात्रि कालीन व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए गश्त करने वाली वाहन में भरपूर मात्रा से डीजल उपलब्ध किए जाते हैं फिर भी सिर्फ और सिर्फ थाना प्रभारी और उनकी टीम सिर्फ चौराहों पर कुछ मिनट के लिए खड़े होकर अपनी जनसेवा को अंजाम दे डालते हैं रात्रि में किसी प्रकार का कोई भय नहीं रहता अवैध कारोबारी को और चोरों को क्योंकि पुलिस गश्त के नाम पर खाना पूर्ति करके निकल लेती है। और चोरों का आतंक तो ऐसा है की सरेआम बीच बाजार में स्थित व्यापारियों की दुकान से उनके दुकान की छत को तोड़कर और उसे पर लगे सीसीटीवी कैमरे को उखाड़ कर अपनी चोरी के निशान मिटाते हुए चोरी को अंजाम देते हैं उसे पर पुलिस का किसी प्रकार से कोई कार्यवाही ना होना और चोर को पकड़ने में नाकाम साबित होना क्या दर्शाती है।

अति संवेदनशील क्षेत्र अमलाई के वार्ड क्रमांक 8 9 में तो दूर संपूर्ण नगर परिषद क्षेत्र में कभी भी चचाई पुलिस के द्वारा रात्रि कालीन गश्त नहीं लगाया जाता है जिसके कारण शराब के नशे में धुत शराबी रात्रि कालीन आवागमन करने वाले अच्छे परिवार के पुरुष, महिला, बच्चे इनकी हरकतों से भयभीत हो जाते हैं दूसरी ओर गजेड़ीयों का भी सामाजिक सौहार्द और शांति भंग करने में कम भूमिका नहीं रहती है यह भी अवैध गतिविधियों में इस प्रकार लिप्त रहते हैं की कब कौन सी घटना को अंजाम दे दें।

# नगर परिषद अंतर्गत विभिन्न घाट पर छठ की बिखरी छटा, व्रतधारी महिलाओ ने दिया अर्घ्य -

**समाज जागरण**

अमलाई। जिला मुख्यालय में मोहन राम सोन नदी घाट में अमलाई परिषद के वार्ड क्रमांक 3,13में स्थित तालाब घाट में डाला छठ पूजा के अवसर पर खरना के दिन महिलाओं ने खड़े होकर अस्त होते सूर्य को अर्घ्य देकर छठी मैया की पूजा अर्चना कर सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। छठ पूजा के प्रति श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिला। घाट पर शाम चार बजे से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी। व्रतधारियों ने नदी में स्नान कर अस्त होते सूर्य को अर्घ्य देकर विधि विधान से पूजन अर्चन किया। श्रद्धालुओं ने छठी मैया से परिवार के सुख, समृद्धि एवं शांति की कामना की। मंगलवार को व्रतधारी उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का समापन करेंगी। कार्तिक मास शुक्ल पक्ष की



छठी तिथि को छठ पूजा का पर्व मनाया जाता है। पर्व की शुरूआत 25 अक्टूबर को नहाय-खाय कार्यक्रम से शुरू हुई थी। रविवार को खरना मनाया गया। सोमवार को महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर अस्त होते सूर्य को अर्घ्य दिया। व्रती महिलाएं व उनके परिवारीजनों ने मिष्ठान, फल, मेवा व पूजन सामग्रियों के साथ पवित्र जल में खड़े होकर सूर्य देव व छठी मैया की पूजा की। श्रद्धालुओं ने पूजा के दौरान अपने व अपने परिवार के लिए निरोगी काया, अखंड सुहाग, संतान प्राप्ति व सुख-समृद्धि आदि के लिए आशीर्वाद मांगा। मंगलवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का समापन किया गया। थाना रोड स्थित तालाब, संजय नगर ,विवेक नगर में भी व्रतधारी महिलाओं ने अरघ दिया।

# सुनील सिंह को मिला तीसरा स्टार – आबकारी विभाग शहडोल में खुशी की लहर

**समाज जागरण विजय तिवारी**

बुढार।आबकारी विभाग में सोमवार का दिन गर्व और उत्साह से भरा रहा। विभाग के मेहनती व कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी उप निरीक्षक सुनील सिंह चंदेल को पदोन्नति मिलने पर कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने स्वयं उनके कंधे पर



तीसरा स्टार लगाकर सम्मानित किया। मध्य प्रदेश शासन के वाणिज्य कर विभाग द्वारा जारी आदेश के तहत सुनील सिंह चंदेल को कार्य वाहक प्रभारी अधिकारी, विदेश मदिरा भाण्डागार रीवा (संभागीय उड़नदस्ता रीवा) के पद पर पदोन्नत किया गया है।कलेक्टर डॉ. सिंह ने इस अवसर पर कहा कि तीसरा स्टार मेहनत, ईमानदारी और अनुशासन की पहचान है। उम्मीद है कि आप नई जिम्मेदारी को भी पूरी निष्ठा के साथ निभाएंगे।कार्यक्रम में जिला आबकारी अधिकारी सावित्री भगत सहित विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।पदोन्नति और सम्मान के बाद विभाग में हर्ष का माहौल है, वहीं सहकर्मियों ने सुनील सिंह को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# छठ पूजा के तीसरे दिन उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ महिलाओं ने किया व्रत का पारण

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**

कानपुर। यहां छठ महापर्व पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ लगातार जारी है ,जिसके क्रम में तीसरे दिन शाम को व्रती महिलाओं ने गंगा नदी के घाटों पर अस्त होते सूर्य को अर्घ्य देकर छठ मैया की पूजा अर्चना की। परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। छठ पूजा के इस अवसर ठेकुआ, केला, नारियल, गन्ना, सिघांड़ा, सुपारी का भोग लगाया। महिलाओं ने घाट पर पूजन के दौरान बांस के बहंगिया, बहंगी लचकत जाए, बहंगी घाटे पहुंचाए, बहंगी छठ मैया के जाए...आदि गीत गाए। रात्रि जागरण कर छठ मैया के गीत गाए। वही आज मंगलवार सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रती महिलाएं व्रत



का पारण करेगी। सुबह से ही पनकी नहर , नौरैया खेडा, गुजैनी दबौली ,रतन लाल नगर ,अरमापुर ,कल्याण पुर आदि में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी। दोपहर तक वेदियां बनाकर रंगरोगन कर पूजन की तैयारी की। फिर व्रती महिलाओं ने पूजन शुरू किया। व्रती महिलाएं अपने परिवार के साथ अपनी-अपनी वेदियों पर बांस की डलिया में ठेकुआ, केला, नारियल, गन्ना, सिघांड़ा, सुपारी आदि चढ़ाकर गंगा नदी में खड़ी होकर अस्त होते सूर्य को अर्घ्य दिया। छठ मैया के गीत गाए। इस दौरान बच्चों ने पटाखे दाग अपनी खुशी का भी इजहार किया

# आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजनान्तर्गत लाभार्थियों की सुविधा हेतु आयुष्मान सारथी ऐप विकसित,

### आयुष्मान सारथी ऐप डाउनलोड कर सूचीबद्ध चिकित्सालयों की जानकारी व मार्गदर्शन प्राप्तकरें-सीएमओ प्रतापगढ़।

**समाज जागरण विश्व नाथ त्रिपाठी प्रतापगढ़**

मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 ए0एन0 प्रसाद ने बताया है कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजनान्तर्गत लाभार्थियों की सुविधा, जानकारी उपलब्ध कराने तथा सेवाओं के प्रयोग को सरल एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से आयुष्मान सारथी ऐप विकसित किया गया है। उन्होने बताया है कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना भारत सरकार द्वारा संचालित एक महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजना है, जिसके माध्यम से पात्र लाभार्थियों को प्रति परिवार प्रतिवर्ष 05 लाख तक की निःशुल्क उपचार सुविधा प्रदान की जाती है। इसी क्रम में लाभार्थियों की सुविधा एवं सूचीबद्ध चिकित्सालयों से संबंधित जानकारी को सुलभ कराने के उद्देश्य से आयुष्मान सारथी मोबाइल ऐप विकसित किया गया है। इस ऐप का शुभारंभ आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की सफल सातवीं वर्षगाँठ (आयुष्मान दिवस) के अवसर पर मा० उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक द्वारा किया गया। उन्होने बताया है कि लाभार्थी गूगल प्ले स्टोर से आयुष्मान सारथी ऐप डाउनलोड कर अपने निकटतम अथवा आवश्यकता अनुसार सूचीबद्ध चिकित्सालयों से संबंधित जानकारी एवं मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं. जिसके माध्यम से वे उपचार हेतु अपने पसंदीदा चिकित्सालय का चयन कर गूगल मैप नेवीगेशन की सहायता से वहाँ तक पहुँचने में सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त ऐप के माध्यम से आयुषी चैट बॉट की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है, जिसके माध्यम से लाभार्थी एवं आमजन आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से संबंधित किसी भी जानकारी अथवा प्रश्न का त्वरित उत्तर प्राप्त कर सकते हैं। आयुष्मान सारथी एप को डाउनलोड आयुष्मान सारथी एप लिंक

https://play.google.com/s tore/app s/det ails?id=c om.ay ushmaanbharat व बारकोड से किया जा सकता है

# साइबर क्राइम पुलिस थाना सोनभद्र ने वापस कराए ₹20,000/-

**मु० हफीज फुलील/ समाज जागरण**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन एवं साइबर अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत, थाना प्रभारी साइबर क्राइम पुलिस थाना सोनभद्र के नेतृत्व में थाना साइबर टीम द्वारा एक सराहनीय कार्य किया गया। आवेदक सुभाष चन्द्र पुत्र रशिक मुरारी निवासी झ्र हिण्डालको कॉलोनी, रेनुकूट, थाना पिपरी, जनपद सोनभद्र द्वारा बताया गया कि उन्होंने Google Pay के माध्यम से अपने रिश्तेदार को रुपये भेजते समय गलती से गलत मोबाइल नंबर अंकित कर दिया, जिससे ₹20,000/- किसी अन्य व्यक्ति के खाते में ट्रांसफर हो गए। आवेदक द्वारा NCRP (National Cyber Crime Reporting Portal) पर शिकायत दर्ज करायी गयी। प्रकरण की जांच के क्रम में साइबर क्राइम टीम द्वारा तकनीकी माध्यम से आवश्यक जानकारी प्राप्त कर संबंधित खाताधारक से संपर्क स्थापित किया गया, तथा तत्परता से कार्रवाई करते हुए ₹20,000/- की धनराशि सफलतापूर्वक शिकायतकर्ता के मूल खाते में वापस करायी गयी। उक्त सराहनीय कार्य पर शिकायतकर्ता द्वारा पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, अपर पुलिस अधीक्षक सोनभद्र सहित साइबर क्राइम पुलिस थाना की पूरी टीम की प्रशंसा की गयी।

# जिलाधिकारी ने किसानों की समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में की बैठक

### किसानों की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाये-जिलाधिकारी

**समाज जागरण दैनिक विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय सभागार में किसानों की समस्याओं को लेकर बैठक आयोजित की गयी। बैठक में विभिन्न क्षेत्रों से आये हुये किसानों की समस्याओं व सुझावों को गम्भीरता से सुना गया जिसमें किसानों ने खाद, धान खरीद, आवारा पशु, स्मार्ट मीटर में ज्यादा बिल आने, झोला छाप पशु डाक्टर, नहरों के कटान से फसलों के नुकसान, प्राथमिक विद्यालय में



शिक्षा का सुधार, आंगनबाड़ी, प्रधानमंत्री आवास योजना, कूड़ा निस्तारण आदि के सम्बन्ध में अपनी-अपनी शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष रखी, जिस पर डीएम ने मौके पर ही उनके समाधान हेतु सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये और कुछ शिकायती प्रार्थना पत्रों पर आवश्यक कार्यवाही कर किसानों अवगत कराया जायेगा। आवारा पशुओं के सम्बन्ध में डीएम ने मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि अवारा पशुओं को पकड़ने हेतु अभियान चलाया जाये, कस्बों एवं गावों में छुट्टा पशुओं को पकड़कर गौशालाओं में बन्द किया जाये, सीसीटीवी कैमरे गौशालाओं की निगरानी की जाये। डीएम ने किसानों से कहा कि यदि कोई भी पशु बीमार पड़ता है तो कन्ट्रोल रूम नम्बर 1962 पर कॉल कर जिससे पशुओं का ईलाज घर पर ही हो सके। किसानों द्वारा शिकायती की गयी कि घरों में लगाये गये स्मार्ट मीटर में ज्यादा बिल आ रहे है जिसके सम्बन्ध में डीएम ने मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि अधिकारियों की टीम बनाकर जांच की जाये जिससे जो भी शिकायतें आ रही है उसका निस्तारण कराया जा सके। किसानों ने अवगत कराया कि किसी भी विवाद होने पर गलत मेडिकल रिपोर्ट निर्गत किया जाता है जिस पर जिलाधिकारी ने सीओ सिटी को निर्देशित किया कि ऐसे लोगों को चिन्हित करते हुये उनके विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। डीएम ने सम्बिन्धत अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाये, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। कार्यक्रम के दौरान किसानों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की गयी। उन्हे जैविक व प्राकृतिक खेती के लाभों के साथ-साथ आधुनिक तकनीकों के माध्यम से उन्नति खेती करने का सुझाव दिया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, सीओ सिटी प्रशान्त राज, उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव, जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार अधिशासी अभियन्ता सिंचाई अरविन्द वर्मा सहित सम्बन्धित अधिकारी व किसान उपस्थित रहे।

# जुगैल पुलिस ने अपहृत नाबालिग को सकुशल बरामद कर आरोपी को दबोचा

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**

सोनभद्र। को रामौतार पुत्र मुनेग प्रजापति निवासी बड़गांव टोला बरवाडीह द्वारा थाना जुगैल पर सूचना दी गई कि उसकी पुत्री उम्र 17 वर्ष को गांव का ही राजू केवट पुत्र शंकर उर्फ खटीक केवट निवासी ग्राम बड़गांव टोला बरवाडीह दिनांक 21.10.2025 को समय करीब 02.00 बजे दिन में बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। उक्त सूचना पर थाना जुगैल पर मु0अ0सं0 117/2025 धारा 137(2) भारतीय दंड संहिता, 2023 (BNS) के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ की गई। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सोनभद्र व क्षेत्राधिकारी ओबरा के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी जुगैल के नेतृत्व में दो टीमें गठित कर सर्विलांस टीम की सहायता से लगातार खोजबीन की गई, जिसके परिणामस्वरूप दिनांक 24. 10. 2025 को अपहृता किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया गया। बरामदगी उपरांत पीड़िता के धारा 180 व 183 बीएनएस के अंतर्गत बयान दर्ज किए गए तथा चिकित्सा परीक्षण की वैधानिक कार्यवाही पूर्ण की गई।

प्रकरण में अभियुक्त राजू केवट पुत्र शंकर उर्फ खटीक केवट निवासी ग्राम बड़गांव टोला बरवाडीह थाना जुगैल जनपद सोनभद्र को विधिक साक्ष्यों के आधार पर गिरफ्तार कर धारा 64(2)(M), 65(2), 137(2) BNS तथा धारा 5L/6, 5M/6 पॉक्सो अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

# अपराध पर पुलिस का प्रहार – चोरी करते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया अभियुक्त गिरफ्तार

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**

सोनभद्र। को वादी मुकदमा सीताराम पुत्र विदेशी निवासी ग्राम भरहरी थाना जुगैल जनपद सोनभद्र द्वारा पुलिस आपातकालीन सेवा पीआरवी को सूचना दी गई कि उसके गांव का व्यक्ति भैया राम पुत्र रामसेवक उसके घर में घुसकर चोरी कर रहा है, जिसे ग्रामीणों द्वारा मौके पर रंगे हाथ पकड़ लिया गया।

सूचना पर तत्काल पीआरवी मौके पर पहुंची और पकड़े गए अभियुक्त भैया राम पुत्र रामसेवक को हिरासत में लेकर थाना जुगैल लाई। इस संबंध में थाना जुगैल पर मु0अ0सं0 119/2025 धारा 331(4), 305, 62 भारतीय न्याय संहिता (BNS) के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। अभियुक्त का चिकित्सीय परीक्षण कराते हुए विधिक कार्रवाई पूर्ण कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

# प्रधानमंत्री 29 अक्टूबर को मुंबई का दौरा करेंगे

प्रधानमंत्री इंडिया मैरीटाइम वीक 2025 में मैरीटाइम लीडर्स कॉन्क्लेव को संबोधित करेंगे और वैश्विक मैरीटाइम सीईओ फोरम की अध्यक्षता करेंगे इंडिया मैरीटाइम वीक 2025, वैश्विक समुद्री केंद्र और नीली अर्थव्यवस्था में अग्रणी के रूप में उभरने के भारत के रणनीतिक दृष्टिकोण को प्रदर्शित करता है इंडिया मैरीटाइम वीक 2025 में 85 से अधिक देशों की भागीदारी, 1,00,000 से अधिक प्रतिनिधि और 350 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय वक्ता शामिल होंगे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 29 अक्टूबर 2025 को मुंबई का दौरा करेंगे और शाम लगभग 4:00 बजे, वे नेस्को एग्जिबिशन सेंटर, मुंबई में आयोजित इंडिया मैरीटाइम वीक 2025 में मैरीटाइम लीडर्स कॉन्क्लेव को संबोधित करेंगे और ग्लोबल मैरीटाइम सीईओ फोरम की अध्यक्षता करेंगे। इंडिया मैरीटाइम वीक 2025 का प्रमुख कार्यक्रम, ग्लोबल मैरीटाइम सीईओ फोरम, वैश्विक समुद्री कंपनियों के सीईओ, प्रमुख निवेशकों, नीति-निमार्ताओं, नवप्रवर्तकों और अंतर्राष्ट्रीय भागीदारों को वैश्विक समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र के भविष्य पर विचार-विमर्श करने के लिए एक साथ लाएगा। यह फोरम सतत समुद्री विकास, लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं, हरित नौवहन और समावेशी नीली अर्थव्यवस्था रणनीतियों पर संवाद के लिए एक प्रमुख मंच के रूप में कार्य करेगा। प्रधानमंत्री की भागीदारी से समुद्री अमृत काल विजन 2047 के अनुरूप, एक महत्वाकांक्षी, भविष्योन्मुखी समुद्री परिवर्तन के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता का पता चलता है। चार रणनीतिक स्तंभों - बंदरगाह-आधारित विकास, नौवहन और जहाज निर्माण, निर्बाध लॉजिस्टिक और समुद्री कौशल निर्माण - पर आधारित इस दीर्घकालिक विजन का उद्देश्य भारत को दुनिया की अग्रणी समुद्री शक्तियों में स्थान दिलाना है। भारत इंडिया मैरीटाइम वीक 2025, इस विजन को क्रियान्वित करने के लिए भारत सरकार के प्रमुख वैश्विक मंच के रूप में कार्य करता है, जो नौवहन, बंदरगाहों, जहाज निर्माण, क्रूज पर्यटन और नीली अर्थव्यवस्था वित्त के प्रमुख हितधारकों को एक साथ लाता है। 27 से 31 अक्टूबर 2025 तक आयोजित होने वाले आईएमडब्ल्यू 2025 का विषय "महासागरों का एकीकरण, एक समुद्री दृष्टिकोण" है। इसमें भारत के वैश्विक समुद्री केंद्र और नीली अर्थव्यवस्था में अग्रणी बनने के रणनीतिक रोडमैप को प्रदर्शित किया जाएगा।

# स्टार्टअप एक्सेलरेटर वेवएक्स ने भारतीय मीडिया-टेक उद्यमियों के भविष्य को आकार देने के लिए विश्व के सबसे बड़े स्टार्टअप हब, टी-हब के साथ सहयोग किया

### वेवएक्स भारत में एवीजीसी-एक्सआर स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए लिए पूरे देश में 10 नवाचार हब स्थापित करेगा, जिसमें टी-हब एंकर संस्थान होगा

### समझौता ज्ञापन भारत के मीडिया-टेक पारिस्थितिकी तंत्र में स्टार्टअप्स, रचनाकारों एवं निवेशकों को जोड़ते हुए नवाचार की एक नई पीढ़ी के लिए मंच तैयार करता है

### यह साझेदारी देश की अगली पीढ़ी के रचनाकारों एवं नवप्रवर्तकों के लिए मार्गदर्शन, वैश्विक बाजार तक पहुंच और एक मापनीय पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए है

### सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत स्टार्टअप एक्सेलेरेटर वेवएक्स ने भारत के क्रिएटिव, कंटेंट और मीडिया-प्रौद्योगिकी स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए विश्व के सबसे बड़े स्टार्टअप हब, टी-हब के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया।



वेवएक्स और टी-हब के बीच एमओयू पर वेवएक्स और टी-हब के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव श्री संजय जाजू, तेलंगाना सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार विभाग के विशेष मुख्य सचिव श्री संजय कुमार और मंत्रालय के अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में औपचारिक रूप से हस्ताक्षर किया तथा उनका आदान-प्रदान किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में, सचिव श्री संजय जाजू ने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत का एवीजीसी-एक्सआर (एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स एवं एक्सटेंडेड रियलिटी) क्षेत्र तेजी से विकसित हो रहा है और रचनात्मक अर्थव्यवस्था के एक प्रमुख चालक के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि वेवएक्स की संकल्पना मीडिया, मनोरंजन और तीव्र प्रौद्योगिकी में स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने तथा रचनाकारों को सशक्त बनाने के लिए एक राष्ट्रीय उत्प्रेरक मंच के रूप में की गई है। तेलंगाना सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार विभाग के विशेष मुख्य सचिव श्री संजय कुमार ने कहा कि वेवएक्स और टी-हब के बीच साझेदारी रचनात्मक उद्यमिता के लिए एक राष्ट्रव्यापी पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण में मददगार होगी। उन्होंने आगे कहा कि यह युवा रचनाकारों को व्यक्तिगत प्रतिभागियों से संगठित व्यावसायिक इकाइयों में परिवर्तित करने में मदद करेगी जिससे वे वैश्विक स्तर पर विस्तार कर सकेंगे। इस सहयोग से भारतीय स्टार्टअप्स को संरचित इनक्यूबेशन, मेंटरशिप और अवसंरचना एवं नेटवर्क तक पहुंच प्रदान करके लाभ प्राप्त होने की उम्मीद है। एंकर संस्थान के रूप में टी-हब द्वारा समर्थित, वेवएक्स सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अंतर्गत पूरे भारत में 10 इनक्यूबेशन केंद्र स्थापित करेगा। ये केंद्र एवीजीसी-एक्सआर पारिस्थितिकी तंत्र में स्टार्टअप्स एवं रचनाकारों के लिए नवाचार केंद्र के रूप में कार्य करेंगे।

**वेवएक्स के संदर्भ में**

वेवएक्स, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की वेव्स पहल के अंतर्गत शुरू किया गया एक समर्पित स्टार्टअप उत्प्रेरक प्लेटफॉर्म है, जिसका उद्देश्य मीडिया एवं मनोरंजन क्षेत्रों में नवाचार को बढ़ावा देना है। मई 2025 में मुंबई में आयोजित वेव्स शिखर सम्मेलन में, वेवएक्स ने 100 से ज्यादा आशाजनक स्टार्टअप्स को पिचिंग एवं नेटवर्किंग का अवसर प्रदान किया, जिससे सरकारी एजेंसियों, निवेशकों एवं उद्योग जगत के दिग्गजों के साथ सीधा जुड़ाव संभव हुआ। वेवएक्स लक्षित हैकाथॉन, इंक्यूबेशन, मेंटरशिप और राष्ट्रीय मंचों के साथ एकीकरण के माध्यम से क्रांतिकारी विचारों को समर्थन देना जारी रखता है।

**टी-हब के संदर्भ में**

टी-हब विश्व का सबसे बड़ा स्टार्टअप हब है जो क्यूरेटेड कार्यक्रमों, बाजार पहुंच, वित्तपोषण के अवसरों और विश्व स्तरीय अवसंरचना के माध्यम से 2,000 से अधिक स्टार्टअप का समर्थन करता है। टी-हब इनक्यूबेटरों के लिए एक प्रमुख इनक्यूबेटर के रूप में भी काम करता है, जो आईडीईएक्स (रक्षा उत्कृष्टता के लिए नवाचार) जैसे कार्यक्रमों का समर्थन करने के साथ-साथ एआईसी (अटल इनक्यूबेशन सेंटर) और मैथ (मशीन लर्निंग एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टेक्नोलॉजी हब) जैसी संस्थाओं की मेजबानी एवं पोषण करता है।

# आयुर्वेद के मुताबिक एक साथ भूलकर भी नहीं खानी चाहिए ये चीजें


**आयुर्वेद एक्सपर्ट किरण गुप्ता जी के मुताबिक, गलत फूड कॉम्बिनेशन को खाने से शरीर में टॉक्सिंस उत्पन्न हो सकते हैं जो पाचन क्रिया को बिगाड़ते हैं और कई तरह की बीमारियों का भी कारण बन सकते हैं. ऐसे में आपको पता होना चाहिए कि किन चीजों को एक साथ भूलकर भी नहीं खाना चाहिए. ताकि सेहत पर कोई गलत असर न पड़े.**

आयुर्वेद एक्सपर्ट किरण गुप्ता जी के मुताबिक, गलत फूड कॉम्बिनेशन को खाने से शरीर में टॉक्सिंस उत्पन्न हो सकते हैं जो पाचन क्रिया को बिगाड़ते हैं और कई तरह की बीमारियों का भी कारण बन सकते हैं. ऐसे में आपको पता होना चाहिए कि किन चीजों को एक साथ भूलकर भी नहीं खाना चाहिए. ताकि सेहत पर कोई गलत असर न पड़े.

विरुद्ध आहार में दूध और नमक सबसे पहला नाम है. इन्हें एक साथ नहीं खाना चाहिए. क्योंकि दूध ठंडा और मीठे स्वभाव का होता है, जबकि नमक गर्म और तीखा होता है. इनका संयोजन ब्लड प्यूरिफिकेशन और त्वचा पर बुरा प्रभाव डाल सकता है. इससे एलर्जी, त्वचा रोग (फोड़े-फुंसी), पाचन गड़बड़ी जैसी समस्याएं हो सकती हैं.


विरुद्ध आहार में दूध और नमक सबसे पहला नाम है. इन्हें एक साथ नहीं खाना चाहिए. क्योंकि दूध ठंडा और मीठे स्वभाव का होता है, जबकि नमक गर्म और तीखा होता है. इनका संयोजन ब्लड प्यूरिफिकेशन और त्वचा पर बुरा प्रभाव डाल सकता है. इससे एलर्जी, त्वचा रोग (फोड़े-फुंसी), पाचन गड़बड़ी जैसी समस्याएं हो सकती हैं.


दूध और मछली का सेवन भी आयुर्वेद में सख्त मना किया गया है. दोनों का स्वाभाव अलग-अलग होता है . जैसे मछली गर्म तासीर वाली होती है और दूध ठंडी तासीर वाला. ऐसे में इनका साथ में सेवन करने पर यह शरीर में जहर तक पैदा कर सकता है. इससे त्वचा रोग, एलर्जी, एक्ज़िमा तक की शिकायत हो सकती है.















दूध और मछली का सेवन भी आयुर्वेद में सख्त मना किया गया है. दोनों का स्वाभाव अलग-अलग होता है . जैसे मछली गर्म तासीर वाली होती है और दूध ठंडी तासीर वाला. ऐसे में इनका साथ में सेवन करने पर यह शरीर में जहर तक पैदा कर सकता है. इससे त्वचा रोग, एलर्जी, एक्ज़िमा तक की शिकायत हो सकती है.

वैसे तो कई लोग फ्रूट स्मूदी और शेख बना कर पीते हैं लेकिन आयुर्वेद में फल और दूध का सेवन एक साथ नहीं करना चाहिए. खासतौर पर खट्टे फलों का सेवन तो बिल्कुल नहीं करना चाहिए. खट्टे फल दूध को फाड़ सकते हैं और पाचन में समस्या पैदा करते हैं, जिससे गैस, अपच, एसिडिटी जैसी समस्याएं पैदा हो सकती हैं. हालांकि, अगर सही तरीके से लिया जाए तो मीठे फल जैसे आम या केले का मिल्कशेक बना सकते हैं.







वैसे तो कई लोग फ्रूट स्मूदी और शेख बना कर पीते हैं लेकिन आयुर्वेद में फल और दूध का सेवन एक साथ नहीं करना चाहिए. खासतौर पर खट्टे फलों का सेवन तो बिल्कुल नहीं करना चाहिए. खट्टे फल दूध को फाड़ सकते हैं और पाचन में समस्या पैदा करते हैं, जिससे गैस, अपच, एसिडिटी जैसी समस्याएं पैदा हो सकती हैं. हालांकि, अगर सही तरीके से लिया जाए तो मीठे फल जैसे आम या केले का मिल्कशेक





अक्सर कुछ लोग पेट की कम करने के लिए गर्म पानी में शहद मिलाकर पीते हैं, जो एक विरुद्ध आहार है. जी हां, आयुर्वेद में गर्म पानी/चाय/दूध के साथ शहद सेवन मना किया गया है. आयुर्वेद के अनुसार, शहद को कभी भी गर्म नहीं करना चाहिए. गर्म करने पर यह जहर समान बन जाता है, जो पाचन तंत्र पर असर डालता है.

अक्सर कुछ लोग पेट की कम करने के लिए गर्म पानी में शहद मिलाकर पीते हैं, जो एक विरुद्ध आहार है. जी हां, आयुर्वेद में गर्म पानी/चाय/दूध के साथ शहद सेवन मना किया गया है. आयुर्वेद के अनुसार, शहद को कभी भी गर्म नहीं करना चाहिए. गर्म करने पर यह जहर समान बन जाता है, जो पाचन तंत्र पर असर डालता है.

शहद को घी के साथ भी नहीं खाना चाहिए. अगर घी और शहद को बराबर मात्रा में मिलाकर खाया जाए, तो यह शरीर के लिए जहरीला हो सकता है. जिससे टॉक्सिन बनना और शरीर में असंतुलन बन सकता है. ऐसे में इन विरुद्ध आहार का सेवन करने से बचें.

शहद को घी के साथ भी नहीं खाना चाहिए. अगर घी और शहद को बराबर मात्रा में मिलाकर खाया जाए, तो यह शरीर के लिए जहरीला हो सकता है. जिससे टॉक्सिन बनना और शरीर में असंतुलन बन सकता है. ऐसे में इन विरुद्ध आहार का सेवन करने से बचें.



# लोक आस्था का महापर्व छठ, उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न

**ब्यूरो प्रमुख/ विजय कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**



सोनभद्र। लोक आस्था का महापर्व छठ उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हो गया। मंगलवार सुबह बड़ी संख्या में छठव्रती घाटों पर पहुंचे और भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर 36 घंटे का निर्जला व्रत तोड़ा। श्रद्धालुओं ने नदियों, तालाबों और पोखरों के पवित्र जल में डुबकी लगाई और सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित किया। इस दौरान सभी ने अपने और अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। छठ घाटों पर छठ पूजा समिति की ओर से व्रतियों के लिए दुग्ध का वितरण किया गया। उगते सूर्य को अर्घ्य देकर घर लौट रहे श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न प्रकार की व्यवस्थाएं भी की गई थीं। बिहार और झारखंड में छठ पर्व का विशेष महत्व है। सोनभद्र जिला इन दोनों राज्यों से जुड़ा होने के कारण यहां भी यह पर्व पूरी आस्था और भक्ति के साथ मनाया जाता है। पर्व में शुद्धता का विशेष ध्यान रखा जाता है। चार दिवसीय छठ पर्व की शुरूआत नहाय-खाय से होती है। दूसरे दिन चावल और गुड़ से बने प्रसाद को ग्रहण कर 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू होता है। तीसरे दिन व्रती अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देती हैं और अंतिम दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का समापन करती हैं।बिहार, झारखंड और पूर्वांचल समाज के लोगों का मानना है कि यह व्रत संतान प्राप्ति और पति की लंबी आयु के लिए किया जाता है। सिंदूर का भी विशेष महत्व होता है, मान्यता है कि मांग में लंबा सिंदूर लगाने से पति की उम्र लंबी होती है। चोपन सोन नदी तट, ओबरा और सिंदुरिया स्थित रेणुका नदी तट और विभिन्न तालाबों पर लाखों श्रद्धालुओं ने सूर्य देव को अर्घ्य दिया। तड़के 3 बजे से ही घाटों पर श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। हाथों में प्रसाद का सूप थामे व्रती महिलाओं ने पानी में खड़े होकर भगवान सूर्य की उपासना की। सूर्य की पहली किरण दिखाई देते ही जयकारों के साथ अर्घ्य अर्पित किया गया। भारी संख्या में श्रद्धालु, विशेष रूप से महिलाएं, पारंपरिक परिधानों में सज-धज कर एकत्रित हुई थीं। नाक तक लंबा सिंदूर लगाए महिलाओं ने घाट के किनारे विधि-पूर्वक छठी मैया की पूजा-अर्चना की। लोगों ने छठी मैया और सूर्य देव से अपने परिवार की सुख-समृद्धि, लंबी आयु और खुशहाली की कामना की। इस दौरान घाटों पर 'उगा हो सुरुजदेव, भिन भिनसरवा, अरघ केर-बेरवा, पूजन केर-बेरवा...', 'उगी हे दीनानाथ, जल्दी जल्दी उगा हे सूरज देव...' जैसे छठ गीत गूंजते रहे। वही पिछले 12 घंटों में हुई बारिश और हवा ने छठ घाट पर कुछ बाधा जरूर डाली, लेकिन लोक आस्था के इस महापर्व में शामिल होने से श्रद्धालुओं को नदी तट पर जाने से नहीं रोक पाई। भगवान सूर्य में अटूट आस्था के कारण बारिश में भी व्रती महिलाओं और श्रद्धालुओं का मन नहीं डगमगाया। छठ महापर्व चार दिवसीय होता है। पहले दिन नहाय-खाय होता है, जिसमें व्रती स्नान कर सात्विक आहार ग्रहण करते हैं। दूसरे दिन खरना होता है। इस दिन शाम के समय गुड़, दूध और चावल वाली खीर बनाई जाती है। खरना के दिन पूरा दिन निर्जला व्रत रखा जाता है और शाम को खीर खाकर 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू होता है। तीसरे दिन डूबते सूर्य को पहला अर्घ्य दिया जाता है। इसके बाद आखिरी दिन उगते सूर्य को दूसरा अर्घ्य देकर व्रत का पारण किया जाता है। व्रत का पारण पूजा में चढ़ाए गए प्रसाद जैसे ठेकुआ, केला और मिठाई आदि खाकर करना चाहिए। पारण उषा अर्घ्य के बाद ही किया जाता है, साथ ही बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद लेकर और छठी मैया का प्रसाद सभी को बांटा जाता है।

# छठ महापर्व पर श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़, सूर्य को अर्घ्य देकर व्रतियों ने किया पारण

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**



कोन/ सोनभद्र। लोक आस्था के महापर्व छठ के तीसरे दिन सोमवार को देर शाम हुई तेज बारिश भी श्रद्धालुओं के उत्साह को कम नहीं कर सकी। भीगते हुए भी व्रती महिलाएं और उनके परिजन विभिन्न छठ घाटों पर पहुँचे और अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य अर्पित कर परिवार की मंगलकामना की। सुबह से ही क्षेत्र के तमाम नदी तटों और सरोवरों झ बड़ाप, कचनरवा, कुड़वा, मिश्री, कोन आदि ग्रामों के छठ घाटों पर आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। व्रतधारी महिलाओं ने घुटने भर पानी में उतरकर सूर्यदेव की परिक्रमा करते हुए अर्घ्य अर्पित किया। निसंतान महिलाओं ने संतान प्राप्ति की मन्नत मांगी, जबकि अन्य व्रतियों ने अपने परिवार के सुख-समृद्धि की कामना की। अर्घ्य के उपरांत व्रतियों ने अपने-अपने वेदियों पर सूप रखकर घी के दीप जलाए और छठी मैया की पूजा-अर्चना की। घाटों पर विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के वालंटियर सेवा में जुटे रहे।

**बारिश के बावजूद छठ घाटों पर रहा उल्लास का माहौल**

दोपहर बाद कोन क्षेत्र में अचानक बारिश शुरू हो गई, लेकिन श्रद्धालुओं की आस्था इस बेमौसम बरसात पर भारी पड़ी। भीगते हुए ही व्रतियों ने तय समय पर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। मंगलवार सुबह सूर्योदय से पहले ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु नदी, पोखरा, तालाबों सहित विभिन्न घाटों पर पहुंच गए थे, जहां उन्होंने उगते सूर्य को जल अर्पित किया। वही स्थानीय पुलिस भी विभिन्न स्थानों समय-समय पर चक्रमण करते रहे। बतादें कि तालाबों और नदियों के घाटों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जहां भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। पूरे क्षेत्र में पारंपरिक भक्ति गीतों और छठ मइया के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। वहीँ समाजसेवी बिहारी प्रसाद यादव ने बड़ाप में बढ़ चढ़कर भाग लिया और उन्होंने छठी मईया से प्रार्थना किया कि सभी की कामनाएं पूरी हो।

इसी तरह कचनरवा में महापर्व छठ पूजा पर पर कांग्रेस कमेटी कचनरवा के न्याय पंचायत अध्यक्ष अखिलेश शर्मा ने व्रत रखकर परिवार की मंगलकामनाएं की। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष मदन गुप्ता एवं न्याय पंचायत कचनरवा के सभी कार्यकताओं ने शामिल होकर छठी मैया से प्रार्थना किया कि न्याय पंचायत अध्यक्ष की मनोकामना को पूर्ण करें।

# 501 कन्याओं व महिलाओं द्वारा निकाली गई पांच कोसी भव्य कलश यात्रा

- कन्याओं की हुई पूजा, रथ पर हुई सवार, डीजे की धुन पर थिरकते रहे साधु, संत, महंत व अन्य श्रद्धालु
- अयोध्या नंदीग्राम भरतकुंड से जल भरकर यज्ञ मंडप में रखा गया कलश
- 5 नवंबर को कन्याओं की शादी के साथ कार्यक्रम की होगी पूर्णाहुति
- प्रतिदिन चलने वाले विशाल भंडारा में श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**



सोनभद्र। नंदीग्राम भरतकुंड अयोध्या में मंगलवार को 501 कन्याओं व महिलाओं द्वारा भव्य पंचकोसी कलश यात्रा निकाली गई। कन्याओं की विधि विधान से पूजन- अर्चन के बाद उन्हें रथ पर बैठाया गया। डीजे की धुन पर साधु, संत, महंत व अन्य श्रद्धालु थिरकते रहे। भरतकुंड से जलभरकर कलश को यज्ञ मंडप में रखा गया है। बुधवार को सुबह कलश स्थापना, अग्निमंथन के साथ ही पंचकुंडीय विराट रुद्र महायज्ञ शुरू हो जाएगी, जो 5 नवंबर को कन्याओं की शादी के साथ संपन्न होगी। प्रकृति रक्षा के लिए 251 जड़ी बूटियों से निर्मित हवन सामग्री से प्रतिदिन आहुति दी जाएगी। प्रतिदिन चलने वाले विशाल भंडारा में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के यज्ञाध्यक्ष भिक्षुक भिखारी जंगली दास दीनबंधु रमाशंकर गिरी जी महाराज ने बताया कि मणिराम छावनी रामजन्मभूमि अयोध्या के महंत कमल नयन दास जी महाराज के आशीर्वाद से पंचकुंडीय विराट रूद्र महायज्ञ एवं कन्याओं का शुभ विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। 501 कन्याओं व महिलाओं द्वारा भव्य पंचकोसी कलश यात्रा निकाली गई। भरतकुंड से जल लेकर यज्ञ मंडपम कलश रखा गया है। बुधवार को सुबह कलश स्थापना, अग्नि मंथन के साथ ही पंचकुंडीय विराट रूद्र महायज्ञ शुरू हो जाएगी। आचार्यगण गोपालधर द्विवेदी, राजेश कुमार पाठक, हरिओम द्विवेदी, राजेश तिवारी, रेवती तिवारी, रामपूजन मिश्र , योगेश त्रिपाठी समेत अन्य आचार्यगण द्वारा विराट रूद्र महायज्ञ एवं अन्य कार्यक्रम संपन्न कराया जाएगा। प्रकृति रक्षा के लिए 251 जड़ी बूटियों से निर्मित हवन सामग्री से प्रतिदिन आहुति दी जाएगी। श्रद्धालुओं के लिए प्रतिदिन चलने वाले विशाल भंडारा में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने यह भी बताया कि कन्याओं की शादी 5 नवंबर को होगी। भिखारी बाबा ने कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का आग्रह किया है। कलश यात्रा में महंत परमात्मा दास जी महाराज, चन्द्रबली जी महाराज, संपूणानंद जी, शुभराम महाराज, राजेंद्र महाराज, राम खेलावन, राजेश आदि शामिल रहे।

# कुड़वा में ग्रामीणों ने फिर किया प्रदर्शन, नाबालिक बच्चों से कार्य कराने का आरोप, सफाई कर्मी बना मूकदर्शक

छठ पर्व पर पानी दूषित करने का आरोप, ग्रामीणों ने किया संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**




कोन/ सोनभद्र। विकास खण्ड कोन अंतर्गत ग्राम पंचायत कुड़वा में सफाई को लेकर ग्रामीणों ने बीते दिनों किया था प्रदर्शन जो खबर कई सामाचार पत्रों की सुर्खियां बनी थी। खबर को संज्ञान में लेते हुए खण्ड विकास अधिकारी डॉ जितेंद्र नाथ द्विवेदी ने तत्काल सफाई कराने का आदेश संबंधित को दिया था जिसकी लोगों ने भूरि भूरि प्रशंसा की। जिसके क्रम में रविवार को सफाई कर्मी ओम प्रकाश कनौजिया कचरा वाहन लेकर मौके पर पहुंचा जहाँ देखा गया कि नाबालिक बच्चे कचरा उठा रहे हैं और सफाई कर्मी मूकदर्शक बनकर तमाशा देख रहा है जो फोटो में साफ तौर पर देखा जा सकता है जबकि बाल अधिकार संरक्षण अधिनियम 2005 के तहत नाबालिक बच्चों से कार्य कराना पूर्णता वर्जित है। जो कि जिम्मेदारों द्वारा बाल अधिकार अधिनियम को ठेंगा दिखाते हुए नाबालिक बच्चों से कार्य कराया गया। सबसे बड़ा सवाल है कि सफाईकर्मियों को सफाई करने में परहेज क्यों ? जबकि उनकी नियुक्ति सफाई करने के लिए किया गया। जिसके क्रम में ग्रामीण श्रवण यादव, जग्गू, विजय, सोमारु, राधेश्याम आदि ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि आखिर किसके आदेश पर सफाईकर्मी ओम प्रकाश द्वारा नाबालिक बच्चों से कार्य कराया गया है और कचरा पांडु नदी में फेका गया जहाँ लोग प्रतिवर्ष सैकड़ों की संख्या में छठ पूजा करते हैं। जबकि लाखों की लागत से कचरा संग्रह भवन बनाया गया है जो कचरा के अभाव में धूल फांक रहा है। बतादें कि सबसे महत्व पूर्ण हिंदुओ का प्रमुख त्यौहार छठ पूजा है और वहाँ लोग सैकड़ों की संख्या में व्रतधारी पूजा करते हैं जिसे सफाई कर्मी व जिम्मेदारों द्वारा पानी दूषित व घोर अपमान किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि नाबालिक बच्चे क्रमशः गोपाल पुत्र गुन्जु उर्फ लालमणि चेरो, लवकुश पुत्र रामसेवक चेरो, राकेश पुत्र विजय शंकर चेरो उम्र लगभग सभी 8 से 10 वर्ष ग्राम पंचायत कुड़वा टोला - तुमियां, विकास खण्ड व थाना - कोन के निवासी हैं जिसमे स्कूली बच्चे भी सम्मिलित हैं जिन्हें 100 रुपये का लालच देकर देर शाम तक कार्य कराया गया जो घोर अपराध है। अब देखना दिलचस्प होगा कि संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा कौन सी कार्यवाही की जाती है या सरकारी फाईलों में दबकर रह जायेगा। जिसके क्रम में मंगलवार तड़के समाजसेवी गंगा प्रसाद यादव के अगुवाई में दोषी सफाईकर्मी व संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए तुमियाँ चौराहे पर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में मुख्य रूप से रामेश्वर चेरो, सोमारु चेरो, राधेश्याम सहित रीना देवी, कमला देवी शामिल रहे। इस बावत एडीओ (पंचायत ) सुनील पाल ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# ओबरा छठ घाट पर मिशन शक्तिह्व का जनजागरण अभियान - महिलाओं व बालिकाओं को किया गया जागरूक

सशक्त नारी — सुरक्षित समाज के संदेश के साथ पुलिस की जनसहभागिता पहल

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**



ओबरा/ सोनभद्र। छठ पर्व के अवसर पर महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान के तहत ओबरा छठ घाट पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व मिशन शक्ति की नोडल अधिकारी डॉ० चारु द्विवेदी द्वारा किया गया, जिन्होंने मिशन टीम के साथ घाट पर पूजा-अर्चना के लिए आयी महिलाओं व बालिकाओं से संवाद स्थापित किया और उन्हें महिला सुरक्षा, साइबर अपराध से बचाव, तथा सरकारी हेल्पलाइन सेवाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को सूचनात्मक पम्पलेट वितरित किये गये, जिनमें महिला हेल्पलाइन 1090 महिला सहायता नंबर 181 आपातकालीन सेवा 112 साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 जैसे महत्वपूर्ण नम्बरों का विवरण अंकित था। डॉ० चारु द्विवेदी ने उपस्थित महिलाओं से अपील की कि वे इन हेल्पलाइन सेवाओं का सक्रिय रूप से उपयोग करें और किसी भी प्रकार की असुविधा या अपराध की स्थिति में तत्परता से पुलिस से सम्पर्क करें। उन्होंने कहा कि– महिलाओं की सजगता ही समाज की सशक्तता का मूल है। प्रत्येक नारी को अपनी सुरक्षा के अधिकारों की जानकारी होनी चाहिए। मिशन टीम द्वारा उपस्थित महिलाओं को साइबर अपराधों से बचाव के उपाय भी बताए गये – जैसे कि अज्ञात लिंक पर क्लिक न करना, ओटीपी या बैंक विवरण साझा न करना, और संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधियों की तुरंत रिपोर्ट करना। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा दिए गए निदेर्शों के क्रम में यह अभियान निरंतर जारी रहेगा, ताकि जनपद के प्रत्येक महिला व बालिका तक सुरक्षा और आत्मरक्षा का संदेश पहुँच सके।

# बभनी पुलिस की त्वरित कार्रवाई – युवती से जबरन गलत कार्य करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**सुभाष चंद्र यादव/ समाज जागरण**

सोनभद्र। थाना बभनी क्षेत्रान्तर्गत एक युवती के साथ जबरन गलत कार्य किए जाने के सम्बन्ध में थाना बभनी पर प्राप्त तहरीर के आधार पर दिनांक 25.10.2025 को थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 154/2025, धारा 64(1) भारतीय न्याय संहिता (BNS) में अभियोग पंजीकृत किया गया था। वादिनी द्वारा आरोप लगाया गया था कि दिनांक 24.10.2025 की रात्रि लगभग 11.00 बजे जब वह पड़ोसी के घर से छठी के कार्यक्रम से वापस अपने घर लौट रही थी, तभी ग्राम अरझट निवासी राजकुमार उर्फ सुनील कुमार पुत्र सीताराम द्वारा उसका हाथ पकड़कर पास के खेत में ले जाकर जबरन गलत कार्य किया गया। प्रकरण के संज्ञान में आने के पश्चात पुलिस अधीक्षक सोनभद्र श्री अभिषेक वर्मा के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन)

सोनभद्र एवं क्षेत्राधिकारी दुद्धी सोनभद्र के कुशल पर्यवेक्षण में थाना बभनी पुलिस की सक्रिय टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए

आज दिनांक -27.10.2025 को प्रातः 07:05 बजे अभियुक्त राजकुमार उर्फ सुनील कुमार को अरझट मोड़ से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है।

# ओबरा में भक्तिभाव से निकाली गई खाटू नरेश की निशान यात्रा

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**





ओबरा/ सोनभद्र। श्री श्याम प्यारे मंडल के तत्वाधान में श्री राम लीला मैदान मेन बाजार में बुधवार को होने वाले चतुर्थ श्री श्याम मोहत्सव के लिए आज सीएम निशान यात्रा निकाली गई, निशान यात्रा चोपन रोड से प्रारंभ होकर हनुमान मंदिर होते हुए श्री राम मंदिर प्रांगण में सम्पन्न हुई, यात्रा के द्वारा श्री निशान हाथों में लेकर सैकड़ों की संख्या में महिला और पुरुष श्याम भजनों पर नाचते रहे, यात्रा के रस्ते में कई जगह लोगो द्वारा जलपान की व्यस्था की गई, श्री श्याम प्यारे मंडल के सदस्यों ने बताया कि बुधवार को श्याम बाबा का भव्य दरबार सजेगा और पहली बार तोरण द्वार का भी भक्त लोग दर्शन करेंगे, श्री श्याम महोत्सव में देश के सुप्रसिद्ध गायकों द्वारा श्री श्याम का गुणगान करके उन्हें मनाएंगे साथ में ही बाबा को छप्पन भोग और श्याम रसोई में प्रसाद ग्रहण करेंगे।

यात्रा में सौरभ अग्रवाल, जगमन्दर जिंदल, आनंद सिंघल, नवनीत अग्रवाल, कृष्ण कुमार बंसल, दिवाकर अग्रवाल, गोविंद अग्रहरि, किशोरी लाल बंसल, बंशी लाल गर्ग, सुखनंदन चौरसिया, विकास सिंह, आनंद जायसवाल, अमित गुप्ता, विजय सिंह, ममता बंसल, नेहा गर्ग, दीपिका जैन, ज्योति गोयल, निशा मित्तल, नेहा गोयल, उषा जिंदल सहित सैकड़ों श्याम प्रेमी मौजूद रहे।

# कलयुगी मां ने नवजात का मुंह बांध कर मारकुंडी पहाड़ी घाटी में फेंका, मचा हड़कंप

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**

सोनभद्र। राबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के मारकुंडी घाटी सोन इको प्वाइंट के समीप मंगलवार की सुबह एक नवजात बच्ची के झाड़ियों में रोने की आवाज सुनने पर इलाके में हड़कंप मच गया। आस-पास के लोगों ने नवजात बच्ची का लाल कपडे से लपेटा देखा। यह मामला सुन स्थानीय मारकुंडी बाजार के लोग मौके पर पहुंच गये। मौजूद लोगों ने पीआरपी 112 को सूचना दी। मौके पर पहुंची 112 पीआरपी ने तत्काल नवजात बच्ची को अपने कब्जे में लेकर मेडिकल कॉलेज के चिल्ड्रेन हॉस्पीटल में भर्ती कराया। जहां नवजात बच्ची का उपचार जारी है और वह पुरी तरह से स्वस्थ बतायी जा रही है। यह घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना है लोग कलयुगी मां को उसके करतूत पर जमकर कोस रहे है। वही शिशु मिलने की बात पर सीओ सीटी रणधीर कुमार मिश्रा ने बताया सुबह 8:30 बजे पिआरबी को एक सूचना प्राप्त हुई कि लोढ़ी टोल प्लाजा के आगे इको पॉइंट की पहाड़ी पर एक शिशु पड़ा हुआ है, जो जीवित है।

इस सूचना पर पिआरबी द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर तत्काल इसकी सूचना प्रभारी निरीक्षक रॉबर्ट्सगंज को दी, प्रभारी निरिक्षण रॉबर्ट्सगंज सवेंदनाओ के साथ एम्बुलेंस लेकर मौके पर पहुंचे तथा एम्बुलेंस से लेकर शिशु को ट्रामा सेंटर मेडिकल कॉलेज लाया गया। जहां पर चाइल्ड केयर की देखरेख में शिशु का इलाज चल रहा है, उसकी स्थित सामान्य है।

# सरदार वल्लभ भाई पटेल के 150वीं जयंती मनाये जाने को लेकर बनीं रूपरेखा

**समाज जागरण**



दुद्धी/ सोनभद्र। स्थानीय कस्बा के पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में सरदार वल्लभभाई पटेल के 150 वीं जयंती विधानसभा स्तर मनाये जाने को लेकर एक बैठक आहुत की गई बैठक की अध्यक्षता भाजपा नेता श्रवण सिंह गौड के द्वारा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद नागेंद्र कुशवाहा एवं पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक मिश्रा उपस्थित रहे। बैठक के दौरान उनकी जयंती मनाई जाने को लेकर कार्यक्रम पर चर्चा की गई जिसमें रन फॉर यूनिटी के तहत 1 नवंबर से 15 नवंबर तक चलने वाले कार्यक्रम के तहत 11 नवंबर को दुद्धी विधानसभा स्तर पर 8 किलोमीटर यात्रा निकाली जाएगी जिसमें भाजपा कार्यकताओं को प्रमुख जिम्मेदारी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सौंपी गई।

इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश मोहन जिला पंचायत सदस्य सुषमा गौड, मोहन गुप्ता, सुरेंद्र अग्रहरि दिलीप पांडे, संजू तिवारी, दीवान सिंह गौड़, धर्मेंद्र पाल, मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र चौधरी राकेश गुप्ता मनीष जायसवाल, भोलू जायसवाल मोनू सिंह, जितेंद्र चंद्रवंशी, रवि सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान के लिए सोनभद्र पुलिस की पहल

मिशन शक्ति अभियान महिलाओं को जागरूक और सशक्त बना रही पुलिस

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**



सोनभद्र। उत्तर प्रदेश शासन के निदेर्शानुसार मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत जनपद सोनभद्र पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान तथा आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जनपद के सभी थानों पर महिला हेल्पडेस्कों को सक्रिय किया गया है। महिला शिकायतकताओं की समस्याओं को प्राथमिकता से सुना जा रहा है एवं त्वरित निस्तारण कराया जा रहा है। महिला बीट अधिकारियों द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर जाकर जागरूकता गोष्ठियाँ आयोजित की गईं, जिसमें छात्राओं एवं महिलाओं को साइबर अपराध से बचाव, महिला हेल्पलाइन 1090, 181, 1930, 112 एवं अन्य सुरक्षा संसाधनों की जानकारी दी गई। अपर पुलिस अधीक्षक/ क्षेत्राधिका रीगण द्वारा मिशन शक्ति की गतिविधियों का निरीक्षण एवं मूल्यांकन किया गया तथा थानाध्यक्षों को निर्देशित किया गया कि महिला संबंधी शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई एवं संवेदनशील व्यवहार सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, महिला पुलिसकर्मियों की उपस्थिति में थाना स्तर पर संवाद कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, आत्मरक्षा उपायों एवं सरकारी योजनाओं से अवगत कराया गया।

जनपद पुलिस का यह अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगा, ताकि प्रत्येक महिला व बालिका अपने को सुरक्षित, सम्मानित और सशक्त महसूस कर सके।

# थाना चोपन पुलिस ने दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट प्रकरण में वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**



चोपन/ सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर कुमार मिश्रा के पर्यवेक्षण में महिला उत्पीड़न सम्बन्धी अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना चोपन पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। थाना चोपन पुलिस द्वारा थाना चोपन पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 388/2025, धारा64(2)f, 65(1) BNS, 3/4(ii), 5J(ii)/6, 5n/6 पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त रमेश पुत्र गुलाब निवासी कोटा खास, थाना चोपन, जनपद सोनभद्र (उम्र करीब 37 वर्ष) को आज दिनांक 28.10.2025 को समय लगभग 10.45 बजे, नोटौलिया मोड़, ग्राम तेलगुड़वा, थाना चोपन क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत विशेष चेकिंग अभियान में कुल 179 चालान

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**



सोनभद्र। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु संचालित "मिशन शक्ति फेज 5.0" के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के आदेशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार के निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी यातायात डा0 चारू द्विवेदी (नोडल अधिकारी-मिशन शक्ति) के नेतृत्व में जनपदीय यातायात पुलिस द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के साथ-साथ सड़क सुरक्षा नियमों के पालन हेतु सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। चलाए गए अभियान के दौरान निम्नलिखित उल्लंघनों पर कुल 179 चालान किए गए।

पुलिस आमजन से अपील करती है कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें एवं महिला सुरक्षा को प्राथमिकता दें।

# नबीनगर में छठ महापर्व का समापन, उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर व्रतियों ने किया पारण



**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नबीनगर में लोक आस्था, श्रद्धा और सूर्योपासना के महापर्व छठ का समापन मंगलवार की सुबह बड़े ही श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। चार दिनों तक चले इस पर्व में अंतिम दिन व्रतियों ने उगते हुए सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर अपने व्रत का समापन किया।सुबह जैसे ही सूर्य की लालिमा क्षितिज पर फैली, वैसे ही घाटों पर उपस्थित हजारों श्रद्धालुओं ने "छठी मइया के जयकारे" और भगवान भास्कर का जयकारे के साथ अर्घ्य अर्पित किया। शहरी एवं ग्रामीण इलाकों के सभी घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सजी-धजी, पूजा की डलिया लिए गीत गुनगुनाते हुए घाटों की ओर जाती नजर आईं।सूर्यदेव को अर्घ्य देने के बाद व्रतियों ने प्रसाद ग्रहण कर 36 घंटे के निर्जला उपवास का पारण किया। इसके साथ ही चार दिवसीय महापर्व छठ का समापन हुआ।छठ घाटों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। नगर पंचायत, पुलिस प्रशासन और स्थानीय स्वयंसेवी संगठनों की टीम पूरी तरह मुस्तैद रही। जगह-जगह साफ-सफाई और रोशनी की समुचित व्यवस्था देखी गई।व्रती महिलाओं ने बताया कि छठ पूजा केवल एक पर्व नहीं, बल्कि जीवन में अनुशासन, पवित्रता और प्रकृति के प्रति आभार का प्रतीक है। स्थानीय श्रद्धालु राजकुमार, अनील कुमार सहित कई लोगों ने बताया कि छठ मइया से हर वर्ष हम परिवार की सुख-शांति और समृद्धि की कामना करते हैं।इस बार भी मां से यही प्रार्थना की कि सबका जीवन खुशियों से भरा रहे।

# नबीनगर में छठ महापर्व पर भव्यआयोजन: सांसद और विधायक ने किया उद्घाटन



**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)नबीनगर नगर पंचायत क्षेत्र के पंचदेव धाम पुनपुन छठ घाट पर छठ महापर्व के अवसर पर भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन शिवहर सांसद लवली आनंद, आनंद मोहन सिंह, विधायक विजय कुमार सिंह और अन्य गणमान्य लोगों ने किया।सांसद लवली आनंद ने कहा कि भक्ति में अपार शक्ति है और पूजा अर्चना से मन को शांति मिलती है।आनंद मोहन सिंह ने कहा कि छठ महापर्व भारतीय संस्कृति, लोक आस्था और सूर्योपासना का अद्वितीय संगम है। नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी किशोर भारती ने शहर की सड़कों की चौड़ीकरण और चिल्ड्रेन पार्क की व्यवस्था करने की बात कही।कार्यक्रम में गायक द्वारा भक्ति गीत गाए गए और श्रद्धालुओं ने देर रात तक आनंद उठाया। अध्यक्ष प्रतिनिधि विपिन कुमार सिंह,नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी किशोर भारती,नगर पंचायत उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार रजक, समिति सचिव प्रदीप कुमार सिंह, संरक्षक डॉ अशोक कुमार, कोषाध्यक्ष विकास कुमार, प्रोफेसर सुनील बोस सहित अन्य गणमान्य मौजूद थे।

# धुन्धुआ महोत्सव में झूमे लोग: सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां



**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)नबीनगर प्रखंड के धुन्धुआ गांव में कला संस्कृति एवं युवा विभाग बिहार सरकार तथा जिला प्रशासन द्वारा एक दिवसीय धुन्धुआ महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर गांव में उत्सव का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल जीत लिया।तान्या मौआर, सृष्टि लक्ष्मी, सौरभ कुमार, जय किशन कुमार, और धर्मेंद्र धड़कन जैसे कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीत-संगीत और नृत्य प्रस्तुत किया।ग्रामीणों ने कहा कि इस तरह के महोत्सव से न केवल स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा मिलता है, बल्कि युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर भी प्राप्त होता है।कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राज नारायण राय,पुलिस निरीक्षक सूरज कुमार, एनटीपीसी खैरा थानाध्यक्ष परमजीत कुमार मंडल,केरका पंचायत मुखिया रीता देवी,केरका पंचायत पैक्स अध्यक्ष वीरेंद्र मेहता,शिक्षक संघ प्रदेश सचिव धनंजय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।कार्यक्रम का समापन देशभक्ति गीत और सामूहिक नृत्य प्रस्तुति के साथ हुआ, जिसके बाद पूरे क्षेत्र में उत्सव का उल्लास बना रहा।

# कोल्हान के युवा झामुमो नेता प्रवीण कुमार का तीखा बयान – स्टेशन में छठ गीत बजाना बताया 'सस्ता राजनीतिक स्टंट'

**संवाददाता परमबीर पात्रों समाज जागरण**

कोल्हान के युवा झामुमो नेता प्रवीण कुमार ने रेलवे स्टेशनों पर छठ पर्व के गाने बजाए जाने को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि यह कदम झारखंड की भावना के साथ खिलवाड़ है और बिहारियों के चंद वोट लेने के लिए मोदी सरकार का सस्ता राजनीतिक स्टंट है।



प्रवीण कुमार ने कहा, बिहार के किसी भी स्टेशन में झारखंडी गाना नहीं बजता, फिर झारखंड के स्टेशनों पर बिहारी गाना क्यों? यह स्वीकार योग्य नहीं है। छठ गीत चाहे जहाँ भी बजे, किसी को ऐतराज नहीं, पर जनता के पैसे से वोट की राजनीति करना गलत है।

उन्होंने सवाल उठाया कि जब राष्ट्रीय पर्व आते हैं, तब देशभक्ति गीत क्यों नहीं बजाए जाते। हसरकार को चाहिए कि ट्रेनों की देरी सुधारे, बोगियां बढ़ाए, यात्रियों की सुविधा पर खर्च करे – लेकिन यह सरकार जनता के पैसे से भावनाओं को भड़काने में लगी है, उन्होंने कहा।

झामुमो नेता ने आगे कहा कि जमशेदपुर जैसे औद्योगिक शहर में अब "कल का आया बिहारी" भी टाटा लीज की जमीन में मालिकाना हक खोज रहा है। अगर यह राजनीति ऐसे ही चली, तो कल को यही लोग बोलेंगे कि स्टेशन भी हमारा है, मालिकाना हक दो, उन्होंने व्यंग्यपूर्ण टिप्पणी की।

प्रवीण कुमार के इस बयान के बाद स्थानीय राजनीतिक हलकों में हलचल तेज हो गई है। कई सामाजिक संगठनों ने भी इस मुद्दे पर रेलवे और केंद्र सरकार से स्पष्ट नीति की मांग की है, ताकि झारखंड की सांस्कृतिक पहचान पर बाहरी हस्तक्षेप न हो।

# छठ के लोकगीतो से गुंजायमान हुआ पूरा क्षेत्र, उदीयमान सूर्य देव और छठी मैया को अर्घ्य देने के साथ सम्पन्न हुआ चार दिवसीय छठ महापर्व

**भुनेश्वर कुमार महातो, संवाददाता – समाज जागरण**

बेरमो / डुमरी : बेरमो अनुमण्डल व डुमरी विधानसभा के विभिन्न छठ घाटों में सोमवार को सूर्यास्त डूबते हुए एवं मंगलवार को सूर्योदय उगते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया गया। छठ पर्व के अवसर पर क्षेत्र के तालाब छठ घाट में छठव्रतियों एवं श्रद्धालु भक्तों ने अर्घ्य दिया। छठ महापर्व पर बेरमो अनुमण्डल क्षेत्र के ऊपरघाट जीप सदस्य प्रतिनिधि टिकैत कुमार महतो, डुमरी विधानसभा क्षेत्र के आजसू महिला नेत्री यशोदा देवी ने अपने परिवार के साथ छठ घाट में पहली बार अर्घ्य देकर क्षेत्रवासियों एवं अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। महापर्व छठ को लेकर में पूरा वातावरण छठ के गीतों से गूंज उठा, लोगों में छठ को लेकर आस्था और भक्तिभाव का माहौल दिखा, मंगलवार को छठ के अंतिम दिन छठ व्रतियों ने उदीयमान सूर्य देवता और छठी मैया को अर्घ्य दिया, इसके साथ ही चार दिवसीय महापर्व छठ का समापन हो गया। मंगलवार सुबह पौ फटने से छठ व्रती क्षेत्र के अलग-अलग तालाबों, छठ घाटों पर सिर पर छठ का डाला लेकर पहुंचे और सूर्योदय के समय उगते हुए सूर्य भगवान को उन्होंने दूध और जल से अर्घ्य दिया। इस दौरान चौक-चौराहों पर छठ गीतों के गुंजायमान से माहौल भक्तिमय रहा, इसके अलावा बेरमो अनुमण्डल क्षेत्र व डुमरी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ छठ पर्व मनाया गया। छठ पर्व में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाता है, यह त्योहार प्रकृति से जुड़ा हुआ है। जिसको लेकर क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों और ग्रामीण इलाकों के छठ घाटों में भारी संख्या में सूर्योदय से पहले व्रतियों की भीड़ जुटी, और इस दौरान सभी व्रतियों ने उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया। चार दिवसीय लोक आस्था के महापर्व छठ के अंतिम और चौथे दिन 28 अक्टूबर 2025, मंगलवार को उदीयमान सूर्य और छठी मैया को अर्घ्य देने के साथ ही इस महापर्व का समापन हो गया। इसके साथ ही 36 घंटे का निर्जला व्रत मंगलवार को संपन्न हो गया। आस्था के



महापर्व को लेकर व्रतियों में आस्था और उत्साह एक साथ देखने को मिला। लालिमा बिखरते सृष्टि के प्रत्यक्ष देव भगवान सूर्य जब उदय होना शुरू होते ही छठव्रतियों ने फल से भरे डाला लेकर भगवान सूर्य और छठ मैया को अर्घ्य दिया। इस दौरान व्रतियों ने अपने परिवार की सुख समृद्धि और निरोगी काया का आशीर्वाद और संतान के बेहतर स्वास्थ्य, लंबी उम्र और जीवन में नई ऊर्जा के लिए कामना की। सूर्य देव और छठी मैया को अर्घ्य देने के दौरान व्रतियों ने भक्तों की भीड़ को सिंदूर का तिलक लगाया और उनका आशीर्वाद लिया और महापर्व का प्रसाद ठेकुआ देकर लोगों को आशीर्वाद दिया। बता दे कि छठ पूजा भारत की पवित्र और प्रमुख त्योहारों में से एक हैं, जिसे पूरे हर्षोल्लास एवं आस्था के साथ मनाया जाता हैं, यह पर्व सूर्य देव का आराधना का पर्व है, यह पर्व विधि पूर्वक मानने से पुत्र प्राप्ति एवं इच्छाओं की मनोकामना पूरी होती है। छठ केवल एक पूजा नहीं जीवन की शुद्धता, श्रद्धा और शक्ति का संगम है, जिससे हमे एक नई रोशनी, नई उम्मीद और नई ऊर्जा मिलती है।

# पटना में शांतिपूर्ण संपन्न हुआ लोक आस्था का महापर्व छठ

## प्रशासन की सतर्क निगरानी में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ लोक आस्था और श्रद्धा के महापर्व छठ का समापन सोमवार की शाम अस्ताचलगामी और मंगलवार की सुबह उदयाचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। इस दौरान पटना, पालीगंज, फुलवारी शरीफ और आसपास के ग्रामीण इलाकों के नदी, तालाब, पोखरों और नहरों पर श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ पड़ी। चारों ओर छठी मइया के गीतों की मधुर गूंज और भक्ति की भावना से वातावरण आस्था से सराबोर हो गया। घाटों पर भगवान भास्कर की पूजा-अर्चना बड़े ही विधि-विधान से की गई। व्रतियों ने अपने परिवार के सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हुए सूर्य भगवान को अर्घ्य दिया। घाटों को आकर्षक फूलों, केले के थम्भों और रंगीन लाइटों से सजाया गया था। कई स्थानों पर भगवान भास्कर की प्रतिमा स्थापित कर विशेष पूजा का आयोजन हुआ। पटना के जगदेव पथ स्थित बीएमपी तालाब, पालीगंज के दुल्हिन बाजार स्थित प्रसिद्ध उलार्क सूर्य मंदिर स्थित तालाब, निरखपुर स्थित लोआई नदी घाट, समदा व सिगोड़ी मठिया स्थित पुनपुन नदी घाट, महाबलीपुर सोन नदी घाट, मिल्की स्थित नहर घाट, मसौढ़ी स्थित आहर घाट, फुलवारी शरीफ के शिव मंदिर घाट, करोड़ीचक गणेश तालाब, बहादुरपुर सूर्य मंदिर घाट, गोणपुरा सूर्य मंदिर घाट, खगौल लख स्थित बड़ी सोन नहर छठ घाट, अनिसाबाद मानिकचंद तालाब, बजरंगबली कॉलोनी घाट, कुरकुरी पोखरा, परसा, बेउर, सिपारा, रामकृष्ण नगर, खेमनीचक, जगनपुरा, अनिसाबाद, जानीपुर, सकरैचा, धरायचक, राजघाट नवादा, भुसौला, दानापुर, पुनपुन नदी तट घाट, सकरैचा गन्नीपुर बांग्ला पर, संपतचक के भोगीपुर चकपुल स्थित रॉकी मुखिया का तालाब, शाहपुर ब्रह्मपुर तालाब,



बैरिया सूर्य मंदिर घाट, इलाहीबाग, तारनपुर कंडाप, कोली कमरजी, लंका कछुआरा, गौरीचक बेलदारीचक, पुनपुन नदी, दरधा नदी सहित ग्रामीण क्षेत्रों के आहार, पैन, तालाब और पोखरों पर व्रतियों की भारी भीड़ रही। इसके अलावे कई इलाकों में लोगों ने अस्थायी तालाबों एवं घर की छतों पर कृत्रिम सरोवर बनाकर भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया। श्रद्धालुओं ने छठी मइया से सुख, समृद्धि, संतान की दीघार्यु और परिवार की मंगल कामना की। पूजा के दौरान प्रशासन ने पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की थी। प्रमुख घाटों पर भारी संख्या में पुलिस बल, बीएमपी और सैप जवानों की तैनाती रही। अधिकारी लगातार इलाके में गश्त करते नजर आए। पटना सिटी एसपी भानु प्रताप सिंह, पालीगंज एसडीओ गरिमा लोहिया, एसडीपीओ 1 राजीव चन्द्र सिंह, एसडीपीओ 2 पंकज कुमार, पटना सदर अनुमंडल पदाधिकारी गौरव कुमार, फुलवारी शरीफ डीएसपी सुशील कुमार, पटना सदर डीएसपी-2 रंजन कुमार, दुल्हिन बाजार सोनू कुमार, खिरिमोड थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार, पियरपुरा थानाध्यक्ष रंजन कुमार, फुलवारी शरीफ थाना अध्यक्ष मोहम्मद गुलाम शाहबाज आलम, गौरीचक थाना अध्यक्ष अमित कुमार, गोपालपुर थाना अध्यक्ष अमित कुमार, परसा बाजार थाना प्रभारी मेनका रानी, जानीपुर थाना अध्यक्ष नवीन कुमार सिंह, रामकृष्ण नगर थाना अध्यक्ष संजीव कुमार, बेउर थाना अध्यक्ष राजीव कुमार समेत कई थानाध्यक्ष, अंचल अधिकारी और प्रखंड विकास पदाधिकारी सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे।पूरे इलाकों में छठ पर्व के अवसर पर भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा। सूर्यास्त और सूर्योदय के समय घाटों पर ह्लकेलवा जे फरेला घवद से ओह पर सुगा मेड़रायह्न जैसे गीतों की गूंज ने माहौल को पूरी तरह भक्ति रस से भर दिया। लोक आस्था का यह महापर्व पूरी श्रद्धा, शांति और सामाजिक सौहार्द के साथ संपन्न हुआ।

# पटना में छठव्रती डूबा, परिजनों के बीच मचा हाहाकार

## बेटे की मन्नत पूरी करने आये पिता

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के सुप्रसिद्ध मनेर के हल्दी छपरा संगम स्थल पर छठ पूजा कर बेटे के मन्नत उतारने व अर्घ्यदान के लिए विक्रम से पहुंचे एक युवक गंगा नदी के तेज धारा में डूब कर लापता हो गया। इसके बाद घाट पर ही छठ पर्व का माहौल पूरी तरह से मातम में पसर गया। घटना को लेकर संगम पर मौजूद सभी छठ व्रती काफी दुख जताते दिखे। युवक के डूबने के बाद बेटा बेटी पत्नी समेत मां रोती बिलखती हुई नजर आई। वही गंगा नदी में डूब कर लापता हुए युवक की माँ छठी मैया से अपने बेटे की सकुशलता गंगा नदी में मिलने की रो-रो कर गुहार रही। हालांकि स्थानीय लोगों ने स्थानीय प्रशासन के द्वारा लापरवाही बढ़ाने का आरोप लगाते रहे। लोगों ने कहा कि खतरनाक घाटों पर प्रशासन को बांस बल्ले से बार्केटिंग कर देनी चाहिए थी। जिससे बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को इसकी पूरी तरह से जानकारी रहती। यह घटना जानकारी के अभाव और प्रशासन की लापरवाही के वजह से हुई है। बताया जाता है कि विक्रम प्रखंड के गोविंदपुर के रहने वाले कुणाल किशोर छठव्रत कर मां पत्नी और दोनों बच्चों के साथ मनेर के गंगा घाट पर अर्धदान के लिए आए हुए थे। कुणाल किशोर ने काफी मन्नत मुराद से जन्मे बेटे की मन्नत उतारने गंगा घाट मनेर के हल्दी छपरा संगम पर आए हुए थे। हल्दी छपरा संगम घाट पर अपने दोनों बच्चों और मां को अर्धदान देने के बाद गंगा नदी से बाहर निकाल कर सुरक्षित स्थान पर भेज दिया था। जैसे ही वह बाहर निकालने के लिए निकले तो फिसल कर गंगा नदी के गहरे पानी में डूब कर लापता होगा। इस घटना को लेकर स्थानीय लोगों ने बचाने का प्रयास किया लेकिन गंगा नदी में काफी गहराई होने के कारण उसे बचाया नहीं जा सका। इस घटना को लेकर नदी में डूबे छठव्रती युवक के बच्चे और मां समेत पत्नी रोने बिलखने लगी। इसके बाद घाट आसपास में अर्घ्यदान देने वाले छठव्रतियों की भीड़ लग गयी। मौजूद लोगों ने कहा कि गंगा के कटाव को रोकने के लिए लगाए गए जिओ बैग के पास स्थानीय प्रशासन की ओर से बांस बल्ले की बार्केटिंग व खतरनाक घाट की निशानी नहीं लगाई गई थी। बाहर से आने वाले छठ व्रती को किसी तरह का पता नहीं चल रहा था। प्रशासन के लापरवाही की वजह से सभी लोग खतरनाक घाट पर ही पूजा करते हुए भगवान भास्कर को अर्धदान दे रहे थे। जिसके कारण यह घटना हुई।



# छठ महापर्व में स्नान के दौरान डूबने से एक युवक की मौत

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) छठ महापर्व के दौरान नवीनगर प्रखंड में एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें तालाब मे स्नान करने के दौरान एक युवक की तालाब में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान मुन्ना साव (30 वर्ष) के रूप में हुई है, जो अन्कोरहा गांव का निवासी था। वह छठ व्रत के लिए अर्घ्य देने की तैयारी के दौरान तालाब में स्नान कर रहा था, तभी वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया।



स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी, जिन्होंने शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया। युवक की मौत से पूरे गांव में मातम छा गया है और परिवार के सदस्यों का रो-रो कर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मृतक के परिवार को मुआवजा देने की मांग की है और कहा कि छठ पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था की पुख्ता तैयारी की जानी चाहिए थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# छठ पूजा के दौरान डूबा युवक

## अर्ध सैनिक बल के जवानों ने बचाई जान

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ मंगलवार की सुबह छठ पूजा के दौरान पटना जिले के बरिया स्थित महावीर पोखर में बड़ा हादसा टल गया। यहां पूजा के दौरान एक युवक सौरव कुमार (27 वर्ष) अचानक तालाब में गिर गया और डूबने लगा। स्थानीय लोगों ने तुरंत उसे बाहर निकाला, लेकिन तब तक वह बेहोश हो चुका था और उसकी सांसें थम चुकी थीं। घटना के समय चुनाव ड्यूटी में तैनात 706 डी (72 बटालियन) की आठ सदस्यी अर्ध सैनिक बल की टीम और पुलिस बल को स्थिति की जानकारी मिलते ही जवानों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू किया। एक जवान ने बिना देरी किए युवक को कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) देना शुरू किया। लगातार प्रयासों के बाद युवक की नाड़ी वापस आई और उसे आंशिक रूप से होश आ गया। इसके बाद घायल युवक को बेहतर इलाज के लिए बैरिया स्थित सदर अस्पताल भेजा गया। पुलिस और अर्ध सैनिक बल के जवानों की त्वरित कार्रवाई और सतर्कता से युवक की जान बचाई जा सकी।स्थानीय लोगों ने अर्ध सैनिक बल और पुलिस की त्वरित तत्परता की सराहना करते हुए कहा कि यदि जवान समय पर नहीं पहुंचते तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। प्रशासन ने घटना के बाद घाटों पर सुरक्षा और सतर्कता बढ़ा दी है ताकि ऐसे हादसे दोबारा न हों।



# पटना के बिहटा में अर्घ्य से पहले बुझ गया घर का चिराग

## तालाब में डूबने से 13 वर्षीय किशोर की मौत

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के बिहटा थाना क्षेत्र के अल्हनपुर में सोमवार की सुबह तालाब में डूबने से एक किशोर की मौत हो गयी। जिसके बाद छठ की अर्घ्य की तैयारी चल रही घर मे मातम छा गई। जहां चारों ओर छठ गीत और ठेकुआ की खुशबू फैली थी, वहीं अचानक चीख-पुकार से पूरा माहौल गूंज उठा।। बिहटा के वार्ड संख्या 26 में स्थित अल्हनपुरा तालाब में सोमवार की सुबह नहाने के दौरान 13 वर्षीय अंकित कुमार की डूबने से मौत हो गई। सुबह करीब 9 बजे अंकित अपने दोस्तों के साथ तालाब पर नहाने गया था। घर में छठ की तैयारी जोरों पर थी मां माया देवी रसोई में ठेकुआ तल रही थीं, पिता पिंकू कुमार घाट सजाने में व्यस्त थे। दोनों ने अपने बेटे की लंबी उम्र के लिए व्रत रखा था। पर किसे पता था कि जिस सूर्य देवता को अर्घ्य देने की तैयारी हो रही थी, उसी के उदय से पहले उनका लाल सदा के लिए डूब जाएगा। लोगो ने बताया अंकित अपने माता के अर्घ्य देने के लिए घाट बनाने गया था। उसके बाद वह उसी तालाब में स्नान करने लगा। जिसके दौरान अंकित गहरे पानी में चला गया। वही मौजूद युवको ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन नाकाम रहा। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला और बिहटा के एक निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने अंकित को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पूरे इलाके में मातम छा गया। घर में जहां सुबह छठ गीत गूंज रहे थे, दोपहर तक वहां सिर्फ सिसकियों और चीत्कारों की आवाजें रह गई।अंकित की मां माया देवी बार-बार बेहोश होकर यही कहती रहीं हे छठी मइया, हमरा लाल के काहे छीन लिहलऽ...



घटना की जानकारी मिलने पर बिहटा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अंचलाधिकारी ने बताया कि प्रशासनिक प्रक्रिया पूरी होने के बाद मृतक के परिजनों को चार लाख रुपये का अनुग्रह अनुदान दिया जाएगा।

# उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर संपन्न हुआ महापर्व छठ

**पंकज कुमार पाठक,संवाददाता पदमा, समाज जागरण**

पदमा-लोक आस्था के चार दिवसीय महापर्व छठ का समापन मंगलवार की सुबह उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित करने के साथ श्रद्धा और



भक्ति के वातावरण में हुआ। पदमा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में भक्तों ने पूरे विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर व्रत का पारण किया।

प्रातःकालीन बेला में चौथे प्रहर से ही श्रद्धालुओं की भीड़ हाथों में सुप, फल और दूध लिए निकटवर्ती छठ घाटों की ओर रवाना होने लगी। घाटों पर ह्लछठ मइयाह्न के गीतों और भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।

महिलाओं ने निर्जला उपवास रखते हुए भगवान सूर्य और छठ मइया से परिवार की सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य और कल्याण की कामना की। श्रद्धालुओं ने नदी, तालाब और अन्यान्य जल स्रोतों में खड़े होकर उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया और पारण के साथ ही व्रत का समापन किया।

स्थानीय समाजसेवियों की ओर से छठ घाटों पर साफ-सफाई, सुरक्षा और प्रकाश की विशेष व्यवस्था की गई थी। महापर्व के शांतिपूर्ण और श्रद्धापूर्ण संपन्न होने पर श्रद्धालुओं ने संतोष और कृतज्ञता व्यक्त किया।

# विधायक सविता महतो शहरबेड़ा छठ घाट पहुंचकर हादसे पर जताया दुख

## प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर की संवेदना व्यक्त

**समाज जागरण, संवाददाता, बिकाश**

ईचागढ़ः शहरबेड़ा छठ घाट पर हुए दर्दनाक हादसे की खबर पर मंगलवार सुबह विधायक सविता महतो शहरबेड़ा छठ घाट पहुंचीं और घटना स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने हादसे में प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की तथा हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया। इस दौरान विधायक सविता महतो ने चांडिल के अनुमंडल पदाधिकारी विकास कुमार राय, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अरविंद कुमार बिन्हा, प्रखंड विकास पदाधिकारी तालेश्वर रविदास, अंचल अधिकारी प्रदीप महतो, चांडिल थाना प्रभारी डिलशन बीरुआ, चौका थाना प्रभारी बजरंग महतो को निर्देश दिया कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए समुचित उपाय किए जाएं। विधायक सविता महतो ने मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की और कहा कि प्रशासन व झारखंड सरकार पीड़ित परिवारों के साथ है। विधायक ने कहा कि पूरे झारखंड में लोक आस्था का महापर्व छठ शांतिपूर्ण तरिके से संपन्न हुआ, लेकिन शहरबेड़ा घाट पर हुई यह घटना बेहद पीड़ादायक है। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने सुरक्षा और सुविधा की दिशा में पूरी कोशिश की थी, इसके बावजूद यह दुखद घटना हुई, जो सभी के लिए मर्माहत करने वाली है। इस मौके पर झामुमो केंद्रीय सदस्य सह पूर्व जिला परिषद ओम प्रकाश लायेक, काबलू महतो, दिलीप महतो, शंकर लायेक, मिलन तंतुवाई, सरदीप नायेक आदि उपस्थित थे।



# प्रधानमंत्री 29 अक्टूबर को मुंबई का दौरा करेंगे

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 29 अक्टूबर 2025 को मुंबई का दौरा करेंगे और शाम लगभग 4:00 बजे, वे नेस्को एग्जिबिशन सेंटर, मुंबई में आयोजित इंडिया मैरीटाइम वीक 2025 में मैरीटाइम लीडर्स कॉन्क्लेव को संबोधित करेंगे और ग्लोबल मैरीटाइम सीईओ फोरम की अध्यक्षता करेंगे। इंडिया मैरीटाइम वीक 2025 का प्रमुख कार्यक्रम, ग्लोबल मैरीटाइम सीईओ फोरम, वैश्विक समुद्री कंपनियों के सीईओ, प्रमुख निवेशकों, नीति-निमार्ताओं, नवप्रवर्तकों और अंतर्राष्ट्रीय भागीदारों को वैश्विक समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र के भविष्य पर विचार-विमर्श करने के लिए एक साथ लाएगा। यह फोरम सतत समुद्री विकास, लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं, हरित नौवहन और समावेशी नीली अर्थव्यवस्था रणनीतियों पर संवाद के लिए एक प्रमुख मंच के रूप में कार्य करेगा।

प्रधानमंत्री की भागीदारी से समुद्री अमृत काल विजन 2047 के अनुरूप, एक महत्वाकांक्षी, भविष्योन्मुखी समुद्री परिवर्तन के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता का पता चलता है। चार रणनीतिक स्तंभों - बंदरगाह-आधारित विकास, नौवहन और जहाज निर्माण, निर्बाध लॉजिस्टिक और समुद्री कौशल निर्माण - पर आधारित इस दीर्घकालिक विजन का उद्देश्य भारत को दुनिया की अग्रणी समुद्री शक्तियों में स्थान दिलाना है। भारत इंडिया मैरीटाइम वीक 2025, इस विजन को क्रियान्वित करने के लिए भारत सरकार के प्रमुख वैश्विक मंच के रूप में कार्य करता है, जो नौवहन, बंदरगाहों, जहाज निर्माण, क्रूज पर्यटन और नीली अर्थव्यवस्था वित्त के प्रमुख हितधारकों को एक साथ लाता है।